फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 2 मार्च 2024
वर्ष-2, अंक-191, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एलिएंस के ठिकाने को लेकर वैज्ञानिकों की जगी उम्मीद 16

अंजना सिंह की प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू 2

## एक नजर

### यूपी के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का निधन

**भोपाल।** उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजीज कुरैशी का शुक्रवार को भोपाल के एक अस्पताल में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थे। कुरैशी की देखभाल करने वाले उनके भतीजे सूफियान अली ने कहा कि कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और सुबह करीब 11 बजे भोपाल के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। कुरैशी ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मिजोरम के राज्यपाल के तौर पर कार्य किया था। वह पहली बार 1972 में मध्य प्रदेश की सीहोर सीट से विधायक चुने गये थे और 1984 में लोकसभा सदस्य बने। कुरैशी अविवाहित थे। उनका अंतिम संस्कार आज शाम को किया जाएगा।

### पूर्व फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा रिंकी का निधन

**नई दिल्ली।** फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा रहीं रिंकी चकमा का शुक्रवार को यहां कैंसर से बहादुरी से लड़ने के बाद निधन हो गया। वह 28 वर्ष की थीं। फेमिना मिस इंडिया 2017 की फाइनलिस्ट रहीं रिंकी चकमा के निधन की आधिकारिक जानकारी फेमिना मिस इंडिया द्वारा एक्स पर एक तस्वीर और कैप्शन के साथ साझा की गई है। रिंकी को साल 2022 में एक घातक फाइलोड्स ट्यूमर (स्तन कैंसर) का पता चला था। शुरुआती दौर में सर्जरी के बावजूद कैंसर उनके फेफड़ों और उनके मस्तिष्क तक फैल गया, जिससे ब्रेन ट्यूमर हो गया। रिंकी को 22 फरवरी को गंभीर हालत में मैक्स अस्पताल साकेत में भर्ती कराया गया था, जहां उनका निधन हो गया।

### अनुराग अग्रवाल संसद सुरक्षा के प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी अनुराग अग्रवाल को संसद सुरक्षा का प्रमुख नियुक्त किया गया है। वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में महानिरीक्षक, असम-मेघालय कैडर के 1998-बैच के अधिकारी को तीन साल के लिए संयुक्त सचिव (सुरक्षा) नियुक्त किया गया है। अग्रवाल ऐसे समय में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे जब संसद में 13 दिसंबर को दो लोगों द्वारा दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूदने के बाद संसद भवन परिसर की सुरक्षा में व्यापक बदलाव किया जा रहा है। अग्रवाल की नियुक्ति का आदेश गुरुवार को लोकसभा सचिवालय ने जारी किया। तत्कालीन संयुक्त सचिव रघुबीर लाल के अपने कैडर में वापस जाने के बाद 20 अक्टूबर से जेएस (सुरक्षा) का पद खाली था।

### विधायकों की अयोग्यता पर 7 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के 10 जनवरी के फैसले को चुनौती देने वाली शिवसेना-उद्धव ठाकरे (यूबीटी) की याचिका पर सात मार्च को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यूबीटी गुट की ओर से शीघ्र सुनवाई करने की गुहार पर पीठ ने सहमति व्यक्त करते हुए मामले को सात मार्च के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

# तंबाकू कारोबारी के यहां आयकर छापे में मिली करोड़ों की कर चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **दिल्ली स्थित आवास से साढ़े चार करोड़ रुपये की नकदी जब्त**

**अमृत विचार :** तंबाकू बनाने वाली फर्म वंशीधर श्रीराम के ठिकानों पर शुक्रवार को भी आयकर विभाग की टीमों ने छापेमारी की। इस दौरान बड़े पैमाने पर कर (टैक्स) चोरी पकड़ी साथ ही मौके पर करोड़ों रुपये की कीमत की लग्जरी गाड़ियां भी मिलीं। जांच टीम यह देख रही है कि ये गाड़ियां किनके नाम हैं और फर्म ने जो रिटर्न भरा था उसमें इनका जिक्र किया गया है या नहीं।

कर चोरी के शक पर ही आयकर विभाग की दो दर्जन से अधिक टीमों ने गुरुवार को फर्म के दिल्ली, अहमदाबाद, कानपुर, समेत विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की थी। कानपुर में नयागंज में बने कार्यालय, शक्करपट्टी स्थित होटल, आर्यनगर स्थित आवास के साथ ही दिल्ली और अहमदाबाद में जांच के लिए छापेमारी की। कानपुर में छापेमारी तो बंद हो गई है लेकिन दिल्ली व अन्य जगहों पर टीम अभिलेखों की जांच कर रही है। फर्म के मालिक पहले कानपुर के आर्यनगर में रहते थे पांच साल पहले वह दिल्ली चले गए थे। कारोबार को भी अहमदाबाद शिफ्ट कर लिया था। आयकर विभाग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक फर्म का टर्नओवर सौ करोड़ से अधिक का है लेकिन कंपनी आयकर विवरणी में कम टर्न ओवर दिखा रही है। विभाग ने दिल्ली स्थित ठिकाने से साढ़े चार करोड़ रुपये की नकदी जब्त किया है। लैपटॉप व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किया है। कंपनी के पास से मैकलेरन, लेम्बोर्गिनी, फेरारी, रोल्स-रॉयस जैसी लग्जरी गाड़ियां मिली हैं। कंपनी ने रियल एस्टेट में भी निवेश कर रखा है। इसके साथ ही कई बेनामी संपत्तियां होने का शक भी आयकर विभाग के अधिकारियों को है।

### बंपर खरीदारी से शेयर बाजार सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर



# 1245 अंक चढ़ा सेंसेक्स निफ्टी 22300 के पार

### मजबूत जीडीपी आंकड़ों से शेयर बाजार में जश्न

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तगड़ी छलांग लगाते हुए अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। प्रभावी जीडीपी आंकड़ों और विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ने से सेंसेक्स 1,245 अंक उछल गया। निफ्टी में भी जोरदार तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,245.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत उछलकर 73,745.35 अंक पर पहुंच गया। यह इसका सर्वकालिक उच्च स्तर है। कारोबार के दौरान यह 1,318.91 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 355.95 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए 22,338.75 के नए समापन स्तर पर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में तेजी से घरेलू इक्विटी बाजारों को मजबूती मिली और निवेशकों ने जमकर खरीदारी की। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील छह प्रतिशत से अधिक उछल गई, जबकि जेएसडब्ल्यू स्टील में चार प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, मारुति, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मोटर्स में भी बढ़त दर्ज की गई। हालांकि, तेजी के इस दौर में भी एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस और टेक महिंद्रा पिछड़ गए। बाजार की इस तेजी के पीछे अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रहने का आंकड़ा सामने आने की प्रमुख भूमिका रही।

### दूसरी बार शनिवार को खुलेंगे बाजार

वर्ष 2024 में दूसरी बार स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने सप्ताहांत की छुट्टी के बावजूद शनिवार को बाजार खुला रखने का फैसला किया है। शनिवार का सत्र मॉक ट्रेडिंग सत्र नहीं होगा और इस दौरान लाइव ट्रेडिंग होगी। ऐसा अप्रत्याशित त्रासदी की स्थिति में सिस्टम की तैयारी का आकलन करने के अभ्यास के हिस्से के रूप में किया जा रहा है। यह विशेष सत्र स्टॉक एक्सचेंजों और डिपॉजिटरी के लिए बिजनेस निरंतरता योजना (बीसीपी) और डिजास्टर रिकवरी साइट (डीआरएस) के ढांचे का हिस्सा है। इससे पहले अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पहले भी शनिवार के दिन बाजार में कारोबार हुआ था।

# संदेशखालि में बहनों के साथ जो हुआ उससे पूरा देश गुस्से में : मोदी

### बंगाल के आरामबाग में टीएमसी पर बरसे प्रधानमंत्री, कहा-दुस्साहस की सारी हदें पार कीं

आरामबाग, (प. बंगाल), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संदेशखालि में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि इस मुद्दे पर पूरा देश गुस्से में है। मोदी ने संदेशखालि की घटनाओं पर चुप्पी साधने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की भी आलोचना की। उन्होंने हुगली जिले के आरामबाग में एक रैली में कहा कि चोट का जवाब वोट से देना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उपलब्धियों के बीच आज बंगाल की स्थिति पर पूरे देश की नजर है। मां, माटी और मानुष का ढोल पीटने वाली तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखालि की बहनों के साथ जो किया, उसे देखकर पूरा देश दुखी और गुस्से में है। संदेशखालि की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया, वह शर्म की बात है। ममता बनर्जी सरकार के 2011 में सत्ता में आने के बाद से उनकी पार्टी का नारा मां, माटी और मानुष उसकी एक बड़ी पहचान बन गया है। रैली स्थल के निकट स्थित समाज सुधारक राजा राम मोहन राय के जन्मस्थान खानाकुल का संदर्भ देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राय की आत्मा, जहां भी होगी, बंगाल की स्थिति पर दुखी होगी और रो रही होगी।

मोदी ने कहा कि संदेशखालि के टीएमसी नेताओं ने लोगों के खिलाफ हिंसा की सारी हदें पार कर दीं। संदेशखालि की महिलाओं ने ममता से मदद मांगी। और उन्होंने क्या किया? इसके बजाय, उन्होंने उन नेताओं की सुरक्षा के लिए वह सब कुछ किया, जो वह कर सकती थीं। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि यह भाजपा के नेतृत्व में निरंतर हुए विरोध प्रदर्शनों से बने दबाव का नतीजा था कि राज्य प्रशासन को आखिरकार संदेशखालि के लोगों के सामने झुकना पड़ा और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गिरफ्तार करना पड़ा, जो लगभग दो महीने से फरार था।

### ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री से राजभवन में की मुलाकात

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्य की दो दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी शुक्रवार रात को राजभवन में ठहरेंगे। एक अधिकारी ने कहा कि प्रोटोकॉल के तहत यह मुलाकात हुई। शाम छह बजे से कुछ मिनट पहले प्रधानमंत्री राजभवन पहुंचे जिसके कुछ देर बाद ही बनर्जी का काफिला राजभवन पहुंचा। पिछले साल दिसंबर में बनर्जी ने राज्य का बकाया जारी करने को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। तृणमूल कांग्रेस के अनुसार, केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल का 1.18 लाख करोड़ रुपये बकाया है।

### इंडिया गठबंधन को भी आड़े हाथों लिया

टीएमसी सरकार पर हर क्षेत्र में भ्रष्ट होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि वह संदेशखालि में उपजे असंतोष के बावजूद गांधी जी के तीन बंदरों की तरह है, जो अपनी आंख, कान और मुंह बंद रखे हुए था। उन्होंने सवाल किया कि वामपंथी और कांग्रेस नेता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कठिन सवाल पूछने से क्यों कतराते हैं? मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं के लिए संदेशखालि में टीएमसी द्वारा प्रताड़ित लोगों के साथ खड़े होने के बजाय भ्रष्ट और तुष्टीकरण की राजनीति का समर्थन करना सर्वोपरि है।

# प्रदेश में सहयोगी दलों को लोस की छह सीटें दे सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **सुभासपा, निषाद पार्टी को एक-एक सीट देने पर बनी सहमति**
- **अपना दल (एस) और रालोद को दो-दो सीटें मिलेंगी**



राज्यपाल आनंदीबेन से मुलाकात करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-24 में प्रदेश की सभी 80 सीटों में से भाजपा सहयोगी दलों के लिए छह सीट छोड़ सकती है। इसमें राष्ट्रीय लोकदल को दो सीटें मिल सकती हैं, जबकि अपना दल (एस) भी दो सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं, निषाद पार्टी को संत कबीर नगर सीट और ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा को घोसी सीट मिल सकती है।

दिल्ली में हुई भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद सूत्रों से यह जानकारी मिली है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस बीच एक दो दिन में भाजपा के सौ लोस प्रत्याशियों की सूची भी सामने आ सकती है।

सूत्रों की मानें तो यूपी से कुछ केंद्रीय मंत्रियों का भी टिकट कट सकता है। भाजपा इस बार दो या दो से अधिक बार चुनाव जीत चुके नेताओं पर भी दांव लगाने के मूड में नहीं है। जिन सांसदों की उम्र अधिक हो गई है, उनकी जगह नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि इस बार एक बार फिर भाजपा प्रदेश की 74 लोकसभा सीटों में से कोई भी मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा नहीं करेगी। वहीं, कैसरगंज लोकसभा सीट पर भी बृजभूषण शरण सिंह के नाम पर पार्टी निर्णय नहीं ले पाई है।

### राज्यपाल से मिले योगी, मंत्रिमंडल विस्तार संभव

- **ओपी राजभर, दारा चौहान और रालोद के राजपाल बालियान को मिल सकती है जगह**

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले मंत्रिमंडल के विस्तार की संभावना प्रबल हुई है। 3 मार्च यानी रविवार को कैबिनेट में पांच नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। दिल्ली से लखनऊ लौटते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात करने पहुंचे। योगी ने राज्यपाल को 'रोम रोम में राम' नामक पुस्तक भी भेंट की। सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, सपा से वापस भाजपा में लौटे एमएलसी दारा सिंह चौहान और रालोद नेता राजपाल बालियान को कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। इसके अलावा रालोद कोटे से एक और विधायक प्रदीप चौधरी को राज्य मंत्री बनाया जा सकता है। साथ ही रामपुर के भाजपा विधायक आकाश सक्सेना को भी राज्य मंत्री बनाकर आजम खान को हराने का इनाम दिया जा सकता है।

# ईडी ने जब्त की हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की संपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

- **महादेव एप से जुड़े धनशोधन मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में हालिया छापेमारी के दौरान दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये से अधिक की प्रतिभूतियां जब्त कर लीं और 3.64 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी एवं कीमती सामान अपने कब्जे में ले लिया। मामले में 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर स्थित विभिन्न परिसरों में छापे मारे गए थे। ईडी ने पूर्व में दावा किया था कि महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के मामले में जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ नेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता के संकेत मिले हैं। इस मामले में एक 'हवाला कारोबारी' हरि शंकर टिबरेवाल की पहचान की गई है जो कोलकाता का रहने वाला है लेकिन फिलहाल दुबई में रह रहा है।

सूत्रों के अनुसार ईडी ने टिबरेवाल और उसके सहयोगियों के परिसरों में छापे मारे हैं। टिबरेवाल ने महादेव ऐप के प्रवर्तकों के साथ साझेदारी की और वह एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप 'स्काईएक्सचेंज' का मालिक और संचालक भी है। टिबरेवाल दुबई स्थित अपनी कंपनियों के जरिये, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के माध्यम से भारतीय शेयर बाजार में सट्टेबाजी में निवेश कर रहा था।

# पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी




- **वित्तीय खुफिया ईकाई ने की कार्रवाई, बैंक की बढ़ीं मुश्किलें**

वित्तीय खुफिया इकाई ने धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वित्त मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि पीएमएलए की धारा 13(2)(डी) के तहत यह जुर्माना किया गया है।

**पेटीएम ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक से खत्म किया समझौता :** पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के निदेशक मंडल ने सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई के बीच दोनों के बीच अंतर-कंपनी समझौतों को खत्म करने को मंजूरी दे दी है। वन97 कम्युनिकेशंस ने शुक्रवार को कहा कि दोनों कंपनियों के बीच एक-दूसरे पर निर्भरता कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

# बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में धमाका दस घायल, बम स्क्वॉड टीम पहुंची

बेंगलुरु, एजेंसी




बेंगलुरु के एक लोकप्रिय कैफे में शुक्रवार को धमाके से कम से कम दस लोग घायल हो गए। पहले शक था कि एक सिलेंडर में विस्फोट होने के कारण आग लगी, लेकिन बाद में अग्निशन विभाग ने इस आशंका को खारिज कर दिया और कहा कि वहां एक बैग मिला है। इस बीच राज्य के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने कहा कि कैफे में हुआ धमाका एक बम विस्फोट है। जांच के लिए एनआईए की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। बम स्कवायड और फोरेंसिक टीम भी जांच में सहयोग कर रही हैं।

अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट में घायल लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मैसूर में संवाददाताओं से कहा कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। किसी ने वहां बैग रखा था। ऐसा कहा जा रहा है कि ये आईईडी विस्फोट था। हमें अभी नहीं पता कि ये आतंकी हमला है या नहीं। रामेश्वरम कैफे व्हाइटफील्ड के ब्रुकफील्ड इलाके में है, जो एक प्रमुख कारोबारी एवं प्रौद्योगिकी केंद्र है।

# प्राथमिक शिक्षक की भर्ती में संस्कृत से टीईटी मान्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- **हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ के निर्णय को पलटा**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में सहायक शिक्षकों के 10000 रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में शैक्षिक अर्हता के संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद की विशेष अपील पर विचार करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा में टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थी की प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्ति नहीं हो सकती है। संस्कृत भाषा में उत्तीर्ण की गई टीईटी परीक्षा प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के लिए निर्धारित पात्रता को पूरा करने में सफल नहीं हो सकती। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने पारित किया।

दरअसल, उक्त पद पर याची की उम्मीदवारी को खारिज कर दिया गया था कि याची ने संस्कृत भाषा में टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उक्त आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिस पर एकलपीठ ने अक्टूबर 2013 के शासनादेश पर भरोसा करते हुए माना था कि शासनादेश में ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है।

# फरवरी में जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से फरवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 12.5 प्रतिशत बढ़कर 1.68 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में कुल सकल जीएसटी संग्रह 18.40 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के कर संग्रह से 11.7 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में औसत मासिक सकल संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

### सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा | शासन की ओर से 32 जिलों में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन खोलने को मिली मंजूरी

# एटीएस परखेंगे वाहन का स्वास्थ्य, ठीक होंगे तभी सड़क पर दौड़ेंगे

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** आरआई ने आंखों से कामर्शियल गाड़ी देखी। बात बनीं तो फिटनेस प्रमाणपत्र जारी कर दिया। अब यह नहीं चलेगा। आरटीओ में जुगाड़ के बल पर वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने की परंपरा पर अतिशीघ्र विराम लगने वाला है। सड़क पर दौड़ रहे जर्जर वाहनों से बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) खुलने जा रहे हैं। इन केंद्रों पर ऑटोमेटिक मशीन से वाहनों के फिटनेस की जांच की जाएगी। भारत सरकार ने प्रदेश को 36 एटीएस खोलने का लक्ष्य दिया है।

- **भारत सरकार ने 36 एटीएस खोलने का प्रदेश को दिया है लक्ष्य**

प्रदेश में अभी तक वाहनों की फिटनेस मैनुअल होती है। अब मशीन से जांच कराने की तैयारी है। इसे लेकर परिवहन विभाग ने एक पोर्टल नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्लूएस) बना कर आवेदन मांगे थे। इसमें 308 आवेदन मिले हैं। इनमें कई ऐसे हैं जिन्होंने जमीन समेत अन्य तैयारी पूरी कर ली है। आवेदनों की पड़ताल के बाद 32 जिलों में एटीएस खोलने की प्रक्रिया पर मुहर लगा दी गई। इनमें 41 प्रारंभिक पंजीयन प्रमाणपत्र भी जारी कर दिए गए हैं। अक्टूबर 2024 तक इनकी शुरुआत होनी है।

### एटीएस के लिए इन जिलों को दिए गए प्रमाणपत्र

राजधानी लखनऊ-1, बरेली, शाहजहांपुर, रामपुर, बिजनौर, गौतमबुद्ध नगर, आगरा, मैनपुरी, अलीगढ़, एटा, हाथरस, , फिरोजाबाद, गाजियाबाद, झांसी, उरई, अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, औरैया, कौशांबी, वाराणसी, गोरखपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, मेरठ, उन्नाव, कानपुर देहात।



लोगों के सुरक्षित सफर के लिए वाहन का शत प्रतिशत फिट होना जरूरी है। इसके लिए गाड़ियों की मैनुअल फिटनेस के बजाए मशीन से उनकी जांच कराई जाएगी। प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन शीघ्र ही खोल दिए जाएंगे। इसके लिए ठोस कार्रवाई गतिशील है। सरकार की मंशा है कि जीवन रक्षा और सुरक्षित सफर के लिए छोटी से छोटी चीज पर नजर रखी जाए। जब वाहन पूरी तरह स्वस्थ होंगे तो सफर सुरक्षित होगा। - **चंद्रभूषण सिंह**, परिवहन आयुक्त

- **500 करोड़ का होगा निवेश, मिलेगा रोजगार**
- **एक सेंटर पर करीब 12 करोड़ रुपये व्यय होगा।**
- **25 से 30 लोगों को एक सेंटर पर मिलेगा काम।**
- **1,200 से 1,500 लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा।**
- **10,000 लोगों को अपरोक्ष रोजगार के मौके मिलेंगे।**

कामर्शियल वाहनों की फिटनेस की जांच मशीन से कराने की कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ गई है। जल्द ही प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन खोल दिए जाएंगे। - **पुष्पसेन सत्यार्थी**, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

# कुछ को तकलीफ होगी तो होने दो, देश से बढ़कर कोई नहीं : कपिल

## पूर्व कप्तान ने घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने पर केंद्रीय अनुबंध न देने के फैसले का किया समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने पर केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि कुछ खिलाड़ियों को तकलीफ होगी तो होने दो क्योंकि देश से बढ़कर कोई नहीं है।



कपिल ने कहा कि यह प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट जैसे रणजी को बचाए रखने के लिए जरूरी कदम है। इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बुधवार को 2023-24 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया था। इस फैसले पर मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही हैं, जिसमें कीर्ति आजाद और इरफान पठान ने इन दोनों खिलाड़ियों का समर्थन किया है।

कपिल ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि घरेलू क्रिकेट की अहमियत बरकरार रखने के लिए बीसीसीआई को फैसला लेना ही था। उन्होंने कहा कि हां, कुछ खिलाड़ियों को परेशानी होगी। कुछ लोगों को तकलीफ होगी, होने दो लेकिन देश से बढ़कर कोई नहीं है। बहुत अच्छा फैसला।

उन्होंने कहा कि मैं बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट का दर्जा बचाने के मद्देनजर जरूरी कदम उठाने के लिए बधाई देता हूं। मुझे यह देखकर दुख होता था कि एक बार खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित कर लेते हैं तो वह घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना बंद कर देते थे। बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों से घरेलू प्रतियोगिताओं को अहमियत देने का आग्रह किया था। देश के इस महान क्रिकेटर ने कहा कि यह संदेश पहले ही दिया जाना चाहिए था। बीसीसीआई का यह कड़ा कदम है जो घरेलू क्रिकेट की प्रतिष्ठा बरकरार रखने के लिए फायदेमंद होगा।

### खिलाड़ियों का दायित्व, वे घरेलू क्रिकेट खेलें

कपिल ने माना कि स्थापित हो चुके स्टार खिलाड़ियों का दायित्व है कि वे घरेलू क्रिकेट खेले क्योंकि उन्हें अपने संबंधित राज्यों की ओर से खेलते हुए ही सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से इस प्रक्रिया में भरोसा करता हूं कि अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपने संबंधित राज्य के लिए खुद को उपलब्ध कराए। इससे घरेलू खिलाड़ियों को उनका समर्थन मिलने से मदद मिलती है। साथ ही यह राज्य संघ द्वारा दी गई सेवाओं को वापस लौटाने का भी अच्छा तरीका है। कपिल ने पूर्व क्रिकेटरों की पेंशन बढ़ाने पर बीसीसीआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं खुश हूं कि बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की पेंशन की राशि बढ़ा दी है जो उनके लिए फायदेमंद रहेगी जिनका परिवार पेंशन पर निर्भर है।

# सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए हॉकी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतना अहम : हार्दिक

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह का मानना है कि पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब से उनकी टीम की उपलब्धियों की नींव पड़ी और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने के लिए यह खिताब बरकरार रखना अहम होगा। भारतीय टीम ने पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। एफआईएच प्रो लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का अगला सत्र चीन में 8 से 17 सितंबर तक खेला जाएगा। हार्दिक ने कहा कि मुझे लगता है कि भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए टीम ने उस टूर्नामेंट को स्प्रिंगबोर्ड की तरह लिया। हम इस बार भी खिताब बरकरार रखने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है और इस सफर में यह महत्वपूर्ण कदम है। हार्दिक ने कहा कि चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी शानदार टूर्नामेंट था। हम नए मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन की शैली के अनुरूप ढल रहे थे और स्वर्ण पदक इसका परिचायक है कि हम सही दिशा में जा रहे हैं।

## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा ने लगातार दूसरी बार की गलती, रापोर्ट से हारे



प्राग, एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा से लगातार दूसरे मुकाबले में बड़ी चूक हो गई, जिससे प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे दौर में उन्हें रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट से शिकस्त मिली। इससे पहले दूसरे दौर में उन्हें ईरान के परहाम मघसूदलू ने हराया था। मघसूडलू से हार के साथ इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी होने का तमगा भी गंवा दिया था जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया था। दस खिलाड़ियों के राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में वापसी के लिए प्रज्ञानानंदा को आखिरी के छह चरण में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। विदित गुजराती और डी गुकेश के बीच भारतीय खिलाड़ियों का मुकाबला बराबरी पर छूटा। पिछले दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर रहे माघसूदलू को जर्मनी के विंसेंट कीमर ने ड्रा पर रोका। प्रज्ञानानंदा की तरह ही स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को भी बेहतर स्थिति में होने के बाद हार का सामना करना पड़ा। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने नवारा के खिलाफ हार के कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। अब्दुसत्तारोव 3 में से 2.5 अंक लेकर माघसूदलू के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### सिटसिपास को हराकर डि मिनौर सेमीफाइनल में

एकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी। गत चैम्पियन एलेक्स डि मिनौर ने स्टेफानोस सिटसिपास को 1-6, 6-3, 6-3 से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। एटीपी रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज डि मिनौर ने पहला सेट गंवाने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए दो घंटे छह मिनट तक चला मुकाबला जीता। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा जिसने मियोमिर केसकानोविच को 6-2, 6-2 से हराया।



मैक्सिको ओपन

### सैफ अंडर-16 महिला चैंपियनशिप

### अनुष्का की हैट्रिक, भारत ने भूटान को 7-0 से हराया

काठमांडू, एजेंसी। अनुष्का कुमारी की हैट्रिक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को सैफ अंडर-16 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप में भूटान पर 7-0 से जीत हासिल की। हजारीबाग की 13 वर्षीय अनुष्का ने भूटान के डिफेंस को बिखरते हुए तीन गोल दागे। उनके अलावा पर्ल फर्नांडिज ने दो गोल जबकि कप्तान श्वेता रानी और स्थानापन्न खिलाड़ी अनविता रघुरमन ने एक एक गोल किये। चार टीम के टूर्नामेंट में मेजबान नेपाल और बांग्लादेश की टीम भी शामिल हैं। शीर्ष दो टीम 10 मार्च को फाइनल खेलेंगी।

### आयरलैंड ने अफगानिस्तान को हराकर पहला टेस्ट जीता

टॉलेरेंस ओवल, एजेंसी। आयरलैंड ने अबू धाबी में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराकर अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की है। अफगानिस्तान को दूसरी पारी में 218 रन पर समेटने के बाद आयरलैंड को 111 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने 4 विकेट पर हासिल कर लिया। एक समय आयरलैंड ने 40 रन पर अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। एंडी बालबर्नी और लॉरकन टकर ने टीम को संभाला। एंडी बालबर्नी नाबाद 58 रन बनाए। वहीं लोर्कान टकर 27 रन पर नाबाद रहे। आयरलैंड ने 31.3 ओवर में 4 विकेट पर 111 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। यह आयरलैंड की पहली टेस्ट जीत है। अफगानिस्तान की ओर से दूसरी पारी में नवीद जदरान को 2 विकेट मिले। निजात मसूद और जिया उर रहमान ने 1-1 विकेट लिए। मार्क अडायर के 5 विकेट की गेंदबाजी की बदौलत आयरलैंड ने अफगानिस्तान को 155 रन पर ढेर कर दिया था।



# मुंबई-तमिलनाडु के बीच रणजी के सेमीफाइनल में नजरें श्रेयस पर

## टेस्ट से बाहर और रणजी क्वार्टर फाइनल न खेलने पर केंद्रीय अनुबंध गंवाया

मुंबई, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर तमिलनाडु के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे रणजी के सेमीफाइनल के जरिए 41 बार की चैंपियन मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे तो उनका इरादा अपनी उपयोगिता साबित करने का होगा। टेस्ट टीम से बाहर अय्यर को रणजी के क्वार्टर फाइनल नहीं खेलने पर बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। वह अब ग्रोइन की चोट से उबरकर सेमीफाइनल खेलने के लिए फिट हैं। तमिलनाडु की स्पिन गेंदबाजी के सामने मुंबई की बल्लेबाजी का दारोमदार अय्यर पर होगा। तमिलनाडु के कप्तान आरसाइ किशोर (47 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर एस अजित राम (41) इस सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। मुंबई के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे को छोड़कर सभी बल्लेबाजों ने योगदान दिया है। रहाणे 6 मैचों में एक ही अर्धशतक बना सके हैं। वहीं मुंबई का एक भी गेंदबाज शीर्ष दस में नहीं हैं। मोहित अवस्थी 32 विकेट लेकर 13वें स्थान पर है। मुंबई ने क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। मुशीर खान ने नाबाद 203 रन बनाए जबकि दसवें और 11वें नंबर के बल्लेबाज तनुष कोटियान और तुषार देशपांडे ने भी शतक जड़ा। वहीं तमिलनाडु ने सौराष्ट्र को हराया। यह देखना होगा कि तमिलनाडु के एन जगदीशन (821 रन) खोया फॉर्म हासिल कर पाते हैं या नहीं। उन्होंने टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में नाबाद 245 और 321 रन बनाए थे, लेकिन सात पारियों में अर्धशतक भी नहीं बना सके। बाबा इंद्रजीत (686) ने अच्छा प्रदर्शन किया है। वॉशिंगटन सुंदर के आने से तमिलनाडु का आक्रमण और मजबूत हुआ है। मुंबई के पास शीर्ष क्रम में पृथ्वी साव और भूपेन लालवानी जैसे बल्लेबाज हैं जबकि निचले क्रम में शार्दुल ठाकुर और शम्स मुलानी हैं।



### टीम में श्रेयस की मौजूदगी शानदार



मुंबई। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि श्रेयस अय्यर केंद्रीय अनुबंध संबंधित विवाद को छोड़कर शनिवार से तमिलनाडु के खिलाफ शुरू हो रहे रणजी के सेमीफाइनल में टीम के लिए धमाकेदार प्रदर्शन करें। श्रेयस के साथ झारखंड के इशान किशन को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिली क्योंकि दोनों अपनी टीम के लिए रणजी मैच में नहीं खेले थे। श्रेयस पीठ की दर्द की शिकायत से बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के क्वार्टरफाइनल में नहीं खेले थे। रहाणे ने कहा कि वह अनुभवी खिलाड़ी है। जब भी वह मुंबई के लिए खेले हैं, उनका योगदान शानदार रहा है।

### तमिलनाडु को कोच पर भरोसा

मुंबई। तमिलनाडु के कप्तान आरसाई किशोर ने कहा कि उनकी टीम रणजी के सेमीफाइनल में मुंबई के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। टीम कोच सुलक्षण कुलकर्णी के अनुभव और ज्ञान पर भरोसा करेगी। तमिलनाडु की टीम 2014-15 सत्र में रणजी के फाइनल में पहुंची थी तब उसे कर्नाटक से हार का सामना करना पड़ा था। साई किशोर ने कहा कि सुलु सर (कुलकर्णी) के पास हमेशा रणनीति होती हैं। वह मैच और अभ्यास के दौरान हमेशा चौकस रहते हैं और यह उनके सबसे अच्छे कौशल में से एक है। कप्तानी करते समय उन्होंने बहुत मदद की है।

# न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन की वापसी

वेलिंगटन,एजेंसी

### ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड टेस्ट शृंखला



पहली पारी में 204 रन से पिछड़ने के बाद न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के दूसरी पारी के 2 विकेट 13 रन पर गिराकर वापसी की। टिम साउदी ने स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के विकेट चटकाए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर उस्मान ख्वाजा पांच और नाथन लियोन 6 रन बनाकर खेल रहे थे। दिन की आखिरी गेंद पर स्लिप में साउदी ने लियोन को जीवनदान दिया। स्मिथ (0) पारी की तीसरी गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि लाबुशेन (2) पांचवें ओवर में आउट हुए।

ऑस्ट्रेलिया ने अपने कल के स्कोर 9 विकेट पर 279 रन से आगे खेलना शुरू किया और आखिरी विकेट लेने में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरा एक सत्र लग गया। कैमरन ग्रीन और जोश हेजलवुड ने 116 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को 383 रन तक पहुंचाया। ग्रीन 174 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने 12 के स्कोर पर 3 और 29 के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने 41 गेंद में अर्धशतक बनाया। न्यूजीलैंड की टीम 43.1 ओवर में 179 रन पर आउट हो गई। फिलिप्स ने 71 और मैट हेनरी ने 42 रन बनाए। केन विलियसमन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से दूसरी ही गेंद पर रन आउट हो गए। उन्होंने मिचेल स्टार्क की गेंद पर मिड आफ में शॉट खेला और रन लेने के लिये दौड़ पड़े। सामने से आ रहे बल्लेबाज विल यंग उनसे टकरा गए और लाबुशेन के थ्रो ने गिल्लियां बिखेर दी। फिलिप्स और टॉम ब्लंडेल ने छठे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। फिलिप्स ने 70 गेंद में 71 रन बनाए।

# वॉन ने बशीर को कहा- नया अश्विन

लंदन, एजेंसी





इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर के रूप में टीम को 'विश्व स्तरीय सुपरस्टार' मिल गया है जो भारत के रविचंद्रन अश्विन की तरह कामयाब हो सकता है। रांची में इंग्लैंड की 5 विकेट से हार के बावजूद 20 वर्ष के बशीर ने 8 विकेट लिए। इसमें पहली पारी के 5 विकेट हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ आफ स्पिनरों में शुमार अश्विन 5 दिनी क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय हैं। धर्मशाला में अगले सप्ताह वह अपना सौवां टेस्ट खेलेंगे। वॉन ने कहा कि हमें एक और विश्व स्तरीय सुपरस्टार मिल गया है। शोएब बशीर। दूसरे टेस्ट मैच में 8 विकेट। वह नया रवि अश्विन है जो हमने खोज निकाला है। हम इंग्लिश क्रिकेट के नए सुपरस्टार का जश्न मना रहे हैं। भारत ने इंग्लैंड को शृंखला में 3-1 से हरा दिया है लेकिन वॉन को यकीन है कि धर्मशाला में औपचारिकता के मैच में इंग्लैंड वापसी करेगा। वे अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारेंगे।

# बड़ी पारियों के लिए कुछ बदलाव किए : शेफाली

बेंगलुरु, एजेंसी




आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि उन्होंने अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में बदलने के लिए एक साल में अपनी शैली में छोटे मोटे बदलाव किए हैं, जिसका फायदा महिला प्रीमियर लीग में मिल रहा है। वर्मा ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए अर्धशतक जमाया और दूसरे विकेट के लिए एलिसे कैप्सी (46) के साथ 82 रन की साझेदारी की। उन्होंने कहा कि मैं पिछली बार डब्ल्यूपीएल में 30 या 40 के स्कोर पर आउट हो जा रही थी। उन पारियों से मैंने काफी कुछ सीखा। उसकी वजह से अब मैं अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में बदल पा रही हूं। प्रमुख बदलाव मानसिकता में किया है और इस लय को कायम रखना चाहती हूं। 15 साल में भारत के लिए खेलने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं 20 वर्षीय वर्मा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की मेग लानिंग के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का काफी फायदा मिला है। उन्होंने कहा कि जब कोई अनुभवी खिलाड़ी आपके साथ हो तो आपके हावभाव खुद ब खुद बदल जाते हैं। उनके जैसी खिलाड़ी के साथ खेलना गर्व की बात है। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से खेल को बदल दिया है।



# बॉलीवुड हलचल

## पेंटाली का गाना बेरहम घड़ियां रिलीज



मुंबई, एजेंसी। प्रतीक सहजपाल और पेंटाली सेन अभिनीत गाना बेरहम घड़ियां रिलीज हुआ है। पेंटाली सेन ने कहा, मैं प्रदर्शन के माध्यम से कहानी कहने की शक्ति में विश्वास करती हूं, प्रत्येक भूमिका दर्शकों से जुड़ने का अवसर है, मैं हमेशा सर्वश्रेष्ठ की कोशिश करूंगी और मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देती हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया और मेरे साथ हैं। प्रतीक ने कहा, बेरहम घड़ियां शानदार गाना है जिसे शबीना ने खूबसूरती से फिल्माया है और इसे सिनेमाई गुणवत्ता दी है। कास्टिंग बहुत स्वाभाविक रूप से हुई क्योंकि गाने के लिए कास्टिंग कर रहे सोनू मिश्रा ने सचमुच मुझे सड़क पर चलते हुए देखा और इस गाने की पेशकश की। प्रोड्यूसर्स के साथ मीटिंग हुई और उन्होंने तुरंत मुझे इस प्रोजेक्ट के लिए लॉक कर लिया। गदर की कोरियोग्राफर शबीना मैम ने इसे एक फिल्म की तरह शूट किया था।

## सृष्टि और माही का गीत होली में जान सॉरी की धूम



मुंबई, एजेंसी। गायिका सृष्टि भारती और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी होली गीत होली में जान सॉरी रिलीज हो गया है। ये गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। इस गाने में माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को फ़ोन पर समझाते हुए कहती है कि सुना ए जानू होत आटे आखिरी मिलन हो, हो जाईब अब हम दुसरा के धन हो राजा संघे खाईब अब चटनी पकौड़ी, होली में जानू सॉरी डाली रंग केहू अउरी' इस गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको सृष्टि भारती ने गाया है। इस गाने को गीतकार शुभदयाल सोहरा ने लिखा है, संगीत विकास यादव ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहिर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

## अंजना सिंह की प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की फिल्म प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू हो गई है। निर्माता दिनेश मंगल और निर्देशक मंजुल ठाकुर की आने वाली फिल्म प्रोडक्शन नंबर की शूटिंग भव्य मुहूर्त के साथ शुरू हो गई है। इस फिल्म का निर्माण मंगलम फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म को लेकर मंजुल ठाकुर ने कहा कि हम एक ऐसी कहानी को पिरोकर लाए हैं जो दर्शकों के लिए बेहद नई और मनोरंजक होगी। उन्होंने कहा कि अभी हमने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और हमारा सारा फोकस कहानी को पर्दे पर उतरने की है, जिसमें सभी कलाकारों का सपोर्ट मिल रहा है। दिनेश मंगल ने बताया कि बतौर निर्माता मेरे लिए यह महत्वपूर्ण फिल्म है। हम इस फिल्म के निर्माण में कोई कमी नहीं छोड़ने वाले हैं फिल्म अच्छी बने हम लोगों का यह प्रयास है, क्योंकि अच्छी फिल्में ही लोगों को पसंद आती हैं और उसी में फिल्म मेकिंग की सार्थकता है। वही अंजना सिंह ने कहा कि मेरा किरदार इस फिल्म में बेहद अहम है। यूं कहें कि केंद्रीय करेक्टर का किरदार मैं इस फिल्म में प्ले कर रही हूं। उम्मीद है कि हमेशा की तरह मेरी अभिनय आपको पसंद आएगी। फिल्म बेहद खास है। इसलिए खास तैयारी भी की है और उसे हिसाब से हम लोग अभी फिल्म में अपना पूरा फोकस कर रहे हैं। फिल्म की कहानी क्या है, इस पर मैं अभी बात नहीं कर सकती, लेकिन इतना जरूर कहूंगी कि जब आप फिल्म देखेंगे तो आप इसके मुरीद हो जाएंगे। मंगल फिल्म्स के बैनर से बन रही प्रोडक्शन नंबर वन में अंजना सिंह के साथ आनंद ओझा, जे नीलम बिष्ट, प्रेम दुबे, कौशल शर्मा, सृष्टि मिश्रा, शौर्य पाठक और मनोज टाइगर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। डीओपी सुनील अहीर हैं। एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर महेश उपाध्याय है, जबकि लेखक मनीष किशोर हैं। आर्ट डायरेक्टर नाजिद शेख हैं और डांस मास्टर मनोज गुप्ता जॉय हैं। प्रोडक्शन कंट्रोलर मनोज पांडेय और शिवम पांडेय हैं। कॉस्टयूम कविता सुनीता क्रिएशन का है जबकि म्यूजिक डायरेक्टर ओम झा और लिरिक्स अरविंद तिवारी का है। एसोसिएट डायरेक्टर पार्थ मिश्रा और अमृत कुमार हैं। स्टील फोटोग्राफर प्रधान गुप्ता और निखिल शाह हैं।

## फेयरी फोक को अलग अंदाज में रचा

**अपनी जल्द ही रिलीज होने वाली फिल्म 'फेयरी फोक' को करण गौर ने एक अलग अंदाज से रचा और इसमें पति-पत्नी मुकुल चड्डा और रसिका दुगल को भी शामिल किया।**



पुरस्कृत निर्देशक करण गौर को अपनी पहली ही फीचर फिल्म 'क्षय' (कॉरोड) से काफी कामयाबी और सम्मान मिला। ये फिल्म जिसमें उन्होंने संगीत दिया, लिखा, निर्देशित और संपादित किया, वह शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में प्रदर्शित की गई और शंघाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के रूप में भी चुनी गई। एक प्रतिभाशाली संगीत निर्देशक और ध्वनि डिजाइनर के रूप में उन्होंने 'एनएच10', 'फोबिया', 'तितली' और 'हरामखोर' जैसी फिल्मों पर भी काम किया है। उनकी नवीनतम पेशकश 'फेयरी फोक' को सिडनी फिल्म समारोह, शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह, मामी (मुंबई) और मेलबर्न इंडियन फिल्म समारोह में प्रदर्शित किया गया है। फिल्म 1 मार्च को मुंबई, दिल्ली, गोवा, कोलकाता और बेंगलुरु के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है और करण इसे एक नई रचनात्मक और विषयात्मक खोज मानते हैं। जादुई यथार्थवाद में रची बसी ये फिल्म मानव संबंधों से जुड़ी रोचक और आत्मीय कथा है और करण कहते हैं, फिल्म का विचार मुझे निर्माता आलेख के साथ एक डॉक्यूमेंट्री बनाते वक्त आया। मैं पहले से ही 'इम्प्रोवाइजेशन' या एक नैसर्गिक अंदाज से कहानी कहने की प्रक्रिया को पसंद करता आया हूँ, क्योंकि इससे फिल्म में एक आजाद प्रवाह आता है। एक्शन और कट के बीच अभिनेताओं को सिर्फ एक इशारा भर देना और उन्हें अपने अंदाज में अभिनय करने के लिए प्रेरित करना बहुत रोचक रहा। मैं जॉन कैसावेट्स, माइक ली, जॉन-लूक गोदार्ड और हाल के रचयिता जैसे की स्वॉनबर्ग और लैरी डेविड के काम से भी परिचित था, जिन्होंने नैसर्गिक कला को सिर्फ रिहर्सल तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे परदे पर जीवंत किया। मैं बड़े-बड़े संवादों से भरी पटकथाओं से थक गया था और कुछ अलग करने का प्रयास करना चाहता था। करण ने 30 पेज का स्क्रिप्ट लिखा, जिसमें हर दृश्य की रूपरेखा अंकित है। साथ ही, उन्होंने 60 पेज का दस्तावेज लिखा, जिसमें हर किरदार के मूल भाव पर प्रकाश डाला। यह दूसरा दस्तावेज इसलिए था कि कोई भी किरदार या दृश्य अपने लक्ष्य से न भटके। जहां तक 'फेयरी फोक' की कहानी की बात है, तो इसमें कोडैकनाल और गोआ में बीते मेरे जीवन की झलक है। इन दोनों जगहों में, प्रकृति हर हाल में आपके दैनिक जीवन में प्रवेश करती है और आप उससे आंखे नहीं चुरा सकते हैं। रितिका और मोहित के किरदार के लिए रसिका दुगल और मुकुल चड्ढा को चुनने के बारे में उनका कहना है कि मैंने 'फेयरी फोक' के लिए उन्हें इसलिए चुना, क्योंकि वे एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं और उन्हें कैमरे के लिए नए सिरे से एक वैवाहिक दम्पति की तरह व्यवहार करने की जरुरत नहीं थी। बस उन्हें रिश्ते की प्राकृतिकता के साथ किरदार निभाना था और उनकी जटिलताओं को खोजना था। जब आपके पास दो ऐसे अभिनेता होते हैं जो वास्तव में एक-दूसरे से जुड़े हैं तो उन्हें यह नहीं सिखाना पड़ता है कि एक दम्पति कैसे बात करते हैं। रसिका और मुकुल पहले ही दिन ही कहानी के तहों तक जा पहुँचे थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# फायरिंग में पांच नामजद, 20 अज्ञात पर केस

## करबक प्रधान ने दी तहरीर, हिरासत में लिए आरोपियों पर कार्रवाई शुरू, राज्यमंत्री व पूर्व सांसद के अड़े रहने पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**खनन पर तांडव**

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सिहुरा भावन गांव के पास गुरुवार की रात अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी थी। सूचना पर पहुंची राज्यमंत्री व पूर्व सांसद ने पुलिस व एसडीएम को बुलाकर कार्रवाई की मांग की थी। देर रात पुलिस ने प्रधान की तहरीर पर पांच नामजद व 20 अज्ञात के खिलाफ जान से मारने का प्रयास, पब्लिक प्रापर्टी डैमेज एक्ट समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

रनियां-मैथा मार्ग पर करबक ग्रामसभा के सिहुरा भावन गांव के पास गुरुवार की रात मिट्टी खनन का काम चल रहा था। ग्रामीणों की जानकारी ग्राम प्रधान करबक ओमप्रकाश उर्फ संजय पांडेय मौके पर गए थे। आरोप है कि मिट्टी खनन में लोगों ने प्रधान पर असलहे से फायरिंग कर दी। उन्होंने किसी तरह जान बचाई। ग्राम प्रधान ने अवैध खनन होने की जानकारी रनियां थाना पुलिस व प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला को दी थी और गांव वालों से मदद की गुहार लगाई थी। जिसपर राज्यमंत्री व पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए थे।

राज्यमंत्री की सूचना पर एसडीएम सदर अवनीश कुमार सिंह, सीओ तनु उपाध्याय, खान विभाग के अधिकारी व एसओ रनियां महेंद्र पटेल फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने घटनास्थल से मिट्टी खनन में लगी एक जेसीबी, दो डंपर, एक विधायक का स्टीकर लगी स्कार्पियो, एक एसयूवी कार सहित चार लोगों को हिरासत में लिया था। जिनमे से एक आरोपी ने प्रदेश सरकार के एक कैबिनेट मंत्री का भांजा बताया था। राज्यमंत्री व पूर्व सांसद ने अफसरों की मिलीभगत से रात में खनन होने का आरोप लगाया था। एसडीएम ने खनन के लिए अनुमति होने व सही जगह होने की जानकारी दी थी। देर रात तक राज्यमंत्री, पूर्व सांसद अपने समर्थकों के साथ कार्रवाई की मांग पर डटे रहे। इसके बाद शुक्रवार सुबह करीब पौने चार बजे रिपोर्ट दर्ज की गई। थाना प्रभारी महेंद्र पटेल ने बताया कि ग्राम प्रधान की तहरीर पर रनियां निवासी सरल प्रताप सिंह, पुखरायां निवासी जय कुमार, गजनेर थाना क्षेत्र के पेराजोर निवासी रामजी, रनियां निवासी रोहित, सुधीर अग्रवाल पता अज्ञात व बीस अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले में चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। खुदाई करने वाली जेसीबी, डंपर व कार को सीज कर थाने में खड़ा करा दिया गया है।



सिहुराभावन में अवैध खनन को लेकर पहुंची राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी मौजूद पुलिस व भीड़। अमृत विचार



खनन के लिए खड़ी जेसीबी व मिट्टी लादने के लिए मौके पर खड़े डंपर। अमृत विचार

### दोबारा खनन की अनुमति देने का आरोप

सिहुरा भावन में जिस जगह पर खनन की अनुमति दी गई है। उसके बारे में ग्रामीणों का आरोप है कि एक बार खनन कुछ समय पहले उसी खेत में खनन हो चुका है। दोबारा उसी गाटा में परमिशन बिना जांच किए ही आदेश कर दिया गया। पहले करीब चार फीट मिट्टी का खनन किया गया। दोबारा जो खनन हो रहा है, उसकी गहराई करीब बीस फीट तक कर दी गई। ऐसे में जानवर और लोगों के गिरने का खतरा बना हुआ है।

### नामजद आरोपी ने भी पुलिस को दी तहरीर

खनन को लेकर करबक ग्राम प्रधान पर फायरिंग समेत अन्य धाराओं में नामजद आरोपी जय पटेल की ओर से भी रनियां थाना में तहरीर दी गई थी। जिसमे जय पटेल ने ग्राम प्रधान पर अवैध उगाही का आरोप लगाया है। प्रतिदिन का हिस्सा न देने पर उससे व साथियों से मारपीट कर लाखों रुपये की लूट की बात कही गई है। हालाकि पुलिस ने तहरीर पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की है।

### गोलीकांड के बाद रोका गया खनन का काम

गुरुवार रात सिहुराभावन में खनन को लेकर फायरिंग व राज्यमंत्री, पूर्व सांसद के पहुंचने के बाद आरोपियों पर कार्रवाई कर अफसरों ने खनन को तत्काल रुकवा दिया। वहीं मामले में सत्ता पक्ष के एक ही एक जनप्रतिनिधि के कथित भांजे का शामिल होना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। वहीं शुक्रवार को पुलिस कर्मी खनन स्थल की टोह लेते रहे।



सिहुराभावन में वह स्थान जहां किया गया खनन। अमृत विचार

### अवैध खनन को लेकर अब सीएम से मिलेंगी राज्यमंत्री

खनन के दौरान फायरिंग के मामले में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी खनन कराया जा रहा था। कार में विधायक का स्टीकर लगाकर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि मिट्टी के जरा से पैसों के लिए किसी की जान ले लेना। कहां तक सही है। पूरा मामला रात में ही मुख्यमंत्री कार्यालय में दर्ज कराया गया है। जबकि वह खुद लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री को पूरी घटना से अवगत करा कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कराएंगी।

### दरोगा की भूमिका पर सीओ से बिफरे पूर्व सांसद वारसी

अवैध खनन की शिकायत पर पहुंचे पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी बिना नाम लिए थाने के एक दरोगा पर आरोप लगाते हुए सीओ सदर तनु उपाध्याय पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि जब वह राज्यमंत्री के साथ जा रहे थे तब रास्ते में रनियां थाने का एक दरोगा मिला। उसी ने आरोपियों को कार से भगा दिया। जिसमे असलहे भी थे। पूर्व सांसद ने रात के समय खनन को गलत बताते हुए खनन अधिकारी को जिम्मेदार ठहराते हुए ईडी को भी संपत्ति की जांच कराने के लिए रिपोर्ट भेजने की बात कही।



आरोपियों को हिरासत में लेकर जाती पुलिस। अमृत विचार



रनियां थाने में खड़ी विधायक का स्टीकर लगी स्कार्पियो। अमृत विचार

# ट्रक की टक्कर से प्राइवेट शिक्षक की मौत

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार:** कस्बे के पटेल चौक चौराहे के समीप पॉवर हाउस के सामने मुगल रोड पर स्कूटी सवार प्राइवेट शिक्षक को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।



राजेश कुमार गुप्ता।

राजपुर थाना क्षेत्र के खासबरा गांव निवासी राजेश कुमार गुप्ता (55) शुक्रवार को स्कूटी से सिकंदरा बाजार सामान लेने आए थे। वापस घर जाते समय पटेल चौक चौराहे के समीप पॉवर हाउस के सामने मुगल रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार राजेश गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सीएचसी भेजा, जहां चिकित्सक डॉ. अनीता शुक्ला ने राजेश को मृत घोषित कर दिया।

हादसे की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी अनीता, बेटे शिवम, अभिषेक आदि का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि राजेश गांव में ही घर पर बिस्किट, गुटखा मसाला की दुकान चलाता था और गांव के बच्चों को ट्यूशन पढ़ा कर परिवार का पालन-पोषण करता था। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। स्कूटी सवार को टक्कर मारने वाले ट्रक को पकड़ लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



प्राइवेट शिक्षक की मौत पर बिलखते परिजन। अमृत विचार

- **सामान लेकर घर जाते समय सिकंदरा के पटेल चौक के समीप हुआ हादसा**

### हादसे में घायल हाईस्कूल के छात्र की थम गईं सांसें

शिवली। क्षेत्र के कड़री का कुलदीप उर्फ गोलू (16) जय जागेश्वर इंटर कॉलेज शिवली में हाईस्कूल का छात्र था। गुरुवार की सुबह वह गांव के करन सिंह के साथ बाइक से शोभन के परीक्षा केंद्र में सामाजिक विज्ञान का पेपर देने जा रहा था, तभी औगी सूतनपुरवा के समीप साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में करन सिंह ने बाइक नीचे उतार दी। इसी दौरान पीछे से आई ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन आनन-फानन घायलों को कानपुर हैलट अस्पताल ले गए। जहां देर रात इलाज के दौरान छात्र कुलदीप ने दम तोड़ दिया।



कुलदीप उर्फ गोलू।

# चश्मदीद से पूर्व एसओ की तरफ से जिरह पूरी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** चर्चित बलवंत हत्याकांड में चश्मदीद गवाह चाचा बलबीर सिंह से तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश सिंह की तरफ से अभियुक्तों के विरुद्ध रिपोर्ट समय से न लिखे जाने पर शुक्रवार को जिरह में पूछा गया कि क्या तत्कालीन एसपी सुनीति का नाम हटाने को लेकर दिनभर राजनेताओं व अधिकारियों की मीटिंग होती रही। जिस पर गवाह ने इस बात से इंकार किया। यह जानकारी वादी पक्ष की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने दी।

उन्होंने बताया कि गवाह बलबीर सिंह ने जिरह में बताया कि बलवंत सिंह के साथ आरोपियों द्वारा जो थाना रनिया के अंदर मारपीट की घटना की गई। वह उसका गवाह है। जिरह में बताया कि हिमांगी मिल जहां मृतक बलवंत चोकर लेने गया था। वहां मिल के अंदर के व बलवंत को आरोपियों द्वारा पकड़े जाने के स्थान के सीसीटीवी फुटेज विवेचक के साथ देखे और पहचाने। आरोपी पूर्व शिवली थाना प्रभारी को गवाह के थाना रनियां पहुंचने के पहले से वहां मौजूद होना बताया।फिलहाल गवाह बलबीर सिंह से आरोपी पूर्व एसओ राजेश सिंह की तरफ से शुक्रवार को जिरह पूर्ण की गई। अब मैथा चौकी के तत्कालीन मुख्य आरक्षी विनोद कुमार की तरफ से जिरह के लिए न्यायालय ने दो मार्च की तिथि नियत की है।

- **चश्मदीद से आज मैथा चौकी इंचार्ज की तरफ से होगी जिरह**

## सार-संक्षेप



नदी से कलश में जल लेकर जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

### भगलेश्वर मंदिर में कलश यात्रा के साथ भागवत शुरू

**कानपुर देहात।** डेरापुर तहसील के गांव सरगांव बुजुर्ग में भग्लेश्वर धाम प्राचीन शिव मंदिर में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को कलश यात्रा सरगांव बुजुर्ग गांव में भग्लेश्वर धाम परिसर से लहरापुर, गौरियापुर व बिहार घाट से होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक अचार्य श्रीकांत त्रिवेदी ने कहा कि श्रीमद्भागवत ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है। इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। इस मौके पर परीक्षित रामजी दीक्षित, रतन दुबे, अर्पित तिवारी, शिवा दुबे, मधुर, शिवांशी, गोविंद कश्यप, आशीष, कल्लू तिवारी, सहायक आचार्य ऋषिकांत त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।



एसपी से शिकायत करने जाते राजपुर नगर पंचायत के सभासद। अमृत विचार

### जिलाधिकारी तक पहुंचा नगर पंचायत का विवाद

कानपुर देहात। राजपुर नगर पंचायत में कार्यों को अवैध तरीके से कराए जाने का आरोप लगाकर नौ सभासदों ने बुधवार को हुई बोर्ड बैठक में हिस्सा नहीं लिया था। जिसके चलते बढ़े विवाद में सभासदों ने अध्यक्ष पर आरोप लगाकर डीएम व एसपी से शिकायत की है। शुक्रवार को माती जिला मुख्यालय पहुंचे राजपुर नगर पंचायत के सभासद अमित सिंह, मिथुन कुमार, गोविंद कटियार, कौशल किशोर, शमशाद अहमद, सभासद प्रतिनिधि सोनू, उमेश गुप्ता, चांद बाबू, अर्जुन सिंह आदि ने डीएम व एसपी को लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि कस्बे में अवैध तरीके से कार्यों को पूर्ण कराया जा रहा है। जिसके विरोध में बीते बुधवार को आयोजित बोर्ड की बैठक में उन्होंने हिस्सा नहीं लिया था। आरोप है कि बहिष्कार से खफा अध्यक्ष ने गुरुवार की शाम एक सभासद का उनके घर से अपहरण करने का प्रयास किया, लेकिन उसने किसी तरह भागकर जान बचाई। वहीं एक सभासद के पुत्र को जरूरी बात करने के लिए फोन कर कार्यालय बुलाया गया, जहां गालीगलौज की गई। इसका वीडियो बनाने पर कुछ लोगों ने मारपीट की। सभासदों ने अधिकारियों से मामले में जांच कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की।




उद्यमियों के साथ बैठक करती सीडीओ लक्ष्मी एन.।

### उद्यमियों से स्कूल गोद लेने की अपील

**कानपुर देहात।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शुक्रवार को माती स्थित विकास भवन सभागार में उद्यमियों के साथ सीडीओ लक्ष्मी एन. की अध्यक्षता में बैठक हुई। सीडीओ ने आए हुए उद्यमियों से जनपद के विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर आदि व्यवस्थाएं दुरुस्त कराए जाने में सीएसआर फंड के जरिये सहयोग करने की बात कही। कहा कि वह विद्यालयों को गोद लेकर उनका आधुनिकीकरण करने के संपूर्ण प्रयास करें। जिससे बच्चों के सार्वभौमिक विकास की संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जा सकें। इस दौरान उपायुक्त उद्योग मोहम्मद साउद व उद्यमी मौजूद रहे।

### ईंट लदे ट्रक की ऑटो से टक्कर, चालक गंभीर घायल

**राजपुर।** जल्लापुर गांव के सामने तेज रफ्तार ईंट लदे ट्रक ने आटो में टक्कर मार दी। हादसे में आटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीएचसी से उसे गंभीर हालत में कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। जल्लापुर-सिकंदरा निवासी मोहम्मद अरबाज (30) ऑटो चलाता है। गुरुवार देर रात वह भोगनीपुर से वापस लौट रहा था। तभी जल्लापुर गांव के पास कुवंरपुर मोड़ पर राजपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ईंट लदे ट्रक ने आटो में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक अरबाज गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे राजपुर पीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर शिवकुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद अरबाज को कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष अजय कुमार पाठक ने कहा कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# हत्यारोपी पिता और पुत्र 24 घंटे में हुए गिरफ्तार

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** माल का पुरवा गांव में भतीजी पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी को लेकर गुरुवार देर रात शिकायत करने गए बुजुर्ग की पीटकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया।

क्षेत्र के माल का पुरवा निवासी गंगा प्रसाद (60) के भाई की बेटी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर गांव के ही मीनू दुबे ने कोई टिप्पणी कर दी थी। इसकी शिकायत कर गुरुवार रात ताऊ गंगा प्रसाद गए वापस घर आ गए थे। इसी बीच रत्नेश उर्फ मीनू दुबे, उनका पुत्र हर्ष व कुछ अज्ञात लोग छत पर आकर अपशब्द कहने लगे। गंगा प्रसाद ऊपर गए, तभी पिता-पुत्र व अज्ञात लोगों ने उनके लाठी मार दी, जिससे वह वहीं गिर पड़े थे। सीएचसी में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी ने बताया कि आरोपी रत्नेश उर्फ मीनू दुबे व हर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों को जेल भेजा गया है। इस बीच शुक्रवार को पोस्टमार्टम में सिर पर भारी वस्तु से प्रहार करना पाया गया। वहीं मौत का कारण हेड इंजरी बताया गया है।

- **भतीजी पर अभद्र टिप्पणी की शिकायत करने गया था मृतक**

# हादसे में बाइक सवार की मौत

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के हवासपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे राजपुर के रहने वाले कुलदीप व सुमेरपुर निवासी रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सूचना पर पहुंची पुलिस और राहगीरों की मदद से हवासपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने कुलदीप (45) को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रिंकू को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामले को लेकर मंगलपुर पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हुए थे। जिसमें कुलदीप नाम के युवक की मौत हो गई है।

# सिर्फ शरीर नष्ट होता, जीवन यात्रा नहीं

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** मानव जीवन की यात्रा यह स्थूल शरीर नष्ट होने के साथ ही समाप्त नहीं होती, बल्कि पुनः सूक्ष्म शरीर की प्राप्ति होती है और मनुष्य मरणोत्तर जीवन की यात्रा पर अग्रसर हो जाता है। यह बात अकबरपुर क्षेत्र के श्रीरामजानकी आश्रम व संस्कृत महाविद्यालय गौरियापुर में महंत देवनारायण दास जी के संयोजन में हो रहे महायज्ञ में वामदेव ज्योर्तिमठ वृंदावन से आए डॉ. नारायण चैतन्य ब्रह्मचारी ने कही।

उन्होंने कहा कि मरणोत्तर जीवन को मंगलमय बनाने के लिए मनुष्य को वर्तमान जीवन सुधारना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि जो व्यक्ति मेरे ही आश्रित होकर कर्तव्या-कर्तव्य का निर्णय करते हुए अपने जीवन का निर्वाह करता है। मैं उसका अवश्य ही उद्धार करता हूं। शुक्रवार को यज्ञशाला में आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमानों से आहुतियां डलवाई। जिससे यज्ञ की धूप से वातावरण सुगंधित हो गया। प्रवचन मंच से चिरगांव झांसी की मानस मंदाकिनी, भगवानदास त्रिपाठी, निकेत शुक्ला आदि वक्ताओं ने भक्तों को ज्ञान की गंगा से सराबोर किया।

उधर श्रीमद्भागवत व्यासपीठ से व्यास सतगुरु शरण पांडेय व मैथा के पंडित प्रमोद पांडेय जी ने भागवत की मनोहारी कथाएं सुनाते हुए कहा कि भगवान का अवतार अधर्म को नष्ट करके धर्म के संस्थापन के लिए धराधाम पर होता है। उनके पूर्व राहुल मिश्रा और श्याम किशोर द्विवेदी आदि ने भी भागवत कथा सुनाई। इस मौके पर डॉक्टर राजेशजी शुक्ल, नारायण बाबू अवस्थी, सरवन तिवारी, रामबालक तिवारी, बाबा राम कृष्ण दास, योगेश्वर अवस्थी, रामचरण दास, मोतीलाल कश्यप, दुलारे कुशवाहा, कुलदीप कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।



स्वामी शंकारानंद सरस्वती जी का माल्यार्पण करते राघव दास जी।

**अभी बोहनी नहीं**

इस बार गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में डेढ़ सौ रुपये का इजाफा, पहले दिन खरीद केंद्रों पर रहा सन्नाटा

# जनपद के 59 केंद्रों पर शुरू हो गई गेहूं की खरीद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** शुक्रवार से जिले में गेहूं खरीद शुरू हो गई है। इसके लिए जनपद में 59 क्रय केंद्र बनाए हैं। जहां 2275 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद होगी। पिछले साल की अपेक्षा इस बार सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपये का इजाफा किया है। पांच एजेंसियां गेहूं खरीद का काम करेंगी। अभी से ही अधिकारी व कर्मचारियों ने गेहूं खरीदने के लिए प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। हालाकि पहले दिन किसी केंद्र पर गेहूं की खरीद नहीं हुई।

किसानों से गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण कराने की प्रक्रिया चालू कर दी है। हालांकि अभी गेहूं की फसल परिपक्व नहीं हुई है। अधिकारियों को खरीद के लिए कुछ दिन और इंतजार करना पड़ेगा। इसकी वजह से क्रय केंद्रों पर तैयारियां भी आधी-अधूरी हैं। कई जगह खरीद के बैनर नहीं लगाए गए हैं और कुछ केंद्रों पर कांटे भी स्थापित नहीं हैं। गेहूं खरीदने के लिए अभी से सरकार के निर्देश पर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। एक मार्च से जनपद में खरीद शुरू हो गई। गेहूं खरीद खाद्य विपणन, पीसीयू, भारतीय खाद्य निगम, पीसीएफ व यूपीएसएस करेंगी। वहीं क्रय नीति के मुताबिक अन्य सुविधाओं में बढ़ोतरी की सकती है। जिसमें बाजार भाव और सरकारी मूल्य में विशेष अंतर न होने पर किसानों को केंद्रों तक बुलाने का भी प्रयास किया जाएगा। केंद्रों पर गर्मी से बचाव में किसानों के बैठने के लिए कुर्सियां, टेंट, साफ पानी आदि सुविधाओं के निर्देश दिए गए हैं।

पिछले साल जनपद में 55 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य था। जिसके सापेक्ष्य 689.55 मीट्रिक टन की खरीद हो सकी थी, जो 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा गया था। लेकिन इस साल सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपये का इजाफा किया है। सभी एजेंसियां किसानों से 2275 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं खरीदेंगी। हर केंद्र पर इलेक्ट्रानिक कांटे लगाकर खरीद की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराया गया है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तैयारियां पूर्ण हैं।



राजपुर क्रय केंद्र पर मशीन व कांटा।

### गेहूं पकने में अभी 20 दिन का समय

जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी के मुताबिक जनपद में अभी गेहूं की फसल नहीं पकी है। करीब 15 से 20 दिन उसको पकने में लगेंगे। 15 मार्च के बाद ही गेहूं की आवक शुरू हो पाएगी। हालाकि यदि एक मार्च से कोई भी किसान गेहूं लेकर केंद्र पर पहुंचता है तो उसकी खरीद की जाएगी। इस बावत सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित कर दिया गया है। खरीद के बैनर आदि चस्पा कर इलेक्ट्रिक कांटों की जांच करने के लिए भी कहा गया है। किसानों के वाहनों को भी हर केंद्र पर खड़ा करने के लिए व्यवस्था को कहा गया है।

### बटाईदार भी बेच सकेंगे गेहूं

इस बार बटाई पर खेती करने वाले किसान भी अपने नाम से क्रय केंद्रों पर गेहूं बेंच सकेंगे। वह भी पंजीयन करा सकते हैं। केंद्रों पर किसानों को पल्लेदारी को 20 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान देना होगा, लेकिन यह धनराशि किसानों को गेहूं भुगतान के साथ बैंक खाते में वापस भेज दी जाएगी।

### इन एजेंसियों के केंद्र बने

खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया के जिले में गेहूं खरीद के लिए खाद्य विपणन के 15, भारतीय खाद्य निगम के पांच, पीसीएफ के 24, पीसीयू के नौ व यूपीएसएस के छह केंद्र समेत कुल 59 खरीद केंद्र बनाए गए हैं। सौ क्विंटल के अधिक बेचने पर एसडीएम से सत्यापन कराना होगा। किसानों को 48 घंटे में भुगतान किया जाएगा।

# दहेज हत्या में 10 साल सश्रम सजा

**कानपुर देहात।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के क्रम में अकबरपुर कोतवाली पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए इस साल सश्रम कारावास व दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

पुलिस मीडिया सेल से दी गई जानकारी के अनुसार अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि अकबरपुर कोतवाली पुलिस द्वारा रंजीत निवासी मुखलिसपुर थाना अकबरपुर के खिलाफ वर्ष 2018 में दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अभियुक्त के खिलाफ बाद विवेचना आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किए थे। मामले में सुनवाई जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत में चल रही थी। शुक्रवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद रंजीत को दोषी ठहराते हुए दस साल सश्रम कैद की सजा सुनाई है।



मर्चेंट चैंबर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार




कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक , मंच पर उपस्थित विधायक और भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

# ठगबंधन पहले परिवार फिर पैसे वालों को देता टिकट

## दो बातें न जाना भूल, राम मंदिर और कमल का फूल : वीरेंद्र

**सियासत**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा लोकसभा क्षेत्र संचालन समिति व कोर कमेटी बैठक में केंद्रीय मंत्री ने भरा जोश
- देश में 400 पार और यूपी में 80 सीटें जीतने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं के दम से ही पूरा किया जाएगा

**अमृत विचार।** भाजपा कानपुर लोकसभा क्षेत्र की संचालन समिति, कोर कमेटी और विधान सभाओं की संचालन समिति की बैठक में पहुंचे केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र खटीक ने कहा कि चुनाव आते ही ठगबंधन एक हो जाता है। यह पहले अपने परिवार की सीटों को फाइनल करते हैं। फिर पैसा देने वालों के पास जाते हैं और अंत में कार्यकर्ताओं की सुध लेते हैं, जबकि भाजपा पहले अपने मेहनती कार्यकर्ताओं को आगे रखती है। माहौल पक्ष में है, ऐसे में कार्यकर्ताओं की थोड़ी सी मेहनत भाजपा को देश में 400 पार और उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें जितवा सकती है। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने 'दो बातें न जाना भूल राम मंदिर और कमल का फूल' नारा देकर पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया।

मर्चेंट चेंबर हाल में शुक्रवार को आयोजित भाजपा चुनाव समितियों के सदस्यों से केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा क्षेत्र के क्लस्टर प्रमुख डॉ. वीरेंद्र ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए जिसे जो दायित्व मिला है, वह सिर्फ उसी पर फोकस करे। सारे कार्यक्रम व अभियान बूथ केंद्रित होंगे। बैठक की अध्यक्षता लोकसभा प्रभारी रामशरण कटियार, संचालन लोकसभा संयोजक मणिकांत जैन ने किया। प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, राम किशोर साहू, राम शरण कटियार, विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह और दीपू पांडेय, सुरेश अवस्थी, रमाकांत त्रिपाठी, कौशल किशोर दीक्षित, पूनम द्विवेदी, सुनील तिवारी, रामदेव शुक्ल विनोद शुक्ला, मोहित पांडेय, अनूप अवस्थी, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी सहित विधानसभा चुनाव संचालन समिति के प्रभारी संयोजक एवं सदस्य मौजूद रहे।

### एक सप्ताह में विधानसभा कार्यालय भी खोल दिए जाएं

पदाधिकारियों से यह पूछने पर कि क्या लोकसभा चुनाव का कार्यालय खुल गया है। जवाब हां में मिलते ही केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर विधानसभा कार्यालयों को भी खोल दिया जाए। इसकी जिम्मेदारी विधानसभा प्रभारी व संयोजकों की होगी।

### 'जाके प्रिय न राम वैदेही, ताको वोट कदापि न देही'

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि जाके प्रिय न राम वैदेही, ताको वोट कदापि न देही संगठन की योजना अनुसार अगले 100 दिन तक सभी को मोदी सरकार के संकल्प के साथ काम करना है। पार्टी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने के लिए बूथ के लोगों से सतत संपर्क एवं संवाद स्थापित करें।

### राम मंदिर नहीं जाने देने से व्यथित नेता छोड़ रहे दल

सपा, बसपा, कांग्रेस नेताओं को अयोध्या में राम मंदिर दर्शन के लिए नहीं जाने देने से उनके साथ ही परिवार के सदस्यों में भी नाराजगी है। सनातन के अपमान से व्यथित होकर ही विपक्षी पार्टियों के नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

### इस बार पं. बंगाल और तमिलनाडु में भी जीतेंगे

मंत्री वीरेंद्र खटीक ने कहा कि तमिलनाडु में डीएमके से लोग ऊब चुके हैं। भाजपा की लोकप्रियता बढ़ रही है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु की जनता भी वोट देगी।

# लूट के दोषी को चार साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** कानपुर नगर के शिवराजपुर क्षेत्र में वर्ष 2017 में सराफा दुकान से अंगूठियों का डिब्बा लूटने के मामले में आरोपी के अपना अपराध स्वीकार करने पर अदालत ने उसे दोष सिद्ध करते हुए चार साल के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत की ओर से उस पर तीन हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत कुमार मिश्रा व विकास सिंह ने बताया कि शिवराजपुर कस्बे में आभूषण की दुकान से 19 मई 2017 को ग्राहक बनकर पहुंचे बाइक सवार दो बदमाशों ने कारोबारी को दूसरा सामान दिखाने का चकमा देकर 50 ग्राम अंगूठियों वाला डिब्बा लूट लिया था। मामले में पीड़ित दुकानदार हरिश्चंद्र ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।मामले में पुलिस ने विवेचना करते हुए बिठूर क्षेत्र के गांव पारा प्रतापपुर निवासी कमल कुमार सविता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

पुलिस ने उसके खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किए थे। मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट अमित मालवीय की अदालत में चल रही थी। शुक्रवार को दौरान सुनवाई आरोपी ने अदालत में अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इस पर अदालत ने उसे दोषसिद्ध करते हुए चार साल के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस पर तीन हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। वहीं अर्थदंड अदा न करने पर दस दिन के अतिरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

### धोखाधड़ी के दोषी को चार साल का सश्रम कारावास

**कानपुर देहात।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत थाना डेरापुर पुलिस, मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन की गई प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए चार वर्ष सश्रम कारावास के साथ 40 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। पुलिस मीडिया सेल के अनुसार पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। अभियोजन पक्ष ने बताया कि डेरापुर पुलिस ने मथुरा निवासी असालतगंज थाना रसूलाबाद के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसमें आरोपी के खिलाफ बाद विवेचना आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किए थे। शुक्रवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अभियुक्त मथुरा को दोषी ठहराते हुए चार वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुना दी।

# बिल्हौर और चौबेपुर में गंगा घाटों से अवैध बालू खनन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा विधायक की भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक से की शिकायत

**अमृत विचार।** भाजपा विधायक मोहित सोनकर उर्फ राहुल बच्चा ने अपने बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के गंगा घाट पर अवैध बालू खनन का आरोप लगाते हुए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक से शिकायत की है। उन्होंने एमएम 11 दिए बगैर बालू की निकासी कराने, सरकार को राजस्व नुकसान और बालू का भंडारण कराने का आरोप लगाया है।

विधायक ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि विधानसभा बिल्हौर के तरीपाठकपुर गांव, विकास खंड चौबेपुर में बालू घाट संचालित है। बालू घाट का पट्टा गोमतीनगर, लखनऊ निवासी अंकित सचान के नाम पर है। पट्टा धारक अंकित बालू खनन के लिए निर्धारित गाटा सहित अन्य गाटों और नियम विरुद्ध खनन करा रहे है। बीती जुलाई माह में खनन बंद होने के बाद भी बालू खनन किया जा रहा है। अलग-अलग गाटों में अवैध खनन करके प्रदेश सरकार को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही है। पट्टा धारक ने बारिश में गंगा की गाद का समतलीकरण होने का भी लाभ उठाया है। इसके अलावा पट्टाधारक बालू का भंडारण भी समीप में ही करा रहे हैं। इन सभी मनमानी के बीच पट्टा धारक अधिकांश वाहनों की रायल्टी एमएम 11 दिए बगैर बालू की निकासी कराकर प्रदेश सरकार को राजस्व क्षति पहुंचा रहे हैं। बालू डंप के स्थान पर धर्मकांटा नहीं लगाया गया है। कैमरे भी नहीं लगाए गए हैं।

# चलती कार बन गई आग का गोला, सिपाही ने बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भतीजी की शादी समारोह का सामान लेकर हमीपुर जा रहे युवक की कार में गुरुवार देर रात अचानक आग लग गई। गश्त में तैनात पीआरवी सिपाही ने कार में आग लगी देखकर सूझबूझ का परिचय देते हुए कार सवार चारों लोगों को सकुशल बाहर निकाला। डीजल टैंक में आग पहुंचते ही कार धू-धूकर जलने लगी। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेडकर्मियों ने आग पर काबू पाया।



करही में कार से उठती लपटें। अमृत विचार

- भतीजी की शादी का सामान लेकर हमीरपुर जा रहे थे कार सवार, करही में हादसा

मूलरुप से हमीरपुर, कुरार निवासी अजय प्रताप सिंह जवाहर नगर में रहते हैं। वह गुरुवार को मित्र के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए साले सुमित, मित्र शिवकिशोर व गोपाल के साथ लखनऊ गए हुए थे। उनकी भतीजी की शादी छह मार्च को है। शादी से लौट कर आने के बाद वह साथियों के साथ देर रात शादी का सामान लेकर हमीरपुर जा रहे थे। अजय करही स्थित अर्चना बुक स्टॉल के पास पहुंचे ही थे, तभी उनकी कार में आग लग गई। इस दौरान गश्त पर तैनात पीआरवी सिपाही आबिद की नजर कार में पड़ी। आबिद ने सूझबूझ का परिचय देकर पीआरवी वैन कार का पीछा किया और ओवरटेक कर कार के आगे लगा दी। इसके बाद आबिद ने सभी को कार से बाहर निकाला। कुछ ही देर बाद डीजल टैंक में लपटों के पहुंचते ही आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। सूचना पर फजलगंज फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और काबू किया।

# घटिया सड़क की शिकायत हुई तो फर्जी रिपोर्ट लगाई

**नगर निगम में खेल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम के अभियंता नियमों की धज्जियां उड़ाकर जमकर सरकारी धन की बर्बादी कर रहे हैं। इसको लेकर मुख्य अभियंता ने कड़ी आपत्ति जताते हुए लापरवाह अभियंताओं को नोटिस जारी किया है।

वार्ड-86 मोहल्ला शिवपुरी में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग कर सड़क बनाई गई। इसकी शिकायत आईजीआरएस पर शिकायत की गई। नगर निगम के खंड पोर्टल पर खराब गुणवत्ता की सड़क बनाए जाने की आख्या अपलोड की गई। बावजूद इसके अधिशाषी अभियंता जोन-6 आरके सिंह ने बिना जांच किए आईजीआरएस पर फर्जी रिपोर्ट लगाकर समस्या निस्तारित कर दी गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम चीफ इंजीनियर मनीष अवस्थी ने जांच कराई तो शिकायत सही पाई गई। अब इस मामले में चीफ इंजीनियर ने अभियंता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वहीं ठेकेदार पर भी कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

### बिना तकनीकी बिड ठेकेदार का चयन

दूसरे मामले में अधिशाषी अभियंता जोन-3 को विकास कार्यों के टेंडर में धांधलेबाजी को लेकर नोटिस जारी किया गया है। जोन में 8 फरवरी को नाला निर्माण का टेंडर किया गया। टेंडर में बिना तकनीकी बिड व वित्तीय बिड खोले दूसरी सबसे कम बिड वाले ठेकेदार का चयन कर दिया गया। इसमें लाखों रुपये की वित्तीय अनियमितता सामने आई। इसके बाद कार्रवाई की गई।

**हेलो डाक्टर**

मधुमेह से सम्बन्धित समस्याओं के लिए सम्पर्क करें!

टाइप 1 और टाइप 2 डायबीटीज की जानकारी, कारण, लक्षण, सम्बन्धित समस्यायें एवं इसके उपचार के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन की डा0 दिव्या शुक्ला से करें सवाल।



दिनांक 02 मार्च दिन शनिवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।

मो.नं: 9219805718

# हार्ट अटैक मरीज के लिए सीपीआर जीवनदान: डॉ. नंदिनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जब व्यक्ति खाते, चलते, बोलते या अन्य कोई काम करते अचानक गिर जाता है तो उसकी धड़कनें खामोश होने लगती हैं। यानी उसे कार्डियक अरेस्ट हो चुका है। ऐसे में शरीर को चलाने वाले महत्वपूर्ण अंगों में आक्सीजन सप्लाई बाधित होने से मल्टी आर्गन फेल्योर का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे मरीज को सीपीआर देकर जान बचाई जा सकती है। यह जानकारी शुक्रवार को आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी ने दी।

परेड स्थित आईएमए भवन में शुक्रवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व प्राणोदय संस्था ने संयुक्त रूप से सीपीआर पर वर्कशॉप का अयोजन किया।



ट्रेनिंग देंती आईएमए अध्यक्ष डॉ .नंदिनी रस्तोगी साथ में सचिव डॉ .कुणाल सहाय।

प्राणोदय संस्था के डॉ.सुनीत गुप्ता व डॉ. प्रदीप टंडन ने मौजूद लोगों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। आईएमए अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी ने बताया कि कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) की जानकारी सभी को होना जरूरी है। सीपीआर की जानकारी होने पर हम न सिर्फ आम लोगों की जान बचा सकते है। बल्कि घर में अगर किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक पड़ता है तो उसकी जान बचा सकते है। विशेषकर डांस व जिम में अचानक होने वाले हादसों में सीपीआर काफी हद तक कारगर साबित हो सकती है। अपने जीवन काल में अगर एक भी व्यक्ति का जान बचा सके तो इससे बड़ा और कोई भला काम नहीं हो सकता। आईएमए सचिव डॉ. कुनाल सहाय ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडविया के अहवाह्न पर आईएमए कानपुर व प्रणोदय संस्था की ओर से स्कूल, कॉलेज, आईआईटी, पुलिस व यातायात विभाग समेत आदि स्थानों पर जनता को जागरूक करने के लिए सीपीआर ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। शहर में हर बुधवार को पुलिस थानों पर पुलिस कर्मियों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

- आईएमए सभागार में सीपीआर पर कार्यशाला
- आईएमए के डॉक्टरों ने दिया प्रशिक्षण

### 40 हजार लोगों को प्रशिक्षित किया

प्राणोदय संस्था के उपाध्यक्ष व ट्रेनर डॉ. सुनीत गुप्ता और सचिव व ट्रेनर डॉ. प्रदीप टंडन ने बताया कि प्राणोदय संस्था धर्मार्थ एनजीओ है, जो 23 वर्षों से जिले में मुफ्त सीपीआर और बुनियादी प्रशिक्षण प्रबंधन का प्रशिक्षण दे रही है। कार्यशाला अक्टूबर 2001 में मीरपुर कैंट के एक मंदिर से शुरू हुई थी। 22 वर्ष में हुई 450 कार्यशाला में शहर के 40 हजार से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। उपाध्यक्ष व सचिव के मुताबिक यह देश की एकमात्र संस्था है, जो 23 वर्षों से लोगों को सीपीआर का नि :शुल्क प्रशिक्षण दे रही है। प्रणोदय के अध्यक्ष कानपुर के उद्योगपति महबूब रहमान हैं। शहर के सेना, वायु सेना, पुलिस, एनसीसी कैडेट आदि को प्रशिक्षित किया।

# अपर पुलिस आयुक्त ने लाइन का निरीक्षण किया

**कानपुर।** शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में होने वाली नियमित परेड में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर पहुंचे। उन्होंने परेड का निरीक्षण करते हुए सलामी ली। सभी पुलिस कर्मियों का टर्न आउट देखा जो अच्छा दिखा उसे बढ़िया काम के लिए प्रोत्साहित किया। पीआरवी वाहनों और डॉग स्क्वाड का रखरखाव देखने के दौरान और बेहतरी के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह, एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार रहे।

# जुमे पर शहर में अलर्ट रही पुलिस ड्रोन से निगरानी

**कानपुर।** शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस पूरी तरह से सड़कों पर अलर्ट रही। इस दौरान अतिसंवेदनशील और संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के साथ-साथ संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चन्दर शहर की मॉनीटरिंग करते रहे। एतियातन मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स और पीएसी तैनात की गई थी। घुड़सवार पुलिस भी संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त करती रही।

जुमे की नमाज से पहले पुलिस ने ड्रोन की मदद से घनी आबादी वालों क्षेत्रों की निगरानी कराई। अफसर लगातार पीटीजेड कैमरों की मदद से माहौल की निगरानी करते रहे। नमाज संपन्न होने से पहले और बाद में अधिकारियों ने नई सड़क, यतीमखाना, रूपम चौराहा, मछली वाला तिराहा, पेंचबाग, लकड़मंडी, तलाक महल, बजरिया, बेकनगंज, चमनगंज, अनवरगंज, जाजमऊ, चकेरी, रावतपुर, नौबस्ता के मछरिया, बाबूपुरवा के बगाही में पैदल गश्त की। इस दौरान कई थानों की फोर्स के साथ पीएसी के जवान, क्यूआरटी, एलआईयू, वालंटियर्स मस्जिदों के आस पास तैनात रहे। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने प्रबुद्ध लोगों, सभी वर्गों के धर्माचार्यों, शहर काजियों, मौलाना, मस्जिदों के इमाम, मंदिरों के सभी पुजारी से वार्ता भी की।

**आईआईटी** नवाचार और विशेषज्ञता को बढ़ावा मिलने से उद्योगों की जरूरत होगी पूरी

# ई-मास्टर कोर्स में एक हजार पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में ई-मास्टर कोर्स में एक हजार पंजीकरण पूरे हो गए हैं। ई-मास्टर कोर्स की खासियत यह है कि इसे बिना करियर छोड़े युवा कर सकते हैं। संस्थान में इस सुविधा की शुरुआत वर्ष 2022 में हुई थी। ऐसे दस कोर्स हैं जिनमें अनुभवी शिक्षकों से पढ़ाई का लाभ लिया जा सकता है।

आईआईटी कानपुर के ई-मास्टर्स डिग्री कार्यक्रम ने एक हजार नामांकन हासिल करके उपलब्धि हासिल की है। इस कार्यक्रम के लिए अभ्यर्थी को गेट स्कोर की जरूरत नहीं पड़ती है।



- प्रोग्राम से जुड़ने वाले बिना करियर छोड़े कर सकते हैं दस कोर्स में पढ़ाई

संस्थान के निदेशक प्रो. एस. गणेश ने कहा कि भारत विभिन्न क्षेत्रों में एक पावरहाउस के रूप में उभर रहा है। तेजी से तकनीकी विस्तार को देखते हुए कौशल की कमी को भरने की बहुत जरूरत थी। ई-मास्टर्स कार्यक्रम पेशेवरों को सशक्त बनाने और नवाचार और विशेषज्ञता को बढ़ावा देकर उद्योग की बढ़ती जरूरतों को पूरा करता है। कार्यक्रम के तहत 10 विशिष्ट डोमेन में ई-मास्टर्स डिग्री प्रोग्राम के नए समूहों के साथ जारी रखेंगे। इस कोर्स से नवाचार और विशेषज्ञता को बढ़ावा मिलेगा।

### यह डोमेन शामिल

ई-मास्टर्स डिग्री प्रोग्राम के नए समूह, डेटा साइंस और बिजनेस एनालिटिक्स, नेक्स्ट जेनरेशन वायरलेस टेक्नोलॉजीज, साइबर सिक्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, बिजनेस फाइनेंस, पब्लिक पॉलिसी, क्लाइमेट फाइनेंस एंड सस्टेनेबिलिटी, क्वांटिटेटिव फाइनेंस एंड रिस्क मैनेजमेंट और सस्टेनेबल कंस्ट्रक्शन प्रैक्टिस एंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सहित 10 विशिष्ट अत्याधुनिक क्षेत्रों में होंगे।

### इस तरह होती है पढ़ाई

कार्यक्रम के तहत 60-क्रेडिट, 12-मॉड्यूल उद्योग-केंद्रित पाठ्यक्रम आईआईटी कानपुर की अनुभवी फैकल्टी और शोधकर्ताओं की ओर से पढ़ाया जाता है। कार्यक्रम के प्रतिभागियों को आईआईटीके इनक्यूबेशन सेल और पूर्व छात्र नेटवर्क तक भी पहुंच हासिल होती है। इससे उनके कैरियर के अनुभव में उन्नति होती है और नेटवर्किंग के अवसरों में बढोत्तरी होती है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि हम अपने पुत्र जॉन मसीह तथा पुत्रवधू नेहा दयाल के चाल चलन व व्यवहार से दुखी होकर उससे सम्बंध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेनदेन से हमारा का कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **–राकेश वयस्क पुत्र मसीह चरन, एवं शोभा वयस्क पत्नी राकेश, निवासी–133/6, देवीगंज, मजार वाली गली, पोस्ट– चकेरी एयरोड्रम, कानपुर नगर।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम TASLEEM था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD TASLEEM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MOHD TASLEEM S/O: SAHEEK AHMAD,VILL- SISORA SAHAMAT, POST-SISORA NASIR, LAKHIMPUR KHERI,UTTAR PRADESH-262804

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम EHSANUL HAK था अब मैने बदलकर अपना नाम AHSANUL HAQ रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AHSANUL HAQ S/O: ABDUL RAHMAN, R/O: BAMBHAURA POST JARWAL ROAD TEHSIL KAISERGANJ, BAHRAICH

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2015 अनुक्रमांक– 1761629 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2017 अनुक्रमांक 1289096 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **–संजीव कुमार सरोज पुत्र सुरेश कुमार सरोज, ग्राम – धरमपुर, पोस्ट – हैंसी परजी, मानधाता, प्रतापगढ़**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि अनुक्रमांक नं0– 23203930/2020 **सावन्त सिंह पुत्र चन्द्र पाल सिंह, निवासी– ग्राम हिम्मापुरवा, पो0– मोहाना, तहसील– अकबरपुर, जनपद– कानपुर देहात** की हाईस्कूल मार्कशीट में त्रुटिवश माता का नाम श्रीमती अर्चना देवी अंकित हो गया है। जबकि उनका सही नाम श्रीमती हीरा मुन्नी देवी हैं तथा अन्य समस्त प्रपत्रो में हीरा मुन्नी देवी नाम अंकित है। अत: मेरी माता का नाम हीरा मुन्नी देवी नाम अंकित किया जाय। – सावन्त सिंह द्वारा वर्ष 2021 में CBSE BOARD से 10th परीक्षा पास की थी। सावन्त सिंह प्राइवेट कैंडिडेट था जिसका रजि0 नं. 99999/01613 7072, व मार्कशीट सीरियल नं0 2310612 है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र कृष्णा शर्मा उर्फ राज को उसके गलत आचरण के कारण अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किसी भी कृत्य या लेन–देन से हमारी व हमारे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **घनश्याम पुत्र स्व0 राम सेवक, मूल, निवासी– ग्राम तमनपुर, पो0– सहगंवा पश्चिम, गांव– महाराजगंज, रायबरेली, उ0प्र0–229311, वर्तमान– निवासी– म0नं0–67/69, कल्लू पंडित लेन, लाल कुआं, लखनऊ**

**सूचना**

यह कि मैने शास्त्रीनगर तिर्वा मे एक आवासीय प्लाट का बैनामा दिनांक 13 जुलाई 2009 में कराया था। जिसकी पुस्तक सं0– 1,खण्ड 1391, पृष्ठ– 95–124, रजिस्ट्री क्रमांक 2761 वास्तव मे कहीं खो गया है। जिसे मिले वह संपर्क करे। **–अनीता देवी पत्नी सुनील कुमार शर्मा , निवासी–शास्त्रीनगर, तिर्वा, जनपद– कन्नौज**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 211324359 वर्ष 2021 एवं इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 2236132674 वर्ष 2023 के अंकपत्र वास्तव में खो गये हैं।– **रोहित पाल पुत्र ब्रजेश कुमार, सरस्वती इंटर कालेज मोतीझील, इटावा, आवासीय पता– मैनपुरी, रेलवे क्रासिंग के पास अड्डा जालिम इटावा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा शस्त्र लाइसेंस नंबर BML/4281 जो कि वास्तव में कहीं खो गया है। – **शिवराज सिंह पुत्र भूप सिंह, निवासी–ग्राम–बघुईया, थाना– सैफई जनपद इटावा।**

अमृत विचार
www.amritvichar.com



# सड़क के बजट से दलालों की बिल्डिंग चमकी

संवाददाता, असोथर फतेहपुर



बजट खर्च होने के बाद भी बदहाली की दांस्ता बयां करती सड़क। अमृत विचार

- कागजों पर बनी सड़क 90 करोड़ का गोलमाल
- आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना में खुलासा

**अमृत विचार।** पीडब्ल्यूडी विभाग जरा सी भी जिम्मेदारी से काम करता तो शायद जनपद की कोई भी सड़क इतनी टूटी-फूटी और विखरी हुई नहीं होती। आरटीआई से मिले इस जवाब से साफ साबित होता है कि सरकार हर क्षेत्र की प्रत्येक सड़क के लिए बजट दे रही है, लेकिन वह बजट इन भ्रष्ट अधिकारियों की जेब से गुजरता हुआ दलालों की जेब में जा रहा है। आरटीआई में खुलासे के मुताबिक कागज पर सड़कों का निर्माण दिखाकर लगभग 90 करोड़ रुपये का गोलमाल किया गया।

विजयीपुर-गाजीपुर सत्याग्रह के अगुआ रहे ई. प्रवीण पाण्डेय ने बताया कि पिछले तीन माह से तमाम लोगों ने आरटीआई और आईजीआरएस किया, जिनका जवाब देने से विभाग हमेशा बचता रहा। क्योंकि विभाग की पोल खुलने वाली थी। हजारों की संख्या पूरी करने के बाद प्रथम अपील करने के बाद मुख्यमंत्री द्वारा बजट पास करने के बाद विभाग ने आरटीआई का जवाब दिया। आरटीआई का जवाब अभी इसीलिए नहीं दे रहा है कि आज भी लोग लोगों को लग रहा है रोड को बनना ही था। इस सड़क को बजट न मिलने का सबसे बड़ा कारण यही रहा कि सरकार यह जानना चाहती थी कि जो अभी तक पैसा दिया गया वह खर्च हुआ या नहीं और 30 करोड़ रूपये सरकार के देने के बाद किस बेस पर 102 करोड़ रूपये या 90 करोड़ रूपये इनको दे देती। आखिर इन्होंने इस 30 करोड़ से किया क्या है? एक भी ट्रैक मिट्टी इन्होंने खरीद के नहीं डाली। अभी तक इस रोड में गरीब किसानों के खेत से मिट्टी उठाकर के इन्होंने शोल्डर की भराई की है। पांडेय ने बताया कि कोई भी ऐसी बड़ी मशीनरी का उपयोग इन्होंने नहीं किया, जिसका मासिक किराया दिया हो। 80 से 90 हजार रूपये माह के किराए की जेसीबी लगा करके इन्होंने तीन माह में किसानों के खेत की मिट्टी उठाकर के वहीं की वहीं डाल दी है।

कितना पैसा खर्च किया? उनका कहना है कि सरकार से मिले 30 करोड़ में अगर यह चाहते तो बहुत कुछ कर सकते थे। लोगों के पैदल चलने लायक तो रास्ता रहता। इस सड़क का दर्द इस सड़क से गुजरने वाले से पूछिए। इस सड़क के बनने में हमारे बीच के हमारे अपने ही रहे। जिन्होंने इन अधिकारियों को मनमानी करने दिया और अपना हिस्सा बीच बीच लेते रहे।

# मृतक मजदूर के परिजनों को सौंपी नौ लाख की चेक

**अमौली।** अमौली विकासखंड क्षेत्र में बिजली के जर्जर तार व पोल बदलने का काम ल्युमिनो इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी के तहत किया जा रहा है। जिस पर मजदूरी कर रहे दपसौरा निवासी चंद्रपाल निषाद के ऊपर बिजली का पोल टूट कर गिर गया था। जिसका इलाज कंपनी का कार्य देख रहे रमन सिंह के द्वारा कानपुर के एक निजी अस्पताल में चलता रहा।

चंद्रपाल की सात अक्टूबर को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मौत के बाद परिजनों में अफरा तफरी का माहौल रहा। कंपनी का काम देख रहे ठेकेदार के द्वारा परिजनों को लगातार हरसंभव मदद करने का आश्वासन मिलता गया और तीन माह में कंपनी के द्वारा कार्य करने में हुई दुर्घटना पर बीमा कंपनी ने क्लेम फाइनल कर दिया।

# जान जोखिम में डाल सफर कर रहे नौनिहाल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले समेत अन्य जनपदों में भी कई बार खटारा स्कूली वाहनों से दुर्घटनाएं होने के बाद भी जिले के स्कूलों में मनमाने तरीके से खटारा वाहनों को लगाकर बच्चों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। एआरटीओ दफ्तर के रिकॉर्ड के मुताबिक पंजीकृत वाहनों के सापेक्ष कई गुना स्कूलों में लगे वाहनों की संख्या है।

गैर पंजीकृत वाहनों में मनमानी तरीके से छोटे-छोटे बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल जा रहे हैं। जिला प्रशासन इस मामले में अनजान बना है। संचालक अपने स्कूलों को जिले का सबसे बेहतर बताते हैं, लेकिन बच्चों की सुरक्षा के नाम पर स्कूलों में मानकों का पालन नहीं किया जाता है। बच्चों को लाने व ले जाने के लिए लगाए जाने वाले वाहनों के संचालकों से कमीशन वसूलने के लिए संचालक बच्चों की जान जोखिम में डाल देते हैं। जिले में करीब 1200 छोटे-बड़े स्कूल हैं। इनमें बच्चों व स्टाफ को लाने व ले जाने के लिए वाहनों की संख्या पर गौर किया जाए तो स्थिति काफी दयनीय नजर आती है। मानकों को ताक पर रखकर चल रहे इन वाहनों को चलाने की अनुमति न तो चालकों के पास है और न ही स्कूल संचालकों के पास ही है।



कुछ इस तरह से खतरों के बीच ढोए जाते हैं स्कूली बच्चें। अमृत विचार

## 80 फीसदी वाहन नहीं हैं स्कूलों के योग्य

स्कूलों में लगाए गए 80 फीसदी वाहन बच्चों को लाने व ले जाने के लिए योग्य ही नहीं है। शासन के नियमानुसार केवल मिनी बस या बस में ही बच्चों को लाया व ले जाया जा सकता है। लेकिन जिले के स्कूलों में मैजिक, वैन, ई-रिक्शा आटो समेत तमाम अवैध वाहन बच्चों को लाने व ले जाने का कार्य कर रहे हैं। उक्त वाहनों के अवैध होने के बाद भी अभी तक अफसरों ने ऐसे स्कूलों के वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठाई है।

## एक नजर

### बकरी-बकरे किए चोरी

**जाफरगंज।** चौकी से चंद कदम दूरी पर चोरों ने घर के अंदर बंधी बकरियां खोल ले गए। भुक्तभोगी ने पुलिस को दी तहरीर। थाना क्षेत्र के देवरी गांव निवासी अनवर बकरी पालन कर जीविकोपार्जन कर जीवन यापन करता है। बताया कि गुरुवार रात चौकी से चंद कदम दूरी पर घर के अंदर बंधे लगभग 80 हजार रुपए कीमत के चार बकरे व तीन बकरियां कार सवार चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

### कथा सुन आनंदित हुए भक्त

**जाफरगंज।** खजुहा ब्लॉक के गहरू खेड़ा मंसूरपुर गांव स्थित सिद्धपीठ श्री भर्थहरि आश्रम शिव मंदिर में पूजा अर्चना के साथ सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया। कथावाचक पंडित बिपिन जी महाराज शुक्ला द्वारा सुंदर कथाओं का वर्णन किया गया। बड़ी संख्या में आए कथा प्रेमियों ने कथा का आनंद लिया। संयोजक श्री श्री 108 श्रवण गिरी महाराज ने बताया कि भागवत समापन के बाद शिवरात्रि के दिन विशाल मेला रामलीला एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से इसमें शामिल होने की अपील की है।

### पत्नी जेवर लेकर भागी

**खागा।** खखरेरू थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी अपने प्रेमी के साथ चली गई है। पत्नी घर पर रखे चांदी के पायल, झूमकी, कमरबंद व 30 हजार रुपए नगद लेकर फरार हो गयी। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया की पति की तहरीर पर पत्नी को खोजबीन की जा रही है।

# प्रेमी युगल ने जंगल में खा लिया जहर, युवती की मौत

## युवक को बेहद गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र के बरगद का डेरा नरौली मजरे गढ़ा गांव में प्रेमी जोड़े ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसमें से प्रेमिका की मौत हो गई जबकि प्रेमी की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बरगद का डेरा गांव निवासी छेदू की पुत्री का थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव निवासी रामस्वरूप के बेटे कामता से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक दूसरे शादी कर एक साथ रहना चाहते थे। दोनों के परिजनों को भी बढ़ रही प्रेम कहानी की जानकारी हो गई थी। परिजनों की जानकारी के बाद दोनों की मिलने पर पाबंदियां लगने लगी। दोनों के परिजनों ने शादी से भी इंकार कर दिया। इसके बाद गांव से कुछ ही दूरी पर जंगल में दोनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद दोनों अपने अपने घर पहुंचे।

देर रात युवती को उल्टियां शुरू हो गई और हालत बिगड़ते लगी। हालत को बिगड़ने पर दोनों के परिजनों को जानकारी हुई। परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए ले गए। जहां डॉक्टरों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। तो वही प्रेमी कामता की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। वही प्रेमी-प्रेमिका के जहर खा लेने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की। इसके बाद किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



युवती के दरवाजे पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### यहां से शुरू हुई थी दोनों की प्रेम कहानी

थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव निवासी कामता निषाद की बहन बरगद का डेरा नरौली गांव निवासी शंकर के साथ ब्याही है। कामता अपनी बहन की ससुराल आता-जाता था। इसी दौरान उसकी युवती से दोस्ती हो गई थी। जिसके बाद कामता का आना-जाना ज्यादा हो गया करीब दो साल तक दोनों छिप कर मिलते रहे। दोनों की प्रेम कहानी की जानकारी परिजनों को हो गई फिर दोनों ने शादी करने की जिद की। दोनों के परिजनों को यह मंजूर नहीं था।

- परिजनों ने दोनों के मिलने पर पाबंदियां लगा दी थी



शिविर के शुभारम्भ में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। अमृत विचार

# सेवा योजना व्यक्तित्व के निर्माण में सहायक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर के डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ किया गया।

प्राचार्य डॉ. सरिता गुप्ता ने शिविर का उद्घाटन करते कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाता है तथा देश को अच्छे नागरिक प्रदान करने में सहायक होता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपाल सिंह ने कहा कि हमें जाति, धर्म आदि संकीर्ण भावनाओं से ऊपर उठकर राष्ट्र को प्रमुखता पर रखकर कार्य करना होगा। साथ ही शिविर आयोजन के लिए अपना शत प्रतिशत योगदान देने की बात कही। राष्ट्रीय सेवा योजना की पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेखा वर्मा ने छात्राओं को सकुशल शिविर आयोजन के सूत्र बताए। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति ने सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। साथ ही छात्राओं से कहा कि यदि आपने दूसरे की दुख में दुखी होना तथा दूसरों की खुशी में खुश होना सीख लिया तब आपका राष्ट्रीय सेवा योजना में प्रतिभाग करना सफल हो जाएगा। छात्रा श्रेया त्रिपाठी, श्रेया सिंह, फरहीन, अलीशा, श्रेया श्रीवास्तव, राबिया मंसूरी, प्रियांशी, आरती द्विवेदी आदि ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति ने किया। डॉ. मीरा पाल, डॉ. शकुंतला, डॉ. लक्ष्मीना भारती, डॉ. प्रशांत द्विवेदी, शरद चंद्र राय, डॉ. अजय कुमार, डॉ. रेखा वर्मा रहीं।

## सार-संक्षेप

### डाक्टरों को बांटे गए पल्स ऑक्सीमीटर

**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान में चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने शुक्रवार को डाक्टरों को पल्स ऑक्सीमीटर वितरण किया। डॉ. श्रीवास्तव ने शहर के सम्मानित चिकित्सक जो समाज में अपनी सेवाएं दे रहें हैं उनके क्लीनिक व नर्सिंग होम में जाकर पल्स ऑक्सीमीटर प्रदान किया व स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता निवेदन पत्रक चिकित्सकों के सहयोग से चस्पा किया गया और चिकित्सकों से यह निवेदन किया गया कि आपके यहां जो भी मरीज आ रहें हैं, उन्हें आने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए अवश्य प्रेरित करें। जिस पर सभी चिकित्सकों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ. देवाशीष चौधरी, डॉ. विवेक श्रीवास्तव, डॉ. तारक नाथ सरकार, डॉ. राजीव रतन शर्मा, डॉ. विजय पटेल, डॉ. जवाहर लाल, डॉ. एसबी सिंह, डॉ. केके पांडेय, डॉ. सुरेश राजवंशी, डॉ. पवन बाजपेयी, डॉ. सुधाकर तिवारी, डॉ. पंकज रस्तोगी, डॉ. आरके पांडेय, डॉ. नवीन श्रीवास्तव, डॉ. वीके चौधरी, डॉ. वकील अहमद सिद्दीकी की क्लीनिक में मतदाता जागरूकता निवेदन पत्रक लगाया गया।



शोरूम का उद्घाटन करते मौलाना अमजद। अमृत विचार

### लेडीज एंड किड्स वियर शो रूम का उद्घाटन

**फतेहपुर।** शहर के चौक स्थित चूड़ी वाली गली में शुक्रवार को भारत कलेक्शन लेडीज एंड किड्स वियर शोरूम का उद्घाटन किया गया। मौलाना अमजद ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। शोरूम के संचालक मोहम्मद फैज एवं मोहम्मद सैफी ने बताया कि हमारे यहां महिलाओं के नए-नए डिजाइनर कपड़े जैसे लहंगे, फैंसी लेडीज सूट, प्लाजो लेगी क्रॉप टॉप गाउन एवं साड़ी उपलब्ध हैं। साथ ही बच्चों के भी फैशनेबल सूट फ्रॉक एवं जींस का नया कलेक्शन मौजूद है। शो रूम में किफायती दामों में बिक्री करना ही उद्देश्य है। इस मौके पर हाजी रियासत, हाजी मुख्तार, इशरत, सुल्तान आलम, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद परवेज, मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद जावेद सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मोटे अनाज को लेकर किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**फतेहपुर।** मोटे अनाज के पैदावार एवं इसके महत्व का बताने के लिए शुक्रवार को दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को विभिन्न जानकारी दी। उप कृषि निदेशक ने बताया कि उप्र मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत पौष्टिक अनाज की खेती, प्रसंस्करण एवं उपभोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा 2 दिवसीय किसान प्रशिक्षण का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, थरियांव में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ विकास पासवान, ब्लाक प्रमुख हसवां ने किया। कार्यक्रम में उप सम्भगगीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर, डा. मदन सेन सिंह, डा. शैलेन्द्र सिंह, कृषि वैज्ञानिक, सुआट्स कृषि विश्वविद्यालय नैनी, प्रयागराज, डा. साधना वैश्य, डा. जितेन्द्र सिंह, डा. जगदीश किशोर, डा. एसके पाण्डेय, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र थरियांव द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। सुआट्स कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा मिलेट्स फसलों के उत्पादन एवं उपभोग के विषय में विस्तार से किसानों को अवगत कराया गया। डा. साधना वैश्य ने मिलेट्स प्रसंस्करण विषय पर जागरूक किया। डा. एसके पाण्डेय ने पशुपालन से सम्बन्धित विषय पर किसानों को जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिकों ने जनपद में मोटे अनाज यथा रागी, सावां, कोदो, संकर ज्वार एवं बाजरा का बोये जाने वाले क्षेत्रफल व उत्पादन को बढावा के सम्बन्ध में जानकारी दी।

### अवैध खनन कर रहे दो ट्रैक्टरों पर कार्रवाई

**असोथर।** नगर पंचायत क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन कर जा रहे दो ट्रैक्टरों पर खनिज अधिकारी ने की कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के नगर पंचायत असोथर में बिना परमीशन और बिना रवन्ना के अवैध खनन कर मिट्टी ले जा रहे दो ट्रैक्टरों पर खनिज अधिकारी ने पकड़ते हुए थाने में खड़े कराकर जुर्माने की कार्रवाई की है। जिससे दिनभर अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मचा रहा।

# सीएमओ, वरिष्ठ लेखाकार को दी भावभीनी विदाई

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** पीएमएस यूनियन ने सीएमओ कार्यालय में शुक्रवार को सीएमओ और वरिष्ठ लेखाकार के विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत हुए सीएमओ डा. अशोक कुमार व वरिष्ठ लेखाकार योगेंद्र प्रताप सिंह को फूल माला और प्रतीक चिन्ह देकर भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम में सीएमओ के कार्यकाल की कर्मचारियों ने सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार अभी तक उनका मार्गदर्शन मिलता रहा है जरुरत पड़ने पर आगे भी सीएमओ अपना मार्गदर्शन देते रहें। सीएमओ डा. अशोक कुमार पिछले आठ माह से जनपद में थे। शुक्रवार को वह सेवानिवृत्त हो गए। शासन स्तर से उनके स्थान पर एसीएमओ को कार्यवाहक सीएमओ का चार्ज सौंपा गया है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने डॉ. अशोक कुमार व योगेंद्र सिंह को भावभीनी विदाई दी। डॉ. इश्तियाक अहमद, महेंद्र राजपूत, दीपक सचान, राकेश, संतोष रहे।

# ट्रेन की चपेट में आई महिला की मौत

**थरियांव।** ट्रेन की चपेट में आ जाने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल पीएम के लिए भेज दिया। थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा चौकी क्षेत्र के एकारी गांव निवासी मीना देवी का पति धनराज राजगीरी का काम करता है। परिजनों ने बताया कि मीना जंगल की तरफ गई थी, जहां रेलवे ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# चलती कार में लगी आग, पांच लोग बचे

संवाददाता गाजीपुर

**अमृत विचार।** परिवार के साथ कार से घर जाते समय अचानक कार के इंजन में आग लगा गई। आग लगते ही चालक ने कार को रोककर बच्चों सहित बाहर निकालकर जान बचाई। आग लगने से कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के सुकेती गांव के रहने वाले वकील कुरैशी, बाबू कुरैशी बहन आसमा और दो बच्चों के साथ फतेहपुर शहर में एक निमंत्रण से रात में करीब एक बजे के आस पास कार से घर वापस लौट रहे थे। गाजीपुर थाना क्षेत्र के चुरियानी सामियाना गांव के पावर हाउस के पास पहुंचे तभी शार्ट सर्किट से इंजन में आग लगा गई। आग लगने से वकील ने कार को सड़क किनारे खड़ा कर कार में बैठे सभी लोगों को बाहर किया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। तब तक कार जल चुकी थी। पीड़ित कार मालिक ने बताया कि वह लोग एक मित्र के यहां निमंत्रण से रात में घर वापस आ रहे तभी कार में लगने से कार जल गई। वह पांच लोग थे सभी लोग सुरक्षित है। थाना प्रभारी विंनोद मिश्रा ने बताया कि एक कार में लगने से कार जलकर खाक हो गई है, सवार सभी लोग सुरक्षित है।



धू-धूकर जलती कार। अमृत विचार

- शहर से शादी समारोह से लौट रहे थे कार सवार
- कार में सवार दो बच्चों सहित पांच लोगों की बची जान

## खेती-किसानी

### दैवीय आपदा बारिश ओलावृष्टि के अंदेशे से सहमे हैं किसान

# खुला मौसम देख फसलों की कटाई तेज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** कभी बारिश तो कभी ओलावृष्टि से सहमें किसान मौसम साफ मिलने पर फसलों की कटाई-मड़ाई का कार्य तेज कर दिया है। मौसम की बेरुखी से किसान सहमें हुए हैं। मौसम विभाग की ओर से बारिश व ओलों की फिर से संभावना जताए जाने से किसान जल्दी में हैं। गुरुवार और शुक्रवार को आसमान साफ होने व तेज धूप निकलते ही किसान परिजनों के साथ खेतों में पहुंच गए। इससे फसलों की कटाई व थ्रेसरिंग का काम तेज होने से खेतों में चहल पहल दिखाई दी।

पिछले हफ्ते हुई बारिश से जहां पककर तैयार लाही सरसों की कटाई का काम बाधित हो गया था। इसके साथ ही ओले गिरने से लाही सरसों के साथ ही चना मटर धनियां, आलू आदि फसलों को भी काफी नुकसान हुआ था। इधर मौसम विभाग की ओर से दो व तीन मार्च को ओले गिरने व बारिश की फिर से संभावना जताए जाने के बाद किसानों की धड़कनें तेज हो गई हैं। शुक्रवार को आसमान साफ होने व धूप निकलते ही किसानों ने परिजनों के साथ खेतों में डेरा डाल कर लाही सरसों की कटाई व थ्रेसरिंग के साथ आलू की खोदाई का काम तेज कर दिया। किसान तैयार फसल को सुरक्षित करने की कवायद में जुटे दिखे।

### दिन में गर्मी, रात में अभी भी जाड़ा

बीते दिनों हुई बारिश और गिरे ओलों के बाद आसमान साफ हो गया। शुक्रवार सूरज के तेवरों से दिन भर तपन महसूस हुई। लोग छांव तलाशते दिखे। वहीं 24 घंटे में अधिकतम तापमान करीब 5 डिग्री उछला और 30 पर टिक गया। न्यूनतम पारा 14 डिग्री दर्ज किया गया। जिससे रात जाड़े में जकड़ी रही। गुरुवार की रात लोगों को सर्दी महसूस हुई। शुक्रवार की सुबह 8.30 बजते ही धूप ने तेवरों का एहसास कराया। इस वक्त तपन इतनी थी कि लोग छांव तलाशते दिखे। इसके बाद लगातार तपन बढ़ती गई। दोपहर 12.30 बजते ही सूरज मानो अपने चरम पर हो। लोग हल्के कपड़ों में नजर आए। न तो सर्द हवाएं परेशान कर रही थीं और न ही मौसम में नमी थी।

### अभी फिर बदलेगा मौसम

कृषि विज्ञान केन्द्र थरियांव के मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो आने वाले दिनों में हल्के-मध्यम बादल छाए रहेंगे। इसके बाद आकाश साफ होगा। इन दिनों में तापमान में भी उतार-चढ़ाव का दौर रहेगा।

- फरवरी महीने में कई बार हो चुकी है बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि



### शाम को सर्दी का एहसास

शाम होते ही सर्दीली हवाएं तीर सी चुभने लगी। इसके बाद जैसे-जैसे वक्त बढ़ा मौसम में लगातार ठंड़क आती गई। शाम सूर्योस्त के बाद दिन भर हल्के कपड़ों में घूम रहे शहरी जैकेट, स्वेटर सहित अन्य ऊनी कपड़ों में नजर आने लगे। सबसे बुरा हाल रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित अन्य वाहनों का इंतजार कर रहे मुसाफिरों का हुआ।

# दबंगों से पीड़ित महिला से मिले अमिताभ ठाकुर

**फतेहपुर।** एक दिवसीय दौरे पर आए आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने जमीनी विवाद के कारण दबंगों ने दलित महिला से पिटाई की थी। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पीड़िता के बेटे के साथ खागा कोतवाली पहुंचे।

पीड़िता के बेटे से लिखित तहरीर दिलवाई और दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाई। वहीं मौजूद पुलिस के आलाधिकारियों ने दबंगों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वाशन भी दिया। जिसके बाद अमिताभ ठाकुर पीड़ित दलित महिला सुनीता देवी से मिलने जिला अस्पताल भी पहुंचे और बातचीत कर हालचाल जाना। पीड़िता को न्याय दिलाने का आश्वाशन दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताब ठाकुर ने प्रदेश व जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया।

# आंदोलन करने वाले असली किसान नहीं

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर

- किसान ग्राम परिक्रमा यात्रा में कंसपुर पहुंचे किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष
- उन्होंने भाजपा को किसान हितैषी बताया, यात्रा के माध्यम कर रहे हैं वार्ता

**अमृत विचार।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह शुक्रवार को जिले पहुंचे। कंसपुर में आयोजित किसान ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत जिला अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ग्राम परिक्रमा यात्रा पूरे प्रदेश में निकाली जा रही है। इस दौरान हम लोग किसानों से संवाद स्थापित कर डबल इंजन की सरकार में किसान हितों में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में चर्चा करते हैं। किसानों से सुझाव लेते हैं। बताया कि यह यात्रा 12 फरवरी को मुजफ्फरनगर से शुरू की गई थी जो 10 मार्च तक चलेगी। इस दौरान 13 हजार 500 गांव 10 मार्च तक 50 हजार गांव में ग्राम परिक्रमा यात्रा पूरी हो जाएगी। देश का किसान भाजपा के साथ है जो किसान किसानों के नाम पर आंदोलन कर रहे हैं, वह असली किसान नहीं हैं।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष। अमृत विचार

### लोगों का हो रहा विकास

कामेश्वर सिंह ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार किसानों के कल्याण के लिए संकल्पित प्रयास कर रही है। गन्ना किसानों से गन्ना खरीद का 99 प्रतिशत का भुगतान भाजपा सरकार ने सुनिश्चित किया है। नीम कोटेड यूरिया, किसान सम्मान निधि, मोटे अनाजों पर एमएसपी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ऐतिहासिक स्तर पर सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं, धान व दलहन की खरीद आदि महतवपूर्ण कार्य भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष ने की।

# गेहूं खरीद को तैयार क्रय केंद्र, किसानों का इंतजार

## इस बार अप्रैल माह के बजाए मार्च से ही शुरू हो रही खरीद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** इस बार अप्रैल के बजाए मार्च से ही गेहूं खरीद की जा रही है। हालांकि जिले में अभी गेहूं की फसल तैयार नहीं हुई है, लेकिन शासन के निर्देश पर एक मार्च से होने वाली गेहूं खरीद के लिए केन्द्र खोल दिए गए हैं।

विभिन्न एजेंसियों के 42 क्रय केंद्र खोल दिए गए हैं। डिप्टी आरएमओ संजय कुमार श्रीवास्तव ने कुछ केंद्रों पर पहुंच कर तैयारियों का निरीक्षण भी किया। इसके साथ ही किसानों व बटाईदारों से संपर्क कर ऑनलाइन पंजीकरण कराने व क्रय केंद्रों में गेहूं बेचने के लिए प्रेरित करने व का निर्देश दिया। जिले में इस बार शासन ने एक मार्च से ही गेहूं की खरीद शुरू करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही गत वर्ष के समर्थन मूल्य में 150 रुपए की बढ़ोत्तरी कर 2275 रुपये प्रति कुंतल की दर से गेहूं की खरीद का फैसला किया गया है। 42 क्रय केंद्र खोले गए हैं। शुक्रवार से गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्र तो तैयार हो गए, लेकिन अभी गेहूं की फसल तैयार होने में देरी से फिलहाल खरीद शुरू हो पाने की उम्मीद नहीं है।

- फिलहाल अभी जिले में नहीं शुरू हो सकी है गेहूं की कटाई



"एक मार्च से गेहूं खरीद के लिए केन्द्र खोल दिए गए हैं। अधिक से अधिक किसानों के रजिस्ट्रेशन के लिए जागरुकता फैलाई जा रही है। हालांकि अभी फसल तैयार नहीं हुई है।

-संजय कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी एआरएमओ

### खुले बाजार में अधिक कीमत बनती रोड़ा

पिछले साल मूल्य समर्थन योजना के तहत 2125 रुपये प्रति कुंतल की दर से एजेंसियों को गेहूं खरीद की जिम्मेदारी दी गई थी। इन एजेंसियों की 57 क्रय केंद्रों से खरीद की गई थी। इस वर्ष शासन ने 2275 रुपये प्रति कुंतल की दर से गेहूं खरीद का फैसला किया है, लेकिन खुले बाजार में गेहूं का मूल्य 24 सौ रुपये प्रति कुंतल होने से इस बार भी किसान सरकारी क्रय केंद्रों के प्रति उदासीन दिख रहे हैं। हालांकि अभी किसानों के पास गेहूं तैयार नहीं है, इसके चलते किसानों के साथ ही इस बार बटाईदारों को भी गेहूं बेचने के लिए पाबंदियों में छूट देकर प्रेरित करने की कवायद तेज हो गई है।

# अगवा कर दुष्कर्म के दोषी को दस साल का कारावास

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-विशेष न्यायाधीश अनिल कुमार ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषी करार दिया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि थरियांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी का पांच फरवरी 2015 को रमवां गांव का चुनकू अपहरण कर ले गया था। खोजबीन के किशोरी के पिता ने चुनकू के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया था। किशोरी ने कोर्ट में आरोपी द्वारा दुष्कर्म का आरोप लगाया। मामले में आठ गवाह पेश हुए। कोर्ट ने मामले की अंतिम सुनवाई की। सुनवाई के बाद दोषी चुनकू को अपहरण, दुष्कर्म के मामले में दस साल की कैद और आठ हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।



- आठ हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया

### मादक पदार्थ में दोषी को दस माह की कैद

फतेहपुर। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट द्वितीय ने मादक पदार्थ के आरोपी को दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोषी खागा निवासी किशोर को दस माह की कैद और एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। खागा पुलिस ने आरोपी को एक साल पहले पकड़ा और मुकदमा दर्ज किया था। उधर, कोर्ट ने गाजीपुर थाने के खेसहन निवासी दुर्गा प्रसाद को एनडीपीएस एक्ट के तहत एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# मौसम पलटा, बढ़े पेट दर्द व बुखार के रोगी

संवाददाता फतेहपुर

- मरीज, पर्चा काउंटर से डॉक्टर कक्ष तक रही भीड़
- अस्पताल में रोजाना पहुंच रहे एक हजार से अधिक मरीज



जिला अस्पताल में मरीजों की लगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मौसम में उतार चढ़ाव से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। यही वजह है कि जिला अस्पताल में बुखार, पेटदर्द और सांस फूलने के मरीजों की भरमार है। उधर, निजी क्लीनिकों में भी मरीजों की भीड़ जुट रही है।

सुबह-शाम पड़ रही ठंडक से लोग मौसमी बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। शुक्रवार को जिला अस्पताल की ओपीडी खुलते ही मरीज व तीमारदारों की भीड़ लग गई। ओपीडी में एक हजार से अधिक मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचे। पर्चा बनवाने से लेकर डॉक्टर कक्ष से दवाएं लेने के लिए लोगों को घंटों अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। हालात यह रहे कि डॉक्टर कक्ष में मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। डॉक्टरों की कमी से भीड़ अधिक होने के चलते धक्का-मुक्की भी होती रही। फिजीशियन ने मौसमी बीमारी के मरीजों को देखा और उन्हें बचाव के तरीके बताए। ओपीडी में डॉक्टर देर से बैठ रहे हैं इसके चलते बीमारों को इलाज कराना मुश्किल हो रहा है। सुबह नौ बजे से अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़नी शुरू हो जाती है जो दोपहर दो बजे तक रहती है। इस बीच लैब से लेकर औषधि केंद्र और डॉक्टर कक्ष तक मरीजों की लंबी लाइन देखने को मिलती है। त्वचा रोग विशेषज्ञ का पद यहां खाली चल रहा है। जबकि इस समय सबसे ज्यादा मरीज मौसमी बीमारी के ही आ रहे हैं। हृदय रोग के डॉक्टर मौसमी बीमारी के मरीज को देखते हैं लेकिन वह नहीं बैठे इसलिए मरीजों को भटकना पड़ा और मरीज दूसरे डॉक्टर के पास इलाज को पहुंचे। फिजीशियन के पास भी मरीजों की सबसे ज्यादा भीड़ रही। उन्हें दिखाने के लिए धक्का मुक्की भी मरीजों के बीच होती रही। उन्होंने बताया कि इस समय पेट दर्द के रोगी सबसे ज्यादा आ रहे हैं। यह सब सर्दी, गर्मी के कारण हो रहा है। ऐसे मरीजों को दवा दी जा रही है और उन्हें बचाव के तरीके भी बताए जा रहे हैं। खान पान को लेकर भी सावधान किया जा रहा है। अस्पताल में त्वचा रोग के डॉक्टर की जो कमी है उससे मरीज परेशान हो रहे हैं। काफी समय बीत गया है लेकिन अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं हो पायी है। इससे दिक्कतें आ रही हैं। जबकि दूर दराज से मरीज लंबा सफर तय करके यहां आता है।

## एक नजर

### 46 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह निर्देश पर शुक्रवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 46 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं पुलिस ने आठ लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की है।

### दंपति को पड़ोसी ने पीटा

**फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र में रुपये के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामले में पड़ोसी मां-बेटों ने दंपति को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने पति-पत्नी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। औंग थाना क्षेत्र के शुक्ला नगर में पति-पत्नी को पड़ोसी मां-बेटों ने पीटकर लहूलुहान कर दिया है। पुलिस ने एससी-एसटी सहित मारपीट आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। शुक्ला नगर के देव कुमार रैदास ने बताया कि वह बैठा था। तभी पड़ोस के अंकुर शुक्ला से रुपये के लेनदेन में विवाद होने लगा। अंकुर शुक्ला ने उसे जाति सूचक गालियां देते हुए पीट दिया। देव कुमार की बाइक और मोबाइल भी ले लिया है। जब देव कुमार रैदास की पत्नी जूली अंकुर शुक्ला से मारपीट की। पुलिस जांच कर रही है।

# पूर्व जिला प्रवक्ता भाजपा में फिर लौटे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- अयाह-शाह विधायक एवं ज्वाइनिंग कमेटी संयोजक ने दिलाई सदस्यता
- पूर्व में पार्टी के कई पदों में रहकर पूर्व जिला प्रवक्ता की निभा चुके हैं जिम्मेदारी

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रवक्ता एक बार फिर भाजपा में विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ली है। अयाह-शाह विधायक विकास गुप्त व विधान सभा संयोजक, ज्वाइनिंग कमेटी संयोजक, चेयरमैन कोआपरेटिव प्रभुदत्त दीक्षित ने पूर्व जिला प्रवक्ता राजा सिंह कछवाह को पार्टी में शामिल कराया। उन्होंने कहा कि राजा सिंह कछवाह भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं।

सन् 1989 से अब तक सक्रिय सदस्य रहते हुए 1995 में युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष बहुआ, 2007 में जिला मंत्री युवा मोर्चा, 2010 में जिला प्रवक्ता किसान मोर्चा, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, 2014 में लोक सभा सह संयोजक, छिवलहा मण्डल प्रवासी, जिला संयोजक किसान जागरण यात्रा, विकास पर्व अभियान जिला सह संयोजक, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी के साथ जिला प्रवक्ता, 2019 में विधान सभा प्रभारी, सदस्यता संकलन प्रभारी जहानाबाद, मतदाता पुनरीक्षण प्रभारी अयाह शाह, सहायक चुनाव अधिकारी मण्डल बहुआ व जिला कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य रहे हैं। पार्टी में उनकी वापसी पर पूर्व विधायक सदर विक्रम सिंह, जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, प्रमोद द्विवेदी, दिव्यांग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राहुल सिंह, संतोष सिंह राजू, मण्डल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह, विनोद पाण्डेय, राममहेश निषाद, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुशील तिवारी बच्चा, सुधीर मिश्र, हीरालाल लोधी, शिव प्रताप सिंह, आलोक सिंह, कृष्ण कुमार द्विवेदी आदि रहे।




विधायक एवं कमेटी संयोजक के समक्ष दिलाई गई सदस्यता। अमृत विचार

# बेकाबू कार की टक्कर से युवक की गई जान

संवाददाता जाफरगंज



- कानपुर ले जाते समय रास्ते में थमी सांसें, खेत से लौटते समय रास्ते में हुआ हादसा

**अमृत विचार।** खेत से मवेशियों के लिए चारा लेकर पैदल वापस लौट रहा एक किसान शुक्रवार दोपहर हादसे का शिकार हो गया। गांव के बाहर तेज रफ्तार कार उसे टक्कर मारते हुए निकल गई। हादसे में घायल किसान को परिजन कानपुर ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी सांसें थम गईं।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी कल्लू गांव में खेती किसानी करता था। परिजनों ने बताया कि रोज की तरह वह खेतों में काम करने गया था। जहां से दोपहर बाद मवेशियों के लिए चारा लेकर वापस पैदल घर लौट रहा था। तभी वह गांव के बाहर ही पहुंचा था कि तभी मऊदेव की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारते हुए कार सवार तेज गति से भाग निकला। हादसे की जानकारी पर ग्रामीण और परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे। हालत गंभीर देख परिजनों ने उसे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने हालत नाजुक देख उसे कानपुर भेज दिया। परिजन उसे कानपुर लेकर जा रहे थे, तभी कानपुर पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की खबर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। शव लेकर वापस लौटे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सार-संक्षेप



युवा विकास समिति द्वारा वृद्धाश्रम में दिलायी गयी शपथ। अमृत विचार

### खाने की बर्बादी रोकने को दिलाई शपथ

**थरियांव।** युवा विकास समिति द्वारा अभियान चलाकर जनपद के सभी मैरिज हालों, आश्रम में पोस्टर लगाये जा रहे हैं और लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि भोजन की बर्बादी न करें। संस्था के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने वृद्ध जनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में अन्न को पूजा जाता है। यहां खाने को बर्बाद करना पाप माना जाता है। इसके बावजूद भी तमाम लोग अन्न तथा खाद्य पदार्थों को बर्बाद करते हैं और प्लेट में झूठन छोड़ देते हैं वहीं दूसरी ओर तमाम लोग भूख से बेहाल रहते हैं। शादी-विवाह आदि उत्सवों के अवसर पर भारी भीड़ इकट्ठी होती है। भीड़ द्वारा खाना भी उतना ही अधिक बर्बाद किया जाता है। अब यह बुरी आदत लोगों के जीवन का हिस्सा बन गई है। इसी गंदी आदत को बदलने के उद्देश्य से लोगों को खाने की बर्बादी न करने के लिए जागरूक करना पड़ेगा। समिति की जिलाध्यक्ष कंचन मिश्रा, आचार्य कुलम के संस्थापक विनोद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### बिना परमीशन कटवा डाले हरे नीम के पेड़

**थरियांव।** चक बरारी बिलंदा निवासी निराले बेग पुत्र नसीम बेग ने थाना थरियांव में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि जब वह सुबह वह अपने घर बिलंदा से फतेहपुर जा रहा था। तब देखा कि रास्ते में पड़ने वाली पुश्तैनी कब्रिस्तान जो भूलेख में दर्ज एक नंबरी जमीन है। और उस पर काफी समय से लगे नीम के हरे पेड़ों को कटवा दिया गया है। बताया कि चक बरारी बिलंदा निवासी एक व्यक्ति ने बिना किसी से पूछे हुए और बिना वन विभाग की किसी भी परमिशन के बिना हरे भरे पेड़ों को कटवा रहा था। मौके पर जाकर उसे समझाया और हरे भरे पेड़ों को काटने से रोका भी मेरे द्वारा मना करने पर और उसे समझाने पर आरोपी गाली गलौज करते हुए तमंचा लहराने लगा। चौकी इंचार्ज दिनेश शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत हुआ वर्चुअल लोकार्पण

**धाता।** नगर पंचायत धाता में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत 226 लाख के कार्यों का नगर विकास मंत्री ने वर्चुअल लोकार्पण किया है। नगर पंचायत में इन कार्यों का नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज ने लोकार्पण किया है। कार्यक्रम में नगर पंचायत के सभी सभासद व सभासद प्रतिनिधि मौजूद रहे। कुल 13 कार्य कराए जाने हैं। जिनका लोकार्पण किया गया है। इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी अजीत कुमार बागी, राजू, सरोज, गुलाब सिंह, विजय नामदेव, मोहम्मद कलीम, सत्येन्द्र पासवान, मनीष पासवान, उत्कर्ष जायसवाल सहित सभासद प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### नेत्र सर्जन के खिलाफ अभाहिम ने व्यक्त की नाराजगी

**फतेहपुर।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने शुक्रवार को मासिक बैठक कैंप कार्यालय में आयोजित की। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामगोपाल शुक्ला ने की। कार्यक्रम में संगठन मजबूती, आगामी होने वाले दो दिवसीय रामलीला धनुष यज्ञ आयोजन तथा पिछले दिनों मदन मोहन नेत्र चिकित्सालय में तैनात नेत्र सर्जन शैलेंद्र पटेल की शिकायत पर कार्यवाही न होने आदि विषयों पर चिंता व्यक्त की गई। प्रदेश महामंत्री मनोज त्रिवेदी ने कहा कि नेत्र चिकित्सक पर सीएमओ ने कोई कार्यवाही नहीं की। उन्होंने पटेल नगर चौराहा हनुमान मंदिर में संगठन द्वारा दो दिवसीय रामलीला धनुष यज्ञ 20वां वर्षिकोत्सव के सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां बांटी। जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य, स्वामी राम आसरे आर्य, करण सिंह पटेल, शशिकांत मिश्रा, श्रवण कुमार, एसके गुप्ता, प्रमोद पांडेय, संतोष नेता, अर्जुन प्रसाद, मूलचंद गुप्ता, जय नारायण सिंह, ललित कुमार, राम सिंह मौर्य, महिला जिला अध्यक्ष संगीता गुप्ता, रंजना सिंह, नीलम यादव, सरला सिंह आदि शामिल रहे।

# टेंपो में महिला से टप्पेबाजी पब्लिक ने एक को दबोचा

संवाददाता बिंदकी

- सोने की मांग बेदी व नगदी की गायब, एक व्यक्ति को भीड़ ने दौड़ा कर पकड़ा

**अमृत विचार।** अपनी ससुराल से मायके शादी समारोह में शामिल होने जा रही टेंपो में बैठी महिला के पर्स से टप्पेबाज सोने की एक मांग बेंदी व सात सौ रुपए नगद निकाल लिये। महिला के साथ उसका भाई था। महिला ने भाई को बताया तो उसने अन्य लोगों के साथ मिलकर एक व्यक्ति को दौड़ाकर पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

नगर के ललौली चौराहे के पास कुंवरपुर रोड स्थित टेंपो स्टैंड में शुक्रवार को महिला अर्चना देवी निवासी अजमतपुर अपनी ससुराल अजमतपुर से मायके मलवां के मदारीपुर खुर्द जाने के लिए टेंपो में बैठी थी, तभी पांच लोगों ने टेंपो को घेर लिया और महिला और उसके भाई से बोला गया कि अब टेंपो नहीं जाएगी। महिला के अनुसार जब वह दूसरे टेंपो के पास गई तो उसे टेंपो में भी नहीं बैठाला गया। महिला ने पर्स खोला तो पर्स में सोने की मांग बेंदी व रुपए नहीं थे। इस पर उसने भाई को यह बात बताई। भाई ने टेंपो को घेर कर खड़े पांच लोगों में से एक को शोर मचाकर अन्य लोगों के सहयोग से दौड़ा कर पकड़ लिया।

# जल ज्ञान यात्रा में छात्रों ने जानी पानी की गुणवत्ता

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- लैब में बच्चों को दिखाया गया जल टेस्टिंग
- एक सैकड़ा बच्चों को किया गया यात्रा में शामिल

**अमृत विचार।** स्कूली बच्चों को भी जल के प्रति ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल ज्ञान यात्रा का आयोजन किया गया। जल निगम ग्रामीण तथा जिला परियोजना प्रबंधन इकाई द्वारा आयोजित यात्रा को जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल तथा अधिशासी अभियंता सौमित्र श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखा कर विकास भवन परिसर से रवाना किया गया।

जल ज्ञान यात्रा में 10 परिषद विद्यालय तथा 10 निजी विद्यालय से 100 छात्रों और प्रत्येक विद्यालय से एक-एक अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। यात्रा सर्वप्रथम जल निगम की लैब पहुंची। जहां छात्रों को लैब इंचार्ज द्वारा जल जांच की जानकारी दी गई। उसके बाद यात्रा विकास खण्ड भिटौरा की बड़ा गांव पेयजल योजना पहुंची, जहां जिला समन्वयक राज मुनि यादव ने छात्रों को पंप हाउस और टंकी के विषय में जानकारी दी। वहीं आईईसी एक्शन फ़ॉर रूलर डेवलोपमेन्ट लखनऊ के प्रतिनिधि सोनू कुमार तथा उनकी टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर शुद्ध पेयजल, जल संरक्षण, जल जनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। बड़ा गांव से जल ज्ञान यात्रा पौराणिक स्थल ओम घाट पहुंची। जहां पर छात्रों को भृगुधाम के विषय में पौराणिक जानकारी प्रदान की गई। यात्रा में जिला परियोजना प्रबंधन इकाई से आईएसए कोऑर्डिनेटर शिवबहादुर सिंह चंदेल, सीबीटी स्वाति अवस्थी, रविकांत, राहुल तिवारी, प्रवीण कौशिक, आशिफ खान, मो सऊद, शनि कुमार, सोनू कुमार, साकेत सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।




जन ज्ञान यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अधिकारी। अमृत विचार

**छूटी पढ़ाई** परिवार का खर्च चलाने के लिए स्कूल छोड़ रहे नौनिहाल, बच्चों को ट्राली में भर कर काम कराने ले जाते हैं किसान

# पढ़ाई छोड़ कर आलू खोदाई में जुटे परिषदीय स्कूल के बच्चे

संवाददाता, असोथर फतेहुपर

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के बच्चे शिक्षा से ज्यादा परिवार के कामों में हाथ बटाना ज्यादा जरुरी समझ रहे हैं। जिन हाथों में कापी किताबें होनी चाहिए, वह दो माह का स्कूल छोड़ अपने परिवार के काम में हिस्सा बटाकर आलू की खेती के काम में लगे दिखाई दे रहे हैं। बढ़ी संख्या में नौनिहाल अपने अभिभावकों के साथ रोजाना ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर सड़क पर निकल पड़ते हैं। लगातार ट्राली हादसों की सुर्खिया बनती रही तथा अनेकों की जान भी गई। रोक के बाद भी जोखिम भरी ट्राली में सफर करना बंद नहीं हो सका, इलाकाई पुलिस अनजान बन रही है।

जिले के यमुना पट्टी क्षेत्र के किसान भी आधुनिक तरीके से खेती बाड़ी करने लगे हैं। इसी में आलू की खेती की जाती है। आलू की पैदावार ने किसानों की आय बढ़ा दी। आलू कास्तकारों की माने तो उसकी बुआई, खुदाई, आलू की हुई पैदावर की छटनी, ढेर लगाने तथा बोरो में भरने, लोड़िंग में काफी लोगों की जरूरत पड़ती है। मंहगी लागत वाली फसल को तैयार करने में काफी खर्च आ जाता है। गांवों में दिहाड़ी मजदूरी साढ़े तीन से चार सौ रूपये प्रतिदिन है। ऐसे में सारे काम दिहाड़ी मजदूर से कराने का मतलब लागत काफी बढ़ जाएगी। जिससे फसल की लागत निकालना कठिन साबित होगा। आलू कास्तकार खर्च में कमी लाने के लिए नौनिहालों के हाथों में काम थमा रहे हैं।

असोथर कस्बे के रहने वाले कई गरीब परिवार अपने पेट की भूख मिटाने के लिए जिंदगी से जोखिम लेने को भी तैयार हैं। सदर तहसील क्षेत्र के यमुना पट्टी के कास्तकार रोजाना ट्रैक्टर ट्राला लेकर असोथर आते हैं और गरीब परिवारों से संपर्क करके सस्ती मजदूरी पर परिजनों के साथ नौनिहालों को भी साथ आलू खुदाई, छटनी आदि काम को सुबह ले जाते हैं शाम को वापस घर छोड़ने आते हैं। इस जोखिम भरी जिंदगी से लेना देना किसी को नहीं रहा।



कुछ इस तरह से ट्रैक्टर ट्राली से ले जाए जाते हैं नौनिहाल छात्र। अमृत विचार

## क्या कहते युवा

### बीएड तक पढ़ाई की, अब कर रहे खेती



युवाओं के हाथों. में काम न होने का मलाल है। अब बटाई में खेती कास्तकारी कर रहे हैं। पांच बीघा में परिवार का खर्च चलाना संभव नहीं रहा। इसके लिए साल भर संघर्ष भी करना पड़ता है।

-राम सिंह

### एमए कर किसान बने



कुछ युवाओं ने तो पढ़ाई लिखाई पूरी करने के बाद उन्नति किस्म की खेती करने लगे उन्ही में एक मोनू भी हैं। इन्होंने आठ बीघा खेती से कास्तकारी की शुरूआत की आज बीस बीघा खेती बटाई में लेकर उन्नति खेती कर रहे हैं।

-मोनू

### दो माह चलता काम

गरीब परिवार और उनके नौनिहालों के हाथो में हर साल फरवरी व मार्च माह कास्तकारी का काम रहता है। आलू कास्तकार के खेतों में मजदूरी करके अपना पेट भरने के साथ-साथ परिवार के खर्चो में नौनिहाल हाथ बटाते हैं।

### छोड़नी पड़ती पढ़ाई

अपने परिवार के खर्च को बंटाने के लिए नौनिहालों को स्कूल भी छोड़ना पड़ता है। इस पर मजदूरी करने वाले गरीब परिवारों को कुरेदा गया तो दर्द झलका। वह कहने से नहीं चूके की पेट क्या-क्या न कराए। दो महीने काम मिलने से काफी राहत मिल जाती है।

### ट्राली से छिटक कर गिरने से किशोर की हो चुकी मौत

बीते वर्ष कठौता रोड पर एक बच्चे की ट्राली से गिर कर मौत हो गई थी। इसी तरह मेडी का पुरवा मोड के पास ट्राली पलटने से छह लोग घायल हो चुके हैं।

# ई-बसों का संचालन शुरू कराने की मांग

संवाददाता जहानाबाद

- जहानाबाद व कानपुर वाया साढ़ के बीच चल रही थीं बसें
- नगर व्यापार मंडल ने विधायक को मांगपत्र दिया

**अमृत विचार।** जहानाबाद कानपुर वाया साढ़ के बीच कानपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की लगभग दस ई-बसों का संचालन हो रहा था। जिसको 18 जनवरी से विभाग ने कहकर बंद कर दिया गया कि अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में बसे लगा दीं गई है 1 फरवरी से फिर से संचालन शुरू कर दिया जाएगा लेकिन अब तक बसे नहीं लौटीं।

बसें न होने से यात्रियों, व्यापारियों को कानपुर आवागमन में डग्गामार वाहनों से आना जाना पड़ता है। जिसमें उन्हें समय के साथ-साथ किराया भी अधिक देना पड़ता है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकुंद गोपाल गुप्ता ने बताया कि परिवहन निगम के एआरएम डीवी सिंह ने उन्हें आश्वस्त किया था कि फरवरी अंत तक ई-बसों का संचालन शुरू करा दिया जाएगा लेकिन कोई आशा नहीं दिखाई दे रही है। परेशानी को देखते हुए विभाग को सीएनजी का संचालन शुरू कराना चाहिए था पर व्यापारियों व यात्रियों की परेशानी की अनदेखी कर उन्हें अपने हाल पर छोड़ दिया गया है। नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकुंद गोपाल गुप्ता ने विधायक राजेंद्र पटेल से व्यापारियों व यात्रियों की कठिनाईयों से अवगत कराते हुए सीएनजी बसों के संचालन कराने मांग पत्र दिया। जिसमें मंडल के पदाधिकारी असलम, विशाल ओमर, अनिल कुमार, रुद्र देव, गगन तिवारी, राजेश, आकाश ने भी मांग की है।

# वायरल ऑडियो का सांसद की आवाज से होगा मिलान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


सांसद सुब्रत पाठक।

- अमिताभ ठाकुर की मांग पर पुलिस ने फॉरेंसिक लैब भेजा ऑडियो
- 15 फरवरी को हुआ था वायरल, भाजपा नेता समेत भगवान के प्रति भी अभद्र भाषा का प्रयोग


अमिताभ ठाकुर।

**अमृत विचार।** फरवरी के दूसरे हफ्ते में वायरल हुए कथित तौर पर सांसद के ऑडियो को आवाज की पुष्टि के लिए फॉरेंसिक लैब लखनऊ भेजा गया है। मामले में राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अधिकार सेना अमिताभ ठाकुर ने प्रकरण में सांसद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की थी।

बता दें कि 15 फरवरी की रात पर एक दुर्घटना में दो कारें आपस में टकरा गईं थीं। एक कार में सांसद व दूसरे में कन्हैया दीक्षित के समर्थक बताए गए थे। मौके पर झगड़े की नौबत भी आई थी, जिसमें कन्हैया के पहुंचने के बाद पुलिस को कार उठाने दी गई थी। घटना के बाद दोनों पक्षों में तनातनी हो गई थी। इसके बाद ही 17 फरवरी को मोबाइल फोन पर बातचीत का 1.14 मिनट का ऑडियो वायरल हुआ था। इसमें कथित तौर पर सांसद सुब्रत पाठक ने भाजपा नेता आलोक दीक्षित कन्हैया के सहयोगी सजल गुप्ता के बीच गालीगलौज तथा हिंदू देव बजरंगबली के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था। प्रकरण में सांसद द्वारा सफाई दी गई थी कि 'लोकसभा चुनाव आने वाले हैं, जिस पर विरोधी सक्रिय हो गए हैं।

सोशल मीडिया पर फेक ऑडियो वायरल किया गया है, जिसमें एआई तकनीक से मेरी आवाज को बनाया गया है। मेरी छवि व लोकप्रियता को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।' उन्होंने किसी के प्रति आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग नहीं किया है।

वहीं कन्हैया ने इतना भर कहा था कि 'कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, उनके लिए अपशब्दों का प्रयोग करना गलत है। मैं पार्टी में साधारण कार्यकर्ता हूं। सांसद को भी सोचना चाहिए कि लोकसभा चुनाव आने वाले हैं और जनता में इसका क्या संदेश जाएगा। जनप्रतिनिधि का रवैया इस तरह आक्रामक नहीं होना चाहिए।' मामले के चर्चा में आने के बाद अमिताभ ठाकुर ने आईजीआरएस में शिकायत कर सांसद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी। मामले में प्रकरण की जांच कर रहे सदर कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी ने ऑडियो को फॉरेंसिक लैब लखनऊ भेजने की रिपोर्ट आईजीआरएस को प्रेषित की है। इसमें कहा है कि लखनऊ प्रयोगशाला से आवाज की पुष्टि की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

वहीं इस संबंध में शिकायतकर्ता अमिताभ ठाकुर ने फोन पर बताया कि उन्होंने प्रकरण की शिकायत कोतवाली के साथ उसकी प्रति डीजीपी को भी भेजी थी। यदि यह मामला किसी साधारण व्यक्ति का होता, इस तरह से हिंदू देवता को गाली दी जाती तो तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर ली जाती। भाजपा की सरकार में सांसद को बचाया जा रहा है।

## अस्पताल में महिला चिकित्सक की तैनाती

**छिबरामऊ।** लंबे अरसे से चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे सौ शैया अस्पताल को आखिरकार एक महिला चिकित्सक मिल गई है। उन्होंने ज्वाइन कर स्वास्थ्य सेवाएं देना शुरू कर दिया है।

नगला दिलू स्थित सौ शैया अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसके सिंह ने बताया कि काफी लंबे समय से अस्पताल में चिकित्सकों की कमी है। इस समस्या को लेकर अस्पताल प्रशासन ने कई बार शासन को पत्र लिखा था। इसके बाद कई चिकित्सकों का यहां स्थानांतरण किया गया, लेकिन उन्होंने ज्वाइन करने से पहले ही अपना दूसरी जगह स्थानांतरण कर लिया। इससे समस्या जैसी की तैसी रही। इस बार शासन द्वारा भेजी गई एनएचएम महिला चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमा ने गुरुवार को अस्पताल ज्वाइन कर लिया है। महिला चिकित्सक आने से मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

# फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

**अमृत विचार।** घर से गुरुवार की रात अचानक गायब हुए युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी है।


अखिलेश।


शव मिलने के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़। अमृत विचार

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत खुबरियापुर में शुक्रवार सुबह तब हड़कंप मच गया जब खेतों की ओर जाने वाले किसानों ने एक युवक का शव आम के पेड़ पर लटका देखा। सूचना पाकर अन्य ग्रामीण एकत्रित हो गए। मौके पर पहुंचे ध्रुव सिंह कठेरिया मृतक की पहचान 20 वर्षीय छोटे भाई अखिलेश पुत्र करन सिंह के रूप में की। पिता करन सिंह ने बताया कि अखिलेश दिल्ली में रहकर एक बेकरी में काम किया करता था। तीन दिन पहले ही दिल्ली से घर आया था। गुरुवार की रात वह अचानक कहीं चला गया। बहुत खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। सुबह आम के पेड़ पर मफलर से बने फंदे से उसका शव लटका मिला। परिजनों का कहना है कि पड़ोस के रहने वाले एक युवक से उसका किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव उतारकर विधिक कार्रवाई की।

### युवक के खिलाफ की गई थी छेड़छाड़ की शिकायत

छिबरामऊ। पता चला है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने अखिलेश के खिलाफ अपनी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस अब इस मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन कर रही है।

## एक नजर

### संस्कृत के परीक्षार्थियों ने दी चित्रकला की परीक्षा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ के परीक्षा केंद्र श्रीमती राधादेवी आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को प्रथम पाली में उत्तर मध्यमा प्रथम में चित्रकला की परीक्षा हुई। इसमें पूर्व मध्यमा द्वितीय के 64, उत्तर मध्यमा प्रथम के 80 तथा उत्तर मध्यमा द्वितीय के 35 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। केंद्र व्यवस्थापक अर्चना यादव व सह केंद्र व्यवस्थापक बलराम त्रिपाठी ने आंतरिक दस्ते में सचिव कुमार तिवारी, शिवराम सिंह कुशवाहा, पंकज कुमार, अंशुल दीक्षित, अनूप कुमार, कामिनी देवी, कंचन प्रभा राठौर, श्वेता यादव, दीक्षा आदि के साथ चेकिंग की।

### हादसे में वृद्ध की मौत पर रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम सभापुर निवासी मनोज कुमार ने बताया है कि उसके चाचा दयाराम यादव (65) वर्ष 21 फरवरी की शाम लगभग 06 बजे गुरसहायगंज से बाजार कर साइकिल पर सवार होकर घर लौट रहे थे। तभी कोतवाली के सामने जीटी रोड पर कार के अज्ञात चालक ने तेज गति से साइकिल में टक्कर मार दी। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कर ली है।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** ग्राम जयसिंहपुरवा निवासी ऋषभ ठाकुर का कहना है कि रंजिश को लेकर गांव के दिवांशु ठाकुर व इंदरपाल ने 29 फरवरी को दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बीएसए दफ्तर में रिश्वत के आरोपी बाबू को भेजा जेल

## एंटी करप्शन टीम के निरीक्षक ने दर्ज कराई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिक्षक से रिश्वत लेने के आरोप में एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़े गए लिपिक को शुक्रवार सुबह लखनऊ स्थित कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एंटी करप्शन टीम के निरीक्षक ने सदर कोतवाली में लिपिक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया है। उसके पास से तलाशी में हजारों रुपये और महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।


आरोपी लिपिक विमल पांडेय।

- तलाशी में रुपये व दस्तावेज बरामद, एंटी करप्शन कोर्ट लखनऊ में किया पेश

### सिर खुजलाते ही टीम ने दबोचा

एंटी करप्शन टीम ने शिक्षक अनुराग सिंह को इशारा पहले ही बता दिया था। बाबू को रुपये देने के बाद जैसे ही शिक्षक ने सिर खुजलाया तो वहां मौजूद टीम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उसे दबोच लिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने दो गवाह बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी के कनिष्ठ सहायक श्रीकांत यादव व सारणीयक मनीष कुमार को भेजा था। ये लोग भी टीम के साथ बीएसए कार्यालय में मौजूद थे।

### रुपयों पर लगा दिया गया था फिनॉफ्थेलिन पाउडर

निरीक्षक के मुताबिक बाबू को देने के लिए रुपयों के ऊपर फिनॉफ्थेलिन पाउडर लगा दिया गया था। सभी रुपयों के नंबर पहले ही नोट कर लिए गए थे। बीएसए कार्यालय के कक्ष संख्या आठ में लिपिक विमल पांडेय ने जैसे ही इन रुपयों को गिना तो उसे दबोच लिया गया है। कोतवाली लाकर उसके हाथ सोडियम कार्बोनेट व साबुन से धुलवाए गए तो वह गुलाबी रंग के हो गए।

### शिक्षक ने लिपिक के पैर छूकर दी थी रिश्वत

एफआईआर में उल्लेख किया गया है कि शिक्षक अनुराग सिंह ने लिपिक विमल पांडेय के पहले पैर छुए और एरियर के बाबत बात की। उसने रुकने का इशारा किया। जब बीएसए उपासना रानी वर्मा चली गईं तो 20 मिनट बाद बाबू ने शिक्षक को हाथ से इशारा कर बुलाया। उसी दौरान एंटी करप्शन टीम के लोग कक्ष के बाहर खड़े हो गए। शिक्षक ने जैसे ही जेब से केमिकल लगे नोट लिपिक को दिए तो टीम ने उसे पकड़ लिया और गाड़ी में डालकर कोतवाली ले आए।

एंटी करप्शन टीम कानपुर मंडल के प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय कुमार मिश्र ने बताया कि 26 फरवरी को कानपुर नगर के दामोदरनगर बर्रा निवासी शिक्षक अनुराग सिंह पुत्र स्व. भूमिराज सिंह यादव ने शिकायत की थी कि वह गुगरापुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गौरीबांगर में सहायक अध्यापक पद पर तैनात हैं। बेसिक शिक्षा विभाग में उनकी नियुक्ति 2020 में हुई है और 8 दिसंबर 2020 को इस विद्यालय में ज्वाइन किया था। नियुक्ति के बाद अप्रैल 2021 तक का वेतन विभाग ने नहीं दिया। इस पर पूर्व बीएसए कौस्तुभ कुमार सिंह ने 16 मार्च 2023 को खंड शिक्षा अधिकारी गुगरापुर को वेतन एरियर के रूप में भुगतान करने के आदेश दिए। दिसंबर तक वेतन प्राप्त नहीं हुआ तो 5 दिसंबर 2023 को बीईओ गुगरापुर को प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर उन्होंने बिल लिपिक विमल पांडेय को निर्देश दिए। 18 दिसंबर 2023 को उसने दोबारा बीएसए से शिकायत की। जनवरी 2024 में वह लिपिक से फिर मिला तो उन्होंने 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। लिपिक ने पहले 10 हजार रुपये और भुगतान होने के बाद फिर 10 हजार रुपये लेने की शर्त रख दी। शिक्षक की शिकायत को संज्ञान में लेकर एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर सुशील पाराशर से जांच कराई गई तो मामला सही पाया गया। इसी आधार पर बाबू को रंगे हाथ पकड़ने की रणनीति तैयार की गई। आरोपी वरिष्ठ लिपिक जनपद मैनपुरी के थाना एलाऊ अंतर्गत ग्राम हबेलिया रतनपुर बरा का रहने वाला है और पिछले कई साल से बीएसए कार्यालय में तैनात है।

## इंस्पेक्टर का हमराह बताने वाला ही निकला शिकायतकर्ता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कोतवाली सदर में एंटी करप्शन टीम के आसपास रहा मौजूद
- लोगों से फोन पर शिकायत न करने की बात कहता रहा

**अमृत विचार।** कोतवाली में खुद को इंस्पेक्टर का हमराह बताने वाला युवक ही एंटी करप्शन टीम से शिकायत करने वाला शिक्षक निकला। कार्रवाई के दौरान लोग उसे पहचान नहीं सके और वह फोन पर भी लोगों को गुमराह करता रहा। प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज हो जाने के बाद सच्चाई सामने आ गई है।


कोतवाली में पानी की बोतल पकड़े शिकायतकर्ता अनुराग सिंह।

दरअसल, बीएसए कार्यालय के बाबू विमल पांडेय पर एरियर निकालने के नाम पर 20 हजार रुपये की घूस मांगने का आरोप लगाने वाले का नाम अनुराग तो बताया गया लेकिन मौके पर एंटी करप्शन टीम ने उसका पता व स्कूल के नाम की जानकारी न होने की बात कही थी। गुरुवार की रात करीब साढ़े नौ बजे दर्ज हुई रिपोर्ट के बाद शिक्षक का पता वही प्राथमिक विद्यालय गौरीबांगर ब्लॉक गुगरापुर निकला जिसकी चर्चा हो रही थी। इसका जिक्र एफआईआर में भी है। खास बात तो यह है कि बेसिक शिक्षा कार्यालय के कर्मचारी भी उसे नहीं पहचान सके। स्थानीय पुलिस व एंटी करप्शन टीम ने भी कुछ नहीं बताया। वहां मौजूद अनुराग खुद को पुलिस का सिपाही व इंस्पेक्टर के साथ चलने वाला हमराह बताता रहा। नीले जींस व सफेद, लाल व काली रंग की पट्टी वाला स्वेटर पहने अनुराग मौके पर ही था। उसके मोबाइल नंबर पर जब लोगों ने शिकायत करने की बात पूछी तो वह सभी से झूठ बोलता रहा। उसने कहा कि उसके नाम का कोई और होगा। हालांकि शक उस समय गहरा हो गया जब प्राथमिक विद्यालय गौरीबांगर के अन्य शिक्षक से पता किया गया तो उसके अवकाश पर होने की बात कही गई थी।

### बीएसए कार्यालय में पसरा रहा सन्नाटा

शुक्रवार को बीएसए कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। कर्मचारियों के चेहरे उतरे हुए थे। आपस में बात करते रहे कि अब तो काम करना मुश्किल हो गया है। ऐसे तो कभी भी बेवजह झूठा आरोप लगाकर उठा लिया जाएगा। डीवीआर तोड़ने को लेकर भी चर्चा हुई। वहां कुर्सी पर चढ़कर डीवीआर से उपकरण निकालने का आरोप लगा है। कुर्सी मौके पर रखी है और उस पर जूते में लगी मिट्टी के निशान हैं।

### कर्मियों की तहरीर पर नहीं लिखी गई रिपोर्ट

बीएसए कार्यालय के बाबू विमल पांडेय को एंटी करप्शन टीम की ओर से पकड़ने के बाद मारपीट व डीवीआर तोड़ने के आरोप लगे हैं। इस मामले की तहरीर कार्यालय के प्रदीप सक्सेना, शैलेंद्र यादव, सूरज वर्मा, अनुज चतुर्वेदी, सुशील मिश्रा, रोहित कुमार, शैलेंद्र प्रताप, अशोक कुमार, शिवा चतुर्वेदी समेत अन्य कर्मियों ने हस्ताक्षर कर दी। दूसरे दिन तक कोतवाली सदर पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी।

### इलाज के लिए बाबू ने की थी शिक्षक की मदद

**कन्नौज।** जिस बाबू विमल पांडेय को एंटी करप्शन टीम बीएसए कार्यालय से पकड़कर ले गई है कहा जा रहा है कि उसने कुछ महीने पहले शिक्षक अनुराग सिंह की मदद की थी। तब सड़क हादसे में उसके पैर में चोट लग गई थी। बाबू ने किसी से कहकर घायल को अस्पताल भिजवाया था।

### कुछ दिन पहले छिबरामऊ भी आई थी टीम

बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले छिबरामऊ में भी एंटी करप्शन की टीम पहुंची थी। वहां राजस्व विभाग से जुड़े एक कर्मी को पकड़ने की तैयारी थी, लेकिन तहसील भवन के अंदर कर्मी अन्य साथियों के साथ मौजूद था। यह देख बाद टीम लौट गई थी। हालांकि 10 दिनों के भीतर ही बीएसए कार्यालय वाकया हो गया।

# एचटी लाइन का तार टूटने से लगी आग, गृहस्थी जली

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** एचटी लाइन का तार टूट कर झोपड़ी पर गिर गया। देखते ही देखते झोपड़ी ने आग पकड़ ली और विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें देख पुलिस कर्मियों सहित स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन पुलिस कर्मियों, स्थानीय लोगों सहित पालिका टीम ने सामूहिक प्रयास से आग पर काबू पाया। तब तक झोपड़ी सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।


झोपड़ी में लगी आग को बुझाते स्थानीय लोग। अमृत विचार

- कोतवाली के निकट हुई घटना से मचा हड़कंप

शुक्रवार की शाम लगभग 05.45 बजे जीटी रोड किनारे कोतवाली के निकट शार्ट सर्किट के कारण एचटी लाइन का तार टूट कर चौकीदार आशाराम की झोपड़ी पर गिर गया। इससे झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। तेज लपटों को देख आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों, पुलिस कर्मियों सहित पालिका टीम ने राहत कार्य शुरू कर आग बुझाने का प्रयास किया। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने बिजली विभाग को फोन किया लेकिन रिसीव नहीं हुआ। घटना के घंटों बाद भी बिजली विभाग का कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। उधर आग की चपेट में आने से झोपड़ी सहित गृहस्थी का सामान, बाइक व अन्य सामान जल गया। पुलिस, पालिका टीम व स्थानीय लोगों के सामूहिक सहयोग से बड़ी घटना होने से रोक दिया। पास में अन्य लोगों की भी झोपड़ी रखी थी।

## खेलकूद छात्रावासों में प्रवेश को चयन 5 से

**सौरख, कन्नौज।** 2024-25 में खेलकूद छात्रावासों में 12 और 15 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिकाओं के प्रवेश चयन 5 मार्च से शुरू होगा। यह जानकारी देते हुए जिला क्रीड़ा अधिकारी नूर हसन ने बताया कि जिला और मंडल स्तर के बाद राज्य स्तर पर सफल बालक बालिकाओं को विभिन्न खेलों में छात्रावासों में प्रवेश दिया जाएगा।

जिला क्रीड़ा अधिकारी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि जिम्नास्टिक, तैराकी में 12 वर्ष से कम, कुश्ती, हाकी, बालीवाल, फुटवाल, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस, क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, जूडो, बाक्सिंग और हैंडबाल में बालक बालिकाओं की उम्र 15 वर्ष से कम होनी चाहिए। सभी प्रवेश के लिए आवेदन आनलाइन खेल साथी पोर्टल पर करना होगा। चयन प्रक्रिया जिला स्तर पर 5 से 7 मार्च तक, मंडल स्तर पर 8 मार्च से 10 मार्च तक और राज्य स्तर पर अलग अलग खेलों के लिए आगरा, मेरठ, गोरखपुर, झांसी, लखनऊ, अयोध्या, कानपुर, आजमगढ़, सोनभद्र, सहारनपुर में आयोजित होगी। विभिन्न खेलों में चयनित बालक बालिकाओं की आयु 1 अप्रैल 24 को 12 वर्ष और 15 वर्ष से कम होनी चाहिए। प्रवेश के लिए जन्मतिथि प्रमाणपत्र आदि जरूरी है।

## सार-संक्षेप



युवाओं को जागरूक करते मंगलम पांडेय। अमृत विचार

### ग्रामों में नमो युवा चौपाल का आयोजन

**जलालाबाद, कन्नौज।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद, हरदेवपुरवा, खुदलापुर, बहेलियनपुर्वा, बैसाबारी व जसौरा में भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा नमो युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें जिला उपाध्यक्ष मंगलम पांडेय ने सरकार की योजनाओं की जानकारी युवाओं को देकर जागरूक किया। बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर विश्व में भारत का डंका बज रहा है। भारत पुनः विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अजीत पांडेय, देवेंद्र राजपूत, अनुज राजपूत, सिन्टू राजपूत, सतेंद्र कटियार, उदय कटियार, गोलू राजपूत, अन्नू राजपूत आदि मौजूद रहे।


विचार व्यक्त करते अधिशासी अभियंता रवींद्र कुमार। अमृत विचार

### रिटायर होने के बाद बढ़ जातीं जिम्मेदारियां

**छिबरामऊ-कन्नौज।** 220 केवी उपकेंद्र में हुए कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारी वीरेंद्र सिंह को माल्यार्पण के साथ उपहार भेंट करके विदा किया गया। इस अवसर पर विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता रवींद्र कुमार ने कहा कि रिटायर होने के बाद जिम्मेदारियां और ज्यादा बढ़ जाती हैं। विद्युत पारेषण खंड के उपखंड अधिकारी दिग्विजय सिंह, अवर अभियंता अनिल कुमार ने रिटायर कर्मी के सम्मान में वक्तव्य दिया। इस दौरान जेई कन्नौज अखिलेश वर्मा, जेई तालग्राम मनोज कुमार, जेई पारेषण एवं परिचालन श्रवण कुमार, जेई सिकंदरपुर उमेश वर्मा, तकनीशियन सूर्य प्रताप चौहान के अलावा वीरेंद्र सिंह की पत्नी कृष्णा देवी, पुत्री अर्पिता राजपूत, प्राची राजपूत व पुत्र नवीन राजपूत आदि मौजूद रहे।

**सुविधा बढ़ी** — निर्वाचन आयोग ने लांच किया 'सुविधा पोर्टल', जनसभा व बैठक की अनुमति भी ले सकेंगे

# प्रत्याशियों को मिलेगी ऑनलाइन नामांकन कराने की सुविधा

**अमृत विचार विशेष**

**लोकसभा चुनाव 2024**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशियों को अब रिटर्निंग अधिकारी के दफ्तर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों के लिए 'सुविधा' वेब पोर्टल लांच किया है, जिसमें नामांकन की स्थिति और रिटर्निंग अधिकारी द्वारा भेजे गए निर्देशों को देख सकेंगे। साथ ही किसी जनसभा, बैठक या लाउडस्पीकर की अनुमति भी प्राप्त कर सकेंगे। इस पोर्टल के माध्यम से प्रत्याशी अपनी शिकायत को भी दर्ज करा सकेंगे।



ई-सुविधा पोर्टल।

लोकसभा चुनाव के दौरान इस बार प्रत्याशियों को कई सहूलियतें दीं जाएंगीं। 'सुविधा' वेब पोर्टल के अलावा कैंडिडेट एप्लीकेशन भी प्रत्याशियों को प्रदान किया जाएगा। ऑनलाइन नामांकन करने के लिए इस पोर्टल पर सुविधा मिलेगी, लेकिन उसकी हार्ड कॉपी रिटर्निंग ऑफीसर के पास जमा करनी होगी। 'सुविधा' पोर्टल के दो मॉड्यूल बनाए गए हैं, जिसमें पहला नामांकन है, जिसके माध्यम से प्रत्याशी अपने नामांकन की स्थिति देख सकता है तथा शपथ पत्र सहित जमानत धनराशि को देखने का भी विकल्प दिया गया है। दूसरा मॉड्यूल अनुमति का है, जिसमें प्रत्याशी किसी जनसभा, बैठक या लाउडस्पीकर की अनुमति ऑनलाइन प्राप्त कर सकता है। इसके लिए पहले ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा। इस पोर्टल पर सभी दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों का ब्योरा मिलेगा। नामांकन के बाद कैंडिडेट एप दिया जाएगा, जिसमें भी इसी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाएंगीं।

### 'सुविधा' वेब पोर्टल के फायदे

- बार-बार रिटर्निंग ऑफीसर कार्यालय आने से मुक्ति
- कहीं से भी ऑनलाइन लॉग-इन की सुविधा होगी
- कोई भी नागरिक इसे देख सकता है
- प्रत्याशी अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं
- शपथ पत्र या जमानत धनराशि की जानकारी
- जनसभा, बैठक या प्रचार वाहन की अनुमति
- शिकायत और उसके निस्तारण की आख्या
- चुनाव आयोग तथा आरओ के निर्देशों का अवलोकन
- लोकसभा क्षेत्र व मतदाताओं के बारे में पूर्ण जानकारी



'सुविधा' वेबपोर्टल लांच होने से प्रत्याशियों को ऑनलाइन नामांकन करने की सुविधा होगी तो किसी जनसभा, बैठक या प्रचार वाहन की अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्याशियों को इसकी हार्ड कॉपी रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में जमा करनी होगी। इसमें कई और भी फीचर्स जोड़े गए हैं।

–बिनीत कटियार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

## आवास निर्माण के दौरान मारपीट

**तिर्वा, कन्नौज।** जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट व छेड़छाड़ के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया कि उसके नेत्रहीन भाई सर्वेश के नाम इंद्रा आवास स्वीकृत हुआ था। वह अपनी जमीन पर आवास का निर्माण करा रही थी। पांच फीट ऊंची बाउंड्री होने के बाद जगतापुर गांव निवासी डम्पी, गौरव, इंद्रेश, राजेश नरायन, हर्षित, अंकित ने विरोध कर राजस्व टीम को लाकर उसका निर्माण रुकवा दिया। जब पैमाइश कराई तो निर्माण की अनुमति दे दी। चार फरवरी को वह सफाई कर रही थी तभी आरोपी आए और मारपीट की।

# आखिर बदला गया राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम

## अब डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नाम से जाना जाएगा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

**अमृत विचार।** शासन ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का फिर से नाम बदल दिया है। अब इसे डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नाम से जाना जाएगा। इसका आदेश भी जारी हो गया है। दूसरी ओर पत्र आने के बाद प्राचार्य ने बोर्ड व कागजों में नया नाम लिखाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। खास बात यह है कि आंबेडकर के पिता का नाम रामजी मालोजी सकपाल था। नए नाम में उनके नाम का भी जिक्र है।


मेडिकल कॉलेज का गेट। अमृत विचार

- तीन फरवरी को समाज कल्याण मंत्री की मांग पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया था ऐलान

तीन फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर के बोर्डिंग ग्राउंड में कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने संबोधन कर मुख्यमंत्री से राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर डॉ. भीमराव आंबेडकर करने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने उसी दौरान ऐलान कर दिया था कि मेडिकल कॉलेज का नाम जल्द बदल दिया जाएगा। उसी के तहत शुक्रवार को चिकित्सा शिक्षा सचिव पवन कुमार ने आदेश जारी कर दिया। इसमें कहा गया है कि राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम परिवर्तित कर डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज किया जाता है।

### दलित वोट बैंक पर है भाजपा की नजर

दरअसल, राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बदलने को लेकर राजनैतिक विश्लेषकों का तर्क है कि यह महज दलित वोट बैंक की राजनीति है। जनप्रतिनिधियों को नाम बदलने की बजाय मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं बढ़ाना चाहिए। उस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### यहां जनप्रतिनिधि परिजनों का नहीं कराते इलाज

नेता जनसभाओं में तो बड़ी-बड़ी बातें व सुविधाएं होने का दावा करते हैं, लेकिन जरूरत पड़ने पर परिजनों व रिश्तेदारों को बाहर के जिलों या नर्सिंगहोम में इलाज कराते हैं। अगर मेडिकल कॉलेज में बेहतर सुविधाएं हैं तो जनप्रतिनिधि या नेता खुद या परिजनों का इलाज यहीं कराएं।

### इस तरह चला नाम बदलने का सिलसिला

सपा सरकार ने वर्ष 2005 में तिर्वा तहसील क्षेत्र के बहादुरपुर-नुनारी गांव के पास खाली पड़ी सरकारी व किसानों की जमीन अधिग्रहित करके राजकीय मेडिकल कॉलेज खोलने का काम शुरू किया था। उस दौरान मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थी। करीब पांच सौ बीघा जमीन पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरू हुआ। सपा सरकार जाते ही बसपा सरकार आई। तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मेडिकल कॉलेज कर दिया। वर्ष 2012 में सपा फिर से सत्ता में आई और नाम बदलकर राजकीय मेडिकल कॉलेज कर दिया। अब फिर से नाम बदल गया है।

## मशीन आई, मिलेगा कलर अल्ट्रासाउंड का लाभ

**तिर्वा, कन्नौज।** डिजिटल अल्ट्रासाउंड के लिए मरीजों को हो रही परेशानियों को देखकर कॉलेज प्रशासन ने शासन को प्रस्ताव भेज कर मशीनो की मांग की थी। शासन की मंजूरी के बाद मशीन आ गई है। अब मरीजों को कलर अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलेगी। यहां आने वाले मरीजों को अच्छा उपचार मिल सके इसके लिए कॉलेज प्रशासन हर प्रयास मे जुटा हुआ है। अभी तक मरीजों को डिजिटल अल्ट्रासाउंड के साथ एक्सरा न मिल पाने से बाहर भेजना पड़ता था। इससे मरीजों को परेशानी के साथ जेब पर भी बोझ पड़ जाता था। कॉलेज प्रशासन ने समस्या के निदान के लिए डिजिटल अल्ट्रासाउंड के साथ एक्सरा सुविधा के लिए शासन को करीब एक माह पहले प्रस्ताव भेज कर मशीन की मांग की। शासन ने कालेज को कलर अल्ट्रासाउड की मशीन दे दी है। प्राचार्य डाक्टर सीपी पाल ने बताया कि कलर अल्ट्रासाउड व एक्सरा की मशीन की मांग की थी। शासन से मंजूरी के साथ मशीन आ गई है। जल्द ही मशीन को शुरू कराकर मरीजों को लाभ दिलाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

# मोबाइल छीनकर भागे लुटेरे दबोचे गए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली से चंद कदम दूर से दो बाइक सवार लुटेरों ने टेंपो पर सवार युवती का मोबाइल छीन लिया और भाग गए। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से दोनों से ट्रेस किया तो वह अड़ंगापुर रोड पर खड़े दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों को घेराबंदी कर दबोच लिया। उनके पास से तमंचे व कारतूस, लूटे गए मोबाइल व बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है।

शहर के मोहल्ला नखासा निवासी प्राज्ञी मिश्रा पुत्री आशीष मिश्रा ने बताया कि वह दो दिन पहले कन्नौज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर टेंपो से घर जा रही है। कोतवाली से चंद कदम दूर मलिक कांप्लेक्स के सामने बाइक सवार दो युवकों ने उसका मोबाइल छीन लिया और भाग गए। पीड़िता ने कोतवाली में जानकारी दी, जिस पर परिसर में लगे दूरदृष्टि केंद्र से लुटेरों की लोकेशन ट्रेस की गई। सरायमीरा चौकी प्रभारी शेखर सैनी व उपनिरीक्षक अजब सिंह ने शुक्रवार को पुलिस बल की मदद से अड़ंगापुर रोड पर दोनों लुटेरों को धरदबोचा। पकड़े गए लुटेरे जनपद कानपुर नगर की बिल्हौर कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला सरोजनी नायडू नगर निवासी शाहबाज पुत्र छोटे तथा जीशान पुत्र रमजानी है। पुलिस के मुताबिक दोनों इससे पहले भी लूट की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। इनके पास से मोबाइल के अलावा दो तमंचे, कारतूस व एक काले रंग की हांडा साइन बाइक भी बरामद हुई है। सीओ सिटी कमलेश कुमार ने बताया कि बाइक के बारे में पता लगाया जा रहा है। लुटेरों के खिलाफ बिल्हौर कोतवाली में भी मुकदमे दर्ज हैं। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है।



माल के साथ लुटेरे शाहबाज व जीशान। अमृत विचार

# इंटरमीडिएट परीक्षा में पकड़े गए दो मुन्ना भाई

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- दूसरे के स्थान पर दे रहे थे जीव विज्ञान की परीक्षा

**अमृत विचार।** प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर में सेंध लगाने के बाद आगरा में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज बोर्ड परीक्षा का दो दिन पहले पेपर लीक हो गया। अब कन्नौज में भी मुन्ना भाई शामिल हो गए हैं। उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नगर के तिर्वा रोड स्थित गीता इंटर कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि ग्राम कटकैया निवासी राघव कुमार व आशीष कुमार को दूसरे परीक्षार्थियों के स्थान पर परीक्षा देते समय पकड़ लिया गया। गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट में जीव विज्ञान का पेपर चल रहा था। दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते समय दोनों को पकड़ा गया है। जानकारी होने पर परीक्षा केंद्र के आसपास जोरों की चर्चाएं होने लगीं। आरोपियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के बाद कोतवाली पुलिस में रिपोर्ट भी दर्ज हुई है। मामले की पड़ताल शुरू हो गई है।

### पांच रहे अनुपस्थित

डीआईओएस कार्यालय के कंट्रोल रूम सह प्रभारी आशीष शुक्ल ने बताया कि सुबह की पाली में इंटरमीडिएट में उर्दू की परीक्षा में 69 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, उसके सापेक्ष 64 ने परीक्षा दी। पांच गैरहाजिर रहे।

# शिविर में महिलाओं से जुड़े संदेश बताए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन लघु नाटिकाओं के जरिए दी जानकारी
- पीएसएम पीजी कॉलेज की इकाई का नसरापुर में चल रहा है सात दिवसीय कार्यक्रम

**अमृत विचार।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नसरापुर वार्ड नंबर एक में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन महिलाओं से जुड़े मामले बताए गए। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर भी जानकारी दी गई।

शुक्रवार को शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत व राष्ट्रीय गान से हुआ। समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार व बीएड विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर विभा तिवारी ने महिलाओं के विषय बताए। स्वयंसेवकों ने नसरापुर क्षेत्र का सर्वेक्षण किया। संवेदनशील मुद्दों के बारे में बताया। शिविर में रेनू त्यागी के नेतृत्व में नौ स्वयं सेवकों की टोली ने भोजन बनाया। उसे सभी शिविरार्थियों को खिलाया गया। साथ ही लघु नाटिकाओं के माध्यम से महिलाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर संदेश दिए गए। इस मौके पर डॉ. आशीष सिंह व प्रेम नारायण ने स्वयं सेवकों को लघु नाटिका के प्रस्तुतीकरण में सहयोग प्रदान किया।


कार्यक्रम में शामिल एनएसएस के स्वयं सेवक शिविरार्थी। अमृत विचार

# 30 पर गुंडा व 23 पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में आपराधिक प्रवृत्ति के 30 अपराधियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई।

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने ग्राम पनगंवा निवासी उदयवीर, अनूप ग्राम पट्टी मटेना निवासी रामकिशोर, रामनिवास, अमन, कस्बा समधन के मोहल्ला गोरी नवादा निवासी शमसाद, ताहिर, मुजीद, शराफत, मीना, मुख्तियार, इरशाद, सलमान, हसरूल, निजाम, हारून, मिलिट्री ग्राउण्ड निवासी आकिल, ग्राम दाहिरापुर निवासी राहुल, विपिन, नितिन, ग्राम ताखेपुर्वा निवासी सुशील, नन्दराम, नन्हकू, सोलंकी, ग्राम रामपुर भुड़िया निवासी रंजीत सिंह, राजपाल, मोहल्ला किदबई नगर निवासी विनोद, गजेन्द्र, ग्राम पनगवां निवासी विपिन, रामप्रकाश के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। इसी प्रकार संजू गुप्ता निवासी सब्जी मंडी गुरसहायंगज, शिवा, संजय, मनोज, राजेश, अंकित, राज, राजा निवासी मोहल्ला गांधी नगर, राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजू, सुधांशु ओमप्रकाश वर्मा निवासी ग्राम जलालाबाद, विजय कुमार, गणेश, ललित कुमार रामनिवास, सुनील निवासी ग्राम सददूपुर, विनोद, शिवम, अतुल, अनिल निवासी ग्राम भुरजानी आदि रहे।

# नारकोटिक्स की दवा दें तो आधार कार्ड देखें

**नवाबगंज उन्नाव।** दवा दुकानदार उद्यम रजिस्ट्रेशन के साथ नारकोटिक्स की दवा मरीज को देने पर उसका आधार कार्ड और चिकित्सक का पता अपने पास जरूर रखें। हर माह इसकी रिपोर्ट भेजें। साथ ही जो भी मेडिकल स्टोर किराये पर हो उसका रजिस्टर्ड किरायानामा कराकर कार्यालय में जमा करायें।

यह जानकारी केमिस्टों की बैठक में औषधि निरीक्षक अशोक कुमार ने मेडिकल स्टोर संचालकों को दी। उन्होंने बताया कि दवा का व्यवसाय सेवा का व्यवसाय है। मरीज को दवा देने के साथ उसे दुकान का पर्चा भी दें। किसी भी मरीज को यदि नारकोटिक्स दवा लिखी गई है तो उसके पर्चे की फोटोकापी और आधार कार्ड भी अपने रजिस्टर में अंकित कर लें।

# जुमा पर मस्जिदों के बाहर पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ज्ञानवापी प्रकरण को लेकर पुलिस सतर्क, पीएसी रही तैनात
- पुलिस के आला अधिकारियों ने किया मस्जिदों का भ्रमण

**अमृत विचार।** ज्ञानवापी प्रकरण को लेकर इस बार भी जुमा पर अलर्ट जारी किया गया था। जिले की सभी मस्जिदों के बाहर भारी संख्या में पुलिस व पीएसी को तैनात कर दिया गया तो पुलिस के आला अधिकारी लगातार गश्त करते रहे। पुलिस और पीएसी की मौजूदगी में जुमे की नमाज अदा कराई गई।

शुक्रवार को जुमे की नमाज से पहले जिले की सभी मस्जिदों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। कई संवेदनशील स्थानों पर पीएसी को भी लगाया गया था। सीओ सिटी कमलेश कुमार ने शहर के अलावा गुरसहायगंज व समधन का भी भ्रमण किया।

उन्होंने गुरसहायगंज में अतिक्रमण भी हटवाया। सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेयी ने तिर्वा व ठठिया क्षेत्र की कई मस्जिदों का भ्रमण किया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह ने बताया कि जुमे को लेकर अलर्ट पहले ही जारी कर दिया गया था। सभी थाना प्रभारियों को मस्जिदों के बाहर पुलिस व पीएसी बल तैनात करने के निर्देश दिए गए थे। सभी सीओ लगातार मस्जिदों का भ्रमण कर रहे थे।


छिबरामऊ में जामा मस्जिद के बाहर पुलिस बल के साथ सीओ ओंकारनाथ शर्मा।

### पुलिस व पीएसी की मौजूदगी में पढ़ी गई नमाज

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जुमे की नमाज से पहले हर मस्जिद के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। शहर की सबसे बड़ी जामा मस्जिद के बाहर भारी पुलिस व पीएसी बल की मौजूदगी में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। सीओ ओमकारनाथ शर्मा पुलिस बल के साथ जामा मस्जिद के बाहर डटे रहे।

# महिला शिक्षक के हित में संघ रहेगा सक्रिय

- कानपुर मंडल की अध्यक्ष रुचि त्रिवेदी ने शिक्षिकाओं में उत्साह का संचार किया

**कन्नौज।** शहर के मकरंदनगर के निकट स्थित शांति शिक्षा निकेतन में उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की मासिक बैठक हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पहुंचीं कानपुर मंडल अध्यक्ष रुचि त्रिवेदी व मंडल महामंत्री अलका का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि संघ महिला शिक्षक हित में हमेशा सक्रिय रहेगा।

शुक्रवार को कानपुर मंडल अध्यक्ष ने बैठक का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा के साथ किया। निपुण भारत मिशन के शैक्षिक संगोष्ठी के तहत हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने शिक्षिकाओं में प्रेरणा व जागरुकता भरी। उन्होंने शिक्षिकाओं की मदद का भी भरोसा दिया। मंडल महामंत्री ने भी अपनी बात रखी। जिलाध्यक्ष गुंजन भदौरिया ने भी संगठन के बारे में बताया। जिला महामंत्री नेहा आर्या ने कहा कि कम समय में संघ को मान्यता मिलना प्रसन्नता का विषय है। उन्होंने महिला शिक्षक साथियों के विश्वास व मेहनत को भी सराहा। संचालन जिला उपाध्यक्ष शैली मिश्रा ने किया। इस मौके पर रेनू कमल, सरिता गौतम, गुंजन कटियार, दीप्ती सिंह, मीनू सिंह, कामायनी शरण, अंजली तिवारी, आरती, अंजू तिवारी, ममता सिंह, सृष्टि, दीप्ती शर्मा व साधना यादव मौजूद रहीं।


रुचि त्रिवेदी का स्वागत करतीं जिलाध्यक्ष गुंजन भदौरिया, रेनू कमल व अन्य शिक्षिकाएं।


शहर में पुलिस बल के साथ गश्त करते सीओ सिटी कमलेश कुमार।

# पैदल गश्त कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार द्वारा आगामी त्योहारों व लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 के दृष्टिगत जनपद में शान्ति,सुरक्षा व कानून व्यवस्था को बनाये रखने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र में थाना प्रभारी विष्णुकांत तिवारी, महिला थाना प्रभारी रंजना पांडेय व पुलिस बल के साथ गश्त किया गया। अतिक्रमण को लेकर हिदायत दी गई। आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।


जिलाध्यक्ष अरुण कठेरिया का स्वागत करते आरएस कठेरिया। अमृत विचार

# अरुण अध्यक्ष तो अंकित बने महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अखिल भारतीय कठेरिया महासभा की कार्यकारिणी का किया गया गठन

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कठेरिया महासभा की कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अरुण कठेरिया को जिलाध्यक्ष तो अंकित कठेरिया को महामंत्री बनाया गया। सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी आवंटित करते हुए कर्त्तव्यबोध कराया गया।

शुक्रवार को शहर के मोहल्ला आंबेडकर नगर सरायमीरा में अखिल भारतीय कठेरिया महासभा की बैठक की गई, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष आरएस कठेरिया ने संगठन के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद जनपदीय कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सुमेंद्र सिंह कठेरिया को जिला मंत्री, कृष्णमुरारी कठेरिया व राममंगल प्रधान को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि नव गठित कार्यकारिणी को तहसील व ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही इसका विस्तार किया जाएगा।

**आयोजन** राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्रा व पूर्व छात्रा होंगी पुरस्कृत

# युवा संसद में नंदिनी को दूसरा, युगी को चौथा स्थान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- नेहरू युवा केंद्र संगठन की ओर से आयोजित हुई विकसित भारत विषय पर प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** नेहरू युवा केंद्र संगठन के उत्तर प्रदेश स्तरीय युवा संसद में कन्नौज जिले की दो छात्राओं का टॉप फाइव में स्थान पक्का हुआ। राजकीय महिला महाविद्यालय की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा नंदिनी दुबे ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पूर्व छात्रा युगी कटियार चौथे स्थान पर रही।

जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने बताया कि 15 फरवरी को जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन हुआ था। इसमें कन्नौज से युगी कटियार ने पहला और नंदिनी दुबे का दूसरा स्थान आया था। उसके बाद ऑनलाइन राज्य स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में सभी जिलों के जिला स्तरीय युवा संसद के प्रथम दो विजेताओं ने प्रतिभाग किया। 29 फरवरी व पहली मार्च को दो दिन तक चली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का परिणाम अंतिम दिन घोषित हो गया है। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय युवा संसद में 150 प्रतिभागियों ने दिए गए विषय पर विचार रखे। नंदिनी दुबे ने विकसित भारत विषय पर विचार व्यक्त किए। युगी कटियार ने भी इसी विषय पर बात रखी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह सचान व एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी रीतू सिंह ने चयनित दोनों प्रतिभागियों की उपलब्धि पर बधाई दी।


प्रतियोगिता में शामिल पहले स्थान पर आई छात्रा नंदिनी दुबे। अमृत विचार


राज्य स्तर पर चौथे नंबर पर आई युगी कटियार। अमृत विचार

# एएसपी ने देखे फोर्स के रुकने के इंतजाम

**नवाबगंज उन्नाव।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए शुक्रवार को एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद्र ने जिले में निर्वाचन संबंधी ड्यूटी हेतु आने वाले अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस कर्मियों, होमगार्ड्स के ठहरने को अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चिह्नित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नवाबगंज, राजकीय इंटर कालेज चमरौली, दयानंद दीनानाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, एबीसी इंटर कालेज का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश दिये। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि विद्यालयों का निरीक्षण कर वहां के प्रधानाचार्य से मिलकर शौचालय आदि की व्यवस्था सही कराने को कहा गया है।

# चोरी के समय दुष्कर्म का प्रयास

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- सीसीटीवी फुटेज वायरल पुलिस बोली- चोरी हुई न दुष्कर्म का प्रयास

**अमृत विचार।** गिट्टी मौरंग की दुकान पर चोरी के दौरान किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया गया। घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। दुकानदार ने फुटेज के साथ पुलिस से शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। हालांकि जिम्मेदार पुलिस अधिकारी चोरी के साथ ही दुष्कर्म के प्रयास की घटना को झूठा बता रहे हैं।

ठठिया थाना क्षेत्र के अलीपुर अहाना गांव निवासी मो. इस्लाम ने 14 दिन पहले सीओ को संबोधित प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें कहा कि क्षेत्र के ही दौलतपुर गांव में जनता ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। दुकान पर गिट्टी-मौरंग व सरिया की बिक्री का काम करते हैं। दुकान पर लगातार चोरी की घटनाएं हो रही थीं। चोरी रोकने के लिए उसने दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। इसके बाद 12 फरवरी को दुकान से एक लाख 20 हजार रुपये की चोरी हो गई। इसके बाद सीसीटीवी डीवीआर का रिमोट गायब हो गया। इस पर उसने दुकान पर काम करने वाले मजदूर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।

पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी मजदूर से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने रिमोट बरामद करा दिया। रिमोट मिलते ही सीसीटीवी फुटेज खंगाला। फुटेज देखा तो उसमें आरोपी चोरी करते हुए दिखाई दे रहा है। इसके बावजूद पुलिस ने आरोपी को पकड़कर तीन दिन बाद छोड़ दिया। सीसीटीवी फुटेज आगे देखा तो एक युवक किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास करते हुए दिखाई दे रहा है। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बारे में भी पुलिस को जानकारी दी लेकिन पुलिस ने कोई भी कार्रवाई करने से मना कर दिया। सीओ डा. प्रियंका बाजपेयी ने बताया कि इस मामले मे कोई तहरीर नहीं मिली है। थानाध्यक्ष अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि चोरी की घटना गलत है। दुकानदार सिर्फ मजदूर पर गलत दबाव बनाना चाहता है। जब उन्होंने जांच की तो मामला गलत था। न ही चोरी और न ही दुष्कर्म का प्रयास हुआ।

## एक नजर

### पीएम श्री विद्यालयों की रिपोर्ट देंगे बीईओ

**फर्रुखाबाद**। पीएम श्री विद्यालयों की निगरानी की जिम्मेदारी खंड शिक्षाधिकारियों को दी गई है। शासन ने आदेश दिए हैं कि बीईओ निर्माणाधीन पीएम श्री विद्यालयों की जांच कर उसकी रिपोर्ट देंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जनपद में बनने वाले पीएम श्री विद्यालयों का निरीक्षण खंड शिक्षाधिकारियों से करवाएं। बीईओ साप्ताहिक भ्रमण करते हुए देखें कि पीएम श्री विद्यालय के लिए कितना बजट अनुमोदित हुआ व आवंटित धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत गतिविधियों की समीक्षा करें। जनपद में छह पीएम श्री विद्यालय स्वीकृत हैं।

### विरोध पर फर्जी बैनामा कराने वाला भागा

**कायमगंज, फर्रुखाबाद**। कंपिल क्षेत्र के गांव कमलाईपुर दूदेमई निवासी महेंद्र सिंह ने चौकी प्रभारी को प्रार्थना पत्र दिया जिसमें उसने कहा है शुक्रवार को एक आरोपित फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसके पुत्र के नाम दर्ज जमीन का फर्जी बैनामा करने पहुंचा था। उसका कहना है जब उसे पता चला तो वह मौके पर पहुंच कर विरोध किया। तभी आरोपित भाग गए। इस कारण बैनामा नहीं हो सका। मामले को लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डंपर की टक्कर से बाइकसवार मामा की मौत, भांजी घायल

## भांजी को उसके घर छोड़ने जा रहा था, मृतक पड़ोसी जिला शाहजहांपुर का निवासी

संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। राजेपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बाइक में डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मामा की मौत हो गई। भांजी गम्भीर रूप से घायल हो गई। मार्ग दुर्घटना में मरने वाला पड़ोसी जिला शाहजहांपुर का रहने वाला था। घायल भांजी का इलाज लोहिया अस्पताल में जारी है।

सड़क हादसा ग्राम अलीगढ़ के पास हुआ। घटनाक्रम के अनुसार शाहजहांपुर जिले के ग्राम पूरे बंडा थाना जलालाबाद निवासी छत्रपाल (45) अपनी भांजी आराध्या (16) को अपने घर से बहनोई के घर याकूतगंज छोड़ने जा रहा था। राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अलीगढ़ के पास फर्रुखाबाद की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार डंपर ने बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार छत्रपाल और उसकी भांजी गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने एंबुलेंस से सीएचसी राजेपुर भेजा। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने छत्रपाल को मृत घोषित कर दिया। तथा आराध्या को राम मनोहर लोहियाअस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना पुलिस की सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे। वही जब यह सूचना आराध्या के घर याकूतगंज पहुची तो उसकी मां अस्पताल पहुंची। भाई का शव देख कर वह पछाड़े मार कर बिलाप करने लगी। घटना के सम्बंध में अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। घायल आराध्या के प्रभावी इलाज के लिए लोहिया अस्पताल के सीएमएस को निर्देश दिए गए हैं।



घटना के बाद छत्रपाल को अस्पताल ले जा रहे लोग। अमृत विचार



मौके पर खड़ा डंपर, पड़ी मोटर साइकिल। अमृत विचार

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दंपति व बच्चे घायल

■ **फर्रुखाबाद**। थाना कंपिल क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दंपति समेत चार लोग घायल हो गये। बीती रात पिंटू पुत्र रामशंकर उनकी पत्नी विनीता व बच्चों के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहे थे ।जैसे ही कंपिल थाना क्षेत्र में ग्राम सिकंदरपुर के पास पहुंचे तभी ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। स्थानी लोगों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी कायमगंज में भर्ती कराया गया।

## गौरक्षणी सभा ने बाईपास बनवाने को दिया ज्ञापन

**फर्रुखाबाद**। श्री गौरक्षणी सभा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर तहसील से बाईपास जिला मुख्यालय तक बनवाने की मांग की है। जिलाधिकारी बीके सिंह को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि नगर पालिका का कूड़ा निस्तारण प्लांटभी बाईपास जोड़ेगा। इससे फर्रुखाबाद की भौगोलिक स्थिति में भी सुधार आयेगा। जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी । इसके लिए एक बाईपास की बेहद जरूरत है। इस बाईपास के लिए सड़के हैं सिर्फ इन सड़कों को चौड़ा करने की जरूरत है । अतिक्रमण हटाकर इससे शासन की मंशा स्वरूप कई कार्य पूरे होंगे । धार्मिक स्थलों का रास्ता बनना, पर्यटन को बढ़ावा मिलना, तहसील से जिला मुख्यालय को रास्ता सुगम होना, कूड़ा डंपिंग स्थल नगर पालिका का सभी रास्तों का खुलना और इस रास्ते तहसील दर्जनों मंदिर होते हुए अमेठी कोना पांचाल घाट पर निकलेगा । 30 किलोमीटर का जो क्षेत्र है वह विकास से अधूरा पड़ा है। जहां आजादी के 75 वर्ष बाद भी कोई बस सेवा नहीं है।



प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

## कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों का पूर्ति कार्यालय पर प्रदर्शन

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। शमसाबाद के गांव नटवारा के आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने शुक्रवार को तहसील पहुंच कर पूर्ति कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि गांव की कोटेदार अनीता देवी सही प्रकार से राशन का वितरण नहीं करती है। पूर्व में भी इस प्रकरण की शिकायतो की जांच हो चुकी है। जांच के - बाद भी कोटेदार के द्वारा सही से राशन का वितरण नहीं किया जा रहा है। वह लोग चाहते है कि राशन दुकान निरस्त की जाए। इस मौके पर सर्वेश, अशोक सिंह, आकाश पाल, बृजेश, राजवीर सिंह, नरेन्द्र सिंह, शीशराम बलवीर, वीरपाल सिंह, रामवीर सहित आदि ने कोटेदार पर कार्यवाही की मांग की। वही कोटेदार अनीता देवी ने कहा कि शासन के द्वारा जो भी राशन भेजा जाता है, उसका नियम के अनुसार ही वितरण किया जाता है। ये लोग ग्रामीणों को बहला फुसलाकर मेरे प्रति शिकायत दर्ज कराते है। पूर्व में भी जांच हो चुकी है, जिसमें किसी भी प्रकार घटतौली नही पाई गई।

# फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। थाना कमालगंज क्षेत्र में फांसी के फंदे पर विवाहिता का शव झूलता हुआ मिला। ससुरालीज़न उसे फंदे से उतारकर सामुदायक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के भाई ने हत्या कर शव फांसी पर लटकाने का आरोप लगया है। पुलिस मामले की छान बीन कर रही है।



रश्मि।

पड़ोसी जिला हरदोई के थाना बेहटा गोकुल निवासी रश्मि की 8 साल पहले थाना कमालगंज के श्रृंगीरामपुर निवासी गौरव तिवारी के साथ शादी हुई थी। पति गौरव तिवारी ने बताया की गुरुवार रात को खाना खाने के बाद बच्चों के साथ बाहर लेटे थे । रात 11 बजे बच्चों से सोने को कहा तो अंदर मां के पास सोने के लिए बेटी गई। कमरे का गेट नहीं खुलने पर पुत्री ने दादी सहित परिजनों को जानकारी दी। कमरे का गेट किसी तरह खोला तो फांसी के फंदे पर पत्नी झूलती मिली। पति गौरव तिवारी सीएचसी लेकर पंहुचा जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार सुबह पहुंचे मृतका के भाई ने रो-रोकर बहनोई गौरव तिवारी पर बहन को मार कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया। कमालगंज पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। थांनाध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



घटना स्थल पर लगी भीड़। अमृत विचार

- **भाई ने ससुराली जनों पर लगाया हत्या का आरोप**
- **थाना प्रभारी बोले, तहरीर मिलने पर दर्ज होगी रिपोर्ट**

## स्वयंसेवकों ने की विद्यालय की सफाई

**कायमगंज**। लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय की एनएसएस इकाई का दूसरा एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्राथमिक पाठशाला शिवरईवारियर में किया गया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर तथा आसपास सफाई की। द्वितीय बौद्धिक सत्र में उन्हें सेवा भाव से जुड़ने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने एनएसएस के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा देने में अनुभव प्रदान करना है। प्रथम सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों विद्यालय परिसर में तथा आसपास सफाई की गई । द्वितीय बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए डॉक्टर आशीष तिवारी ने कहां की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों को सामुदायिक सेवा का एक अवसर प्रदान करता है जिससे वे समाज की समस्याओं से अवगत होते हैं।

# प्रत्येक तीन परीक्षार्थियों की निगरानी में कई तैनात

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- **इंटर उर्दू विषय का छह परीक्षा केंद्रों पर 30 ने दी परीक्षा**

**अमृत विचार**। नकलविहीन यूपी बोर्ड परीक्षा को इस बार कितनी सख्ती बरती जा रही है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि परीक्षा केंद्र पर तीन परीक्षार्थियों को परीक्षा कराने को एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट, एक केंद्र व्यवस्थापक, एक बाह्य केंद्र व्यवस्थापक के साथ दो कक्ष निरीक्षक और तीन आंतरिक सचल दल के साथ अन्य अमला भी लगा रहा।

शुक्रवार को जिले के छह परीक्षा केंद्रों पर इंटरमीडिएट की उर्दू विषय की परीक्षा हुई। सुबह की पाली में आयोजित परीक्षा में 31 परीक्षार्थी पजीकृत थे। इसमें 30 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। एक परीक्षार्थी परीक्षा देने नही पहुंचा। रखा बालिका इंटर कालेज में तीन परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। स्वामी रामप्रकाश इंटर कालेज में तीन परीक्षार्थी, एनएकेपी इंटर कालेज में दस परीक्षार्थी, कर्नल ब्रह्मानंद इंटर कालेज में चार, बाबा रामरक्ष पाल में आठ और स्वराजवीर इंटर कालेज में तीन परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। लेकिन बोर्ड के बेहतर इंतजाम के चलते परीक्षा में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। देखा गया है कि परीक्षा के पेपर में भले कम संख्या में परीक्षार्थी शामिल हो रहे हो लेकिन इसके बाद चौकसी में कोई हीलहवाली नही बरती जा रही है। उर्दू के पेपर में छह केंद्रों पर 30 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। लेकिन परीक्षा कराने को पूरे समय पूरा का पूरा अमला लगा रहा। ढीआईओएस ने बताया शुक्रवार को सकुशल परीक्षा संपन्न हुई है।

## सार-संक्षेप

### सेवानिवृत्त कर्मचारी सम्मेलन में विष्णु बने अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद**। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन का शुक्रवार को द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। इस दौरान विष्णु भगवान कटियार को अध्यक्ष व अफजल हुसैन को महामंत्री चुना गया। द्विवार्षिक अधिवेशन में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री एवं चुनाव अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह ने कार्यकारिणी की घोषणा की। अध्यक्ष व महामंत्री के अलावा राजेश निराला को कार्यकारी अध्यक्ष, प्रभुदयाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुभाषचंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष और सुभाषचंद्र गुप्ता को संप्रेक्षक बनाया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण बैंक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन पासबुक में लेन-देन का अंकन नहीं किया जाता है। इस दौरान कैशलेस व्यवस्था का भी मुद्दा उठाया गया। सहायक चुनाव अधिकारी सुरेशचंद्र सक्सेना, अखिलेश मुरारी पांडेय, डॉ. जीएस राजपूत, रामानंदन बाथम, सियाराम सागर, राजीव बाजपेई, कन्हैयालाल वर्मा, मुनीशचंद्र दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### माफिया हरे पेड़ काट कर मिटा रहे हरियाली

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद**। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र में लकड़ी माफियो ने बाग के बाग वीरान कर दिए है। सर्वाधिक आम के बाग वाले इस क्षेत्र में माफिया हरियाली मिटाने पर तुले हुए है। बन विभाग और पुलिस की मिली भगत से यहाँ धड़ल्ले से हरे पेड़ो का कटान हो रहा है। शिकायत पर लकड़ी काटने वालो पर जो कार्यवाही बन विभाग कर रहा है वह मिली भगत की पोल खोल रही है। हरे पेड़ काटने का ताजा मामला ग्राम लुधिइया में सामने आया है। यहाँ मशरूम खा के आम के बाग में रात के समय हरे पेड़ो की अबैध कटाई चल रही थी। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने बन विभाग के अधिकारियों को दी ।तो अधिकारी रात में ही मौके पर पहुंच गए। टीम ने पेड़ काटने वाली मशीन व एक रस्से को अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग की टीम को देख कर लकडी माफिया भाग गए। वन विभाग के दरोगा महेश चन्द यादव ने बताया कि अबैध लकड़ी काटने वालो पर बीस हजार पाच सौ रुपये का जुर्माना लगाया गया। सरे आम पेड़ काटने वालो पर इतना कम जुर्माना लगा कर आरोपितों को बरी कर देना वन विभाग और लकड़ी माफियो की मिली भगत की पोल खोल रहा है।



कटे पड़े हरे आम के पेड़। अमृत विचार

### नगर पालिका से मृत्यु प्रमाण पत्र की 70 पत्रावलियां गायब

**फर्रुखाबाद**। नगर पालिका परिषद सदर के कार्यालय से 70 पत्रावलियां मृत्यु प्रमाण पत्र की गायब हैं। इसको लेकर विभाग में हड़कंप मच गया है। अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार को एक लिपिक ने सूचना दी कि कार्यालय से किसी व्यक्ति ने मृत्यु प्रमाण पत्र की 70 पत्रावलियां गायब कर दी है। यह सुनकर उनके होश उड़ गए। आननफानन में ईओ नगर पालिका विनोद कुमार ने थाना मऊ दरवाजा में तहरीर देकर बताया की नगर पालिका कार्यालय से मृत्यु प्रमाण पत्र की 70 पत्रावलियां किसी ने गायब कर दी है। जिसकी जांच की जाए। बताते चलें कि गलत मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में दो सफाईनायक जेल जा चुके हैं। कई के ऊपर जांच के बाद गाज गिरने की संभावना थी । इस वजह से नगर पालिका कार्यालय से पत्रावलिया गायब कर दी गईं। ईओ विनोद कुमार ने बताया कि जांच के बाद असलियत का खुलासा होगा।



ईओ विनोद कुमार।

### भाइयों ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**कायमगंज, फर्रुखाबाद**। क्षेत्र के गांव कुवरपुर खास निवासी जयपाल ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है 17 फरवरी को उसके भाई छोटेलाल, नेकसेलाल ने शराब के नशे में गाली गलौज कर रहे थे। विरोध पर मारपीट की। धमकी दी। जहां गंभीर घायल जयपाल को सीएचसी से लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जयपाल का गंभीर हालत में सैफई में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर ली है।

# छत से निकली एचटी लाइन से झुलसी महिला, मौत

संवाददाता, कंपिल- फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। कंपिल थाना क्षेत्र के गांव चिकनाइया में छत के ऊपर से निकली एचटी लाइन की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई।

घटनाक्रम के अनुसार मातादीन की पत्नी गुड्डो देवी (50) छत पर कुछ सामान लेने गयी थी। वह अपने मकान की छत से निकलीं तो 11 हजार बोल्ट विद्युत लाइन की चपेट में आ गयी। जिससे गुड्डो देवी गंभीर रूप से झुलस गई। घायल अवस्था में उसे सरकारी अस्पताल कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां पर उपस्थित डॉक्टर अमरेश कुमार ने विद्युत करंट से झुलसी महिला को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल परिसर मे ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। मृतक महिला के तीन पुत्र जसबीर, उदयवीर व यशवीर है पुलिस को सूचना दिए बगैर दिए परिजन शव को घर ले गए। जसबीर ने बताया कि बिजली विभाग की घोर लापरवाही से उसकी की मौत हुई है। राजीव गांधी विद्युतीकरण परियोजना के तहत बिजली विभाग के अधिकारियों ने छत के ऊपर से हाईटेंशन लाइन निकाल दी। यह हाल समूचे थाना क्षेत्र का है। इसकी बजह से आये दिन घटनाएं होती रहती है। उसका कहना है कि उसकी छत से एचटी लाइन निकाली जा रही थी तो उसने जम कर विरोध किया था लेकिन उसकी एक नही सुनी गई। इसी के चलते उसकी मां की जान चली गई।



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

# पुलिस बल की मौजूदगी में हुई जुमे की नमाज

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी वीके सिंह ने धारा 144 लागू कर दी है। वहीं त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। नमाज को देखते हुए शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ रूटमार्च किया। वहीं दूसरी तरफ मस्जिदों पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जिलाधिकारी बीके सिंह ने बताया कि को कोविड पर प्रभारी प्रभावी नियंत्रण के लिए तथा पढ़ने वाले त्योहारों पर शांत व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है।

इस अवधि में 5 से अधिक लोग एक स्थान पर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। अस्त्र, शस्त्र लेकर चलने पर भी रोक लगा दी गई है। वहीं दूसरी तरफ एसपी विकास कुमार ने बताया कि जिले में त्योहारों पर शांत व्यवस्था बनाए रखने के लिए हाई अलर्ट घोषित किया गया है। जिसके तहत चप्पे छपे पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक संजय सिंह भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर रहे हैं और जुमे की नमाज शांत व्यवस्था से संपन्न हो इस वजह से मस्जिदों के पास भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है पुलिस के अला अधिकारी गस्त लोगो को शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील कर रहे हैं। बताते चले कि शिव रात्र ,होली तथा अन्य त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस एवम प्रशासन आज से ही चौकन्ना हो गया है।

शहर हो या देहात हर जगह सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। वही जिलाधिकारी द्वारा जारी किये गए आदेश में कहा गया है कि कोविड प्रभावी नियंत्रण व त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए धारा 144 लालू की गई है।यह आदेश अग्रिम आदेश तक प्रभावी रहेगा।



मस्जिद पर तैनात पुलिस बल। अमृत विचार

- **हाई अलर्ट : एएसपी ने किया रूट मार्च, धारा 144 लागू**
- **शांति बनाए रखने को शहर व देहात में बढ़ाई गई सुरक्षा**

चेतावनी

भारतीय कृषक एसोसिएशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, अनदेखी पर करेंगे आंदोलन

# किसानों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। भारतीय कृषक एसोसिएशन ने किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट गए। वहां किसानों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित 11 सूत्रीय मांगपत्र फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट में एसडीएम सदर को सौपा। चेताया कि मांगों की अनदेखी पर आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

ज्ञापन में मांग की गई कि सभी फसलों की खरीद की गारंटी का कानून बने । डॉ. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के हिसाब से कीमत तय हो। किसान-खेतिहर मजदूरों का कर्ज माफ़ हो पेंशन दी जाय । भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2003 दोबारा लागू किया जाय । लखीमपुरखीरी कांड के दोषियों को सजा दी जाय । मनरेगा में हर साल 200 दिन का काम 700 रूपए दिहाड़ी दी जाय ।

किसान आन्दोलन में मृत किसानो के परिवारों को मुआवजा सरकारी नौकरी दी जाए। नकली बीज कीटनाशक दवाईया व खाद वाली कम्पनियों पर कड़ा कानून बनाया जाए। मिर्च, हल्दी एवं अन्य मसालों के लिए राष्ट्रीय आयोग का गठन किया जाए । आगामी लोकसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग भी की गई। ज्ञापन में कहा गया कि सरकार तत्काल किसानों की समस्याओं का हल करे, अन्यथा प्रदेश के किसानों को भी आंदोलन में भाग लेने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे, प्रदेश अध्यक्ष रामलाल गुप्ता, प्रांतीय महासचिव मुन्नालाल सक्सेना, प्रदेश संगठन सचिव प्रताप सिंह गंगवार, जिला प्रभारी रागिब हुसैन खां आदि पदाधिकारी रहे।



ज्ञापन देने जाते किसान नेता। अमृत विचार




पंचायत में जमे किसान नेता। अमृत विचार

# भाकियू भानू गुट की पंचायत पांचवें दिन भी

संवाददाता, अमृतपुर

**अमृत विचार**। किसान यूनियन (भानू गुट) की 14 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रही महापंचायत आज पांचवें दिन भी जारी रही। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य के द्वारा दिए गए आश्वाशन के बाद किसान नेताओं के तेवर कुछ नरम पड़े हैं। हालांकि किसान अभी भी आंदोलन स्थल पर डटे हैं। महापंचायत मे शामिल किसानो ने बताया हम लोगों का खाना आंदोलन स्थल पर ही बन रहा है। किसान यूनियन (भानू गुट) के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने बताया आज पांचवें दिन भी हमारी महापंचायत पूर्व की भांति हुई है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात तक जारी रहेगी। संजय सिंह सोमवंशी, अवधेश सिंह, सुलक्षणा सिंह, दिनेश यादव रहे।

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्म-नियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारा हितैषी और आत्मा ही हमारा शत्रु है।

## संपादकीय

# रूस में फंसे भारतीय

रूस में फंसे करीब 20 भारतीय नागरिकों को वापस लाने की कोशिश की जा रही है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि एक भारतीय एजेंट द्वारा रूसी सेना के लिए 'सेना सुरक्षा सहायक' के रूप में भर्ती किए जाने के बाद अनुमानित 20 लोग अभी भी रूस में फंसे हुए हैं। बताया जाता है कि इन लोगों को यूक्रेन में लड़ने के लिए भेजा गया है। इन सभी को अच्छी नौकरी के बहाने रूस बुलाया गया था। हर एक से तीन लाख रुपये तक लिए गए। ये तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात राज्यों से बताए गए हैं। उनमें से कुछ को यूक्रेन के खिलाफ रूस की ओर से युद्ध लड़ने के लिए मजबूर किया गया है। कुछ ने भर्ती के समय वादा की गई राशि का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत की है जिससे उन्हें मदद के लिए सरकार के पास पहुंचने के लिए मजबूर होना पड़ा है। विदेश मंत्रालय इस मामले पर भारत और रूस के अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में है।

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बारे में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत की स्थिति स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि भारत इस मुद्दे का समाधान चर्चा,कूटनीति और निरंतर संपर्क के माध्यम से चाहता है। गौरतलब है कि दो साल पहले रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। अब तक उसके हजारों सैनिक मारे जा चुके हैं। युद्ध थमने के फिलहाल कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं,बल्कि हाल के दिनों में रूस ने हमले और तेज कर दिए हैं। विश्लेषक कहते हैं कि भारत से भर्ती किए गए ये लोग रूस के दुनियाभर से सैनिक भर्ती करने के अभियान का हिस्सा भर हैं अन्य कई देशों के लोगों को रूसी सेना में भर्ती करके यूक्रेन में मोर्चे पर भेजा गया है। इससे पहले बहुत से नेपाली लोगों के रूस जाकर यूक्रेन में लड़ने की भी खबरें आई थीं। अब भारत सरकार इन लोगों को लेकर चिंतित नजर आ रही है। भारत कोशिश कर रहा है कि उन्हें रूसी सेना की सेवा से मुक्ति देकर वापस भेज दिया जाए। सरकार को संघर्षरत देशों में जाने वालों के लिए अपनी प्रक्रियाओं की समीक्षा करनी चाहिए। 'उत्प्रवास जांच आवश्यक' देशों की सूची को अद्यतन करना चाहिए ताकि ऐसे काम के लिए विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों के अनुबंधों की अधिक गहनता से जांच की जा सके,उन्हें बेहतर सलाह दी जा सके और सुरक्षा भी प्रदान की जा सके। साथ ही सरकार को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के नेटवर्क की भी जांच करनी चाहिए,जो काम की प्रकृति को पूरी तरह से बताए बिना विदेश में नौकरी चाहने वाले भारतीयों से मोटी रकम वसूलते हैं।

# 'भौतिक संस्कृति' ने बदल दी लोगों की जीवनशैली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सर्वेक्षण के दौरान एक भी परिवार ऐसा नहीं मिला होगा जिसने आहार पर खर्च को स्वच्छा से कम किया,बल्कि घर में उपभोग की जाने वाले कुल खाद्य सामग्री में शामिल बाहर मिलने वाले जो आइटम्स शामिल हुए,ऐसा परिवर्तन उक्त रिपोर्ट में दृष्टिगोचर है।

नेशनल सैंपल सर्वे आर्गेनाइजेशन हर पांच वर्ष के अंतराल से 'हाउस-होल्ड कंजम्प्शन ऍक्स्पेंडीचर सर्वे' करता है। इस बार के 69 राउंड में संगठन के सर्वेयर्स ने अपनी कार्यनीति (मेथडॉलॉजी) में बदलाव लाकर आंकड़े एकत्र किए हैं जिससे पिछली और इस बार के निष्कर्षों की गुणवत्ता में बढ़ोतरी हुई। चूंकि 69 वें दौर के सर्वेक्षण को 11 साल के अंतराल से पेश किया गया इसलिए जाहिराना दौर से दोनों सर्वेक्षणों में अनेक मदों में अधिक मात्रात्मक बदलाव दिख रहा है। अंतराल होने से फायदा और निहितार्थ,दोनों नजर आए हैं,जो कि रोचक भी हैं और ऐसा गांभीर्य लिए हैं,जो व्यक्तियों, परिवारों,उत्पादकों,स्वास्थ्य डिलीवरी और मेडिकल रिसर्च तंत्र,व्यवसायिक और व्यापारिक तंत्र जैसे कि अस्पताल,मार्केटिंग प्रोफेशनल्स,बैंक,उपभोक्ताओं और नीति निर्माताओं को सोचने पर मजबूर करेगा। रिपोर्ट में हर पन्ने पर पर्याप्त संकेत हैं कि भारत के लोगों की जीवन शैली बदल गई है। न देहात अछूता है,न शहरी लोग। देहात के लोग शहरी लोगों की जीवनशैली की नकल तेजी से कर रहे हैं। पलायन की स्थिति यह है भारत की आबादी का अधिकांश अब शहरों में रहने लगा है।

समझने का नुक्ता यह कि गांव में ऑनलाइन आर्डर पहुंचाने का तंत्र मौजूद नहीं है जैसे कि ऑनलाइन रेडी-फूड, कंज्यूमर ड्यूरेबल आइटम्स और शहर के लोगों के लिए फूडग्रेंस,बशर्ते कि वे अधिक मात्रा में स्टोर करने लिए घर में रखना चाहते हैं। आमदनी के हिसाब से सबसे जरूरी मदों के लिए ही विवेक के आसरे पैसा पहले खर्च किया जाता है। औसत आमदनी वाला एक परिवार सबसे पहले रोटी का जुगाड़ करेगा,फिर कपड़ा,घर या झुग्गी, दूध,दवा,काम-पर आने जाने के लिए किराया-भाड़ा,बिजली,पानी पर खर्च करेगा। तत्पश्चात आकस्मिक सामाजिक रीति-रिवाज पर खर्चा होता है। फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड खरीदने पर और शिक्षा पर बाद में। उपभोग व्यय पर जारी की गई उक्त रिपोर्ट में यह दर्ज नहीं है कि किस तरतीब से विभिन्न आय-वर्ग के परिवारों में खर्चा किया जाता है। ऐसा लिखा है कि परिवारों में खाद्य सामग्री में जिन वस्तुओं पर खर्चा किया जाता है,प्रतिशत में उनके अनुपात की तरतीब क्या है। अंकों में व्यक्त

समझने का नुक्ता यह है कि गांव में ऑनलाइन आर्डर पहुंचाने का तंत्र मौजूद नहीं है जैसे कि ऑनलाइन रेडी-फूड, कंज्यूमर ड्यूरेबल आइटम्स और शहर के लोगों के लिए फूडग्रेंस,बशर्ते कि वे अधिक मात्रा में स्टोर करने लिए घर में रखना चाहते हैं।

प्रतिशत से गणितीय रूप से मात्रात्मक भाव तो प्रकट होता है और आनुपातिक रूप से खर्चों को प्रकट करते समय मद भी बताया गए हैं,परंतु इससे खर्च-मदों के बारे में वैज्ञानिक आंकलन अनुसार 'प्रभाव' की डिटेल्स मालूम नहीं होती हैं,अनुमान भर लगाया जा सकता है। जैसे कि मौसम के अनुसार फल और सब्जियों की खरीदारी पोषक मान के हिसाब से नहीं की जाती,भाव और जेब देखकर भी नहीं,बल्कि अधिकतर परिवार के लोगों के स्वाद के हिसाब से ही की जाती है। पीले रंग का कद्दू या पेठा, लौकी, तोरी फाइबर युक्त और अधिक पोषक सब्जियां हैं,लेकिन लोग भिंडी,शिमला मिर्च या बैंगन लेना चाहेंगे। पीले रंग के कद्दू में विटामिन-बी अथवा राइबोफ्लेविन की अधिक मात्रा मौजूद रहती है और यह अपेक्षाकृत सस्ता भी पड़ता है,जबकि दूसरी सब्जियों का भाव तेज होता है। रईसों के मुकाबले में यह आश्चर्यजनक लगता है,क्योंकि ये लोग डायटीशियन्स रखते हैं और इनकी राय से उन्हें कद्दू खाना पड़े तो चूं भी नहीं करेंगे।

उपभोग व्यय की रिपोर्ट से अधिक चिंताजनक सूत्र यह है कि दस सालों में देहात और शहर में और दोनों ही स्थानों पर रहने वाले लोग जब भी घर से बाहर ड्यूटी पर जाने के लिए या दूर यात्रा पर निकलते हैं तो घर पर बने हुए भोजन को बांधकर नहीं ले जाते,बल्कि रास्ते में दूकानों और स्टेशनों से इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड फूड के पैकेट्स खरीदना सुविधाजनक मानते हैं। इनमें जीरो फाइबर,कॉमन साल्ट की बनिस्पत मोनोसोडियम ग्लूटामेट (एक तरह का नमक) का प्रयोग,सैचुरेटेड फैट होने से ये अधिक ऊर्जा देने वाले खाद्य होते हैं। विगत में पूरी,सरसों के तेल में बनाया हुआ करेला,आलू की सूखी सब्जी जिसमें मेथी के दाने और करी पत्ता मिला होता था। गेहूं के मोटे पिसे हुए आटे या बाजरे की मोटी रोटियों को मसलकर देसी घी में बनाया हुआ चूरमा लेकर जाते थे। अब इसे पिछड़ापन और गंवई व्यवहार मानते हैं। गरीब लोग चने का आटा मिली मिस्सी रोटी,प्याज,अचार और गुड़ साथ लेकर चलते थे और इसे ही यात्रा के दौरान खा लिया करते। अधिक पैसे वाले लोग सूजी में मेवा मिलाकर,देसी घी में भूनकर लड्डू बनाकर ले जाया करते। पोषक मान के हिसाब से पारंपरिक खाद्य उत्पाद, फास्ट-फूड से कहीं श्रेष्ठ रहे हैं। इन दस सालों में खाद्य सामग्री में दालों और अनाज, खासतौर से मोटे अनाजों,पर होने वाले वाले खर्च के घटने का अर्थ यह नहीं है कि लोग भूखे रहते हैं,इनका कम प्रयोग करते हैं या कुछ परिवारों में दाल की खपत कम या बंद कर दी गई है,बल्कि यह कि आमदनी बढ़ने से वैकल्पिक रीति से तैयार मंहगी आइटम्स पर अधिक पैसा खर्च होता है या आनुपातिक रूप में अधिक। सर्वेक्षण के दौरान एक भी परिवार ऐसा नहीं मिला होगा जिसने आहार पर खर्च को स्वच्छा से कम किया,बल्कि घर में उपभोग की जाने वाले कुल खाद्य सामग्री में शामिल बाहर मिलने वाले जो आइटम्स शामिल हुए,ऐसा परिवर्तन उक्त रिपोर्ट में दृष्टिगोचर है।

रिपोर्ट तो एक स्टेटिस्टिकल स्टेटमेंट है जिसकी स्ट्रक्चर में इसके 'पश्चात' या 'पार्श्व-प्रभाव' और संबद्ध विभिन्न पक्षों पर व्याख्या करने की गुंजाइश नहीं होती। मसलन,फास्ट फूड इंडस्ट्री इससे अवश्य यह संकेत लेगी कि भविष्य में उनके लिए कोई संकट नहीं है,क्योंकि ट्रेंड यह बताता है कि फास्ट फूड की कंजम्प्शन देश के लोगों में बढ़ रही है। इसी तरह मध्य और उच्च आय वर्ग के (रईस नहीं) परिवारों में आमदनी बढ़ने से या एकाधिक लोगों के कमाऊ हो जाने से संयुक्त रूप से नेट-इनकम बढ़ गई है जिससे वे अच्छा घर बनाने और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स खरीदने की स्थिति में हैं। अब तो उच्च-मध्य वर्गीय परिवारों में घर के हर कमरे में टीवी,ज्यादातर के पास लैपटॉप्स,कार,महंगे वस्त्र और घुमक्कड़ी लायक खूब पैसे होते हैं। बढ़ी हुई आमदनी में से खर्च लायक धनराशि अधिक हो जाने से लोग खुद को जिस शाहखर्च अंदाज में खुद को अभिव्यक्त करते हैं,यह उक्त रिपोर्ट से साफ जाहिर होता है। 'पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण' की ताजा रिपोर्ट से भारत में इंडस्ट्रियल उत्पाद बनाने या लाकर बेचने वाली देसी-विदेशी कंपनियों,हमारे स्वास्थ्य शोधतंत्र,स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यावरण और लोगों की सेहत पर क्या और कैसा असर पड़ेगा,उक्त रिपोर्ट में दर्ज संकेतकों की व्याख्या करने से देश के लोगों और व्यवस्था एवं बाजार को किस-किस तरह की चुनौतियों से दो-चार होना होगा,यह अभी से ही स्पष्ट है। सबसे अधिक प्रभावित होने वाला वर्ग बच्चे और युवा होंगे। वे परिवार खासतौर से जिनमें 'नॉलेज बेस' औसत से भी कम है। नेशनल हेल्थ इंटेलिजेंस ब्यूरो की और आईसीएमआर की वे रिपोर्ट्स जरूर देख लेनी चाहिए जिनमें देश की पॉपुलेशन में नॉन-इन्फेक्शियस और मेटाबोलिक डिसऑर्डर्स और हृदयवाहिकीय विकार से पीड़ितों की मौजूदा संख्या के ब्यौरे के अलावा संभावित पीड़ितों की संख्या की भविष्यवाणी की गई है। जाहिर है अधिकांश रोगकारक जीवनशैलीगत हैं और इनमें से भी फास्ट फूड ही चिह्नित किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक सर्वे में शामिल परिवारों को बीस श्रेणियों में बांटा गया था और आंकलन के बाद मालूम हुआ कि गांव में रहने वाले एक व्यक्ति का मासिक खर्चा सन् 2010 में अगर रु.1373 था तो वह अब रु.3773 हो गया है। शहर में रहने वाले परिवार सन् 2011 में प्रतिव्यक्ति अगर रु.3773 खर्च रहे थे तो अब 6459 खर्च रहे हैं। यह दोगुना से भी अधिक हुआ। मान लिया आमदनी बढ़ी है,लेकिन यह नहीं कह सकते कि गरीबी कम हुई है,क्योंकि गरीबी तय करने की स्टेटिस्टिकल एनालिसिस जैसी कवायद में यह सिर्फ 0.5 प्रतिशत ही कम हुई है अर्थात् रुपये में सिर्फ पचास पैसे। यह 'स्टैटिस्टिकली सिग्निफिकेंट' भी प्रतीत नहीं होता। रिपोर्ट से पैदा हुई उलझने या 'इम्प्लीकेशंस' और निहितार्थ के दूरगामी अर्थ को समझने से चिंता अधिक पैदा हुई है। संतुष्ट भाव कम,लेकिन रिपोर्ट पढ़कर समझने से एक बात स्पष्ट हुई कि आंदोलनरत किसान वास्तव में ही अभावग्रस्त है।

## प्रसंगवश

# बड़े-बड़े बीबियों से लड़े

कबीरदास ने शादी तो की थी, पर नारी को 'विकार' मानकर छोड़ दिया। तुलसीदास को पत्नी की फटकार ने भक्त और महाकवि बना दिया। जमदग्नि ऋषि ने शक की बिना पर पत्नी रेणुका का सिर बेटे परशुराम से कटवा दिया था। लगता है,ये झगड़े आदि काल से हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सृष्टि का विकास दांपत्य जीवन से ही हो पाता है जिसके मूल में कहीं न कहीं प्रेम की अनिवार्यता होती है। फिर भी ऐसा पाया जाता है कि आपस में झगड़े भी होते हैं। जब ये झगड़े बड़े जोड़ों के बीच हों तो इतिहास के पन्नों पर दर्ज हो जाते हैं। यहां देखते हैं कि कुछ महान विभूतियों के पत्नी से कलह प्रसंग कैसे रहे? अमेरिका के एक अच्छे माने जाने वाले राष्ट्रपति थे अब्राहम लिंकन। उनकी शादी 'मेरी टाड' से बेमन ही हुई थी। वे जानते थे कि यह शादी विनाशकारी होगी,लेकिन मेरी की जिद के चलते विवाह हो गया। बीबी का जीवन कलह पूर्ण रहा। हाथापाई भी होती थी। वे लिंकन का सार्वजनिक अपमान भी करती थीं। यहां तक कि राष्ट्रपति बहुधा रात को अपने कार्यालय में ही सो जाते थे।

पुस्तक 'लिंकन स मेलनकली' (लिकन का विषाद) में उनके अवसादमय वैयक्तिक जीवन के किस्से उल्लिखित हैं। महात्मा गांधी का कस्तूरबा जी से बाल विवाह हुआ था। उस समय गांधीजी केवल यह जानते थे कि शादी में अच्छे कपड़े पहने जाते हैं। उम्र बढ़ी प्रेम तो बढ़ा, किंतु कलह भी बहुधा हुई। एक बार तो गांधी जी ने बा को एक विदेशी मेहमान की 'टायलट' साफ करने का दुरूह आदेश दे डाला। पत्नी ने विरोध किया। झगड़ा बढ़ा। गांधीजी पत्नी को हाथ पकड़ कर घर के बाहर निकाले दे रहे थे। बा भी जोर-जोर से चिल्ला रहीं थीं,'शर्म करो। तुम्हें लज्जा नहीं आती। लोग क्या कहेंगे?' अंततः गांधीजी रुक गए और बाद में पश्चाताप किया। दोनों रोये। महात्मा जी ने अपनी आत्मकथा में इस घटना का उल्लेख किया है।

रोमन बादशाह जूलियस सीजर ने अपनी पत्नी 'पोम्पिया' को बेकसूर होते हुए तलाक दिया। सीजर जब वहां के मुख्य पादरी चुने गए तो पत्नी ने महिलाओं की विशाल दावत आयोजित की। उसमें 'पब्लियस क्लोडियस प्लूचर' नामक एक धूर्त छद्म वेष में घुस आया और पाम्पिया से बातें करने लगा। बस इतने पर सीजर ने पाम्पिया को इस आधार पर तलाक दे दिया कि,"सीजर की पत्नी संदेहों से परे होनी चाहिए"। बाद में और अब तक अंग्रेजी का यह वाक्य एक मुहावरा बन गया है। रोमन सामंत और योद्धा ब्रूटस ने पत्नी 'क्लाउडिया' को सिर्फ इसलिए तलाक दिया, क्योंकि उसे 'पोर्शिया' पसंद आ गई थी। हालांकि बात पोर्शिया से भी नहीं बनी। महाभारत सीरियल के श्रीकृष्ण (नीतीश भारद्वाज) के पौराणिक जीवन में भले ही उन पर तमाम गोपियां लट्टू रहती थीं,किंतु व्यक्तिगत जीवन में बीबियों से आजिज हैं। पहली पत्नी मोनिषा पाटिल से झगड़ा करके तलाक हो चुका,दूसरी आईएएस अफसर स्मिता से अदालतों में मुकदमें चल रहे हैं। नीतीश ने भोपाल कोतवाली में मानसिक प्रताड़ना की एफआईआर लिखवाई है।

कबीरदास ने शादी तो की थी, पर नारी को 'विकार' मानकर छोड़ दिया। तुलसीदास को पत्नी की फटकार ने भक्त और महाकवि बना दिया। जमदग्नि ऋषि ने शक की बिना पर पत्नी रेणुका का सिर बेटे परशुराम से कटवा दिया था। लगता है,ये झगड़े आदि काल से हैं। संसार के सृजक ब्रह्मा बाबा से भी उनकी पहली पत्नी सावित्री नाराज होकर छिटक गईं थीं और उन्हें शाप दे दिया था जिससे वे आज तक सिवाय पुष्कर के कहीं नहीं पूजे जाते हैं। अंग्रेजों ने तो बीच का रास्ता निकालकर एक मुहावरा बना लिया है "बिकरिंग्स ऑफ लव आर दि रिन्यूवल्स ऑफ लव" यानी "प्यार की झड़पें प्यार का नवीनीकरण" होती हैं। लड़ाइयां होती तो हमारे घर में भी थीं,किंतु हम उनका उल्लेख नहीं कर रहे,क्योंकि हम इतिहास पुरुष नहीं हैं और छिपाना इसलिए भी जरूरी है,क्योंकि हम हर बार हार जाते थे।

# भिन्नताओं के बीच साथ जीने की कला है संस्कृति



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

संस्कृति को देखने की तीन दृष्टियां हैं: सत्ता के दृष्टिकोण से पुराने और आधुनिक शास्त्रों के दृष्टिकोण से और लोक के दृष्टिकोण से।

आज संस्कृति एक संवेदनशील विषय है। चारों तरफ संस्कृति एक रणभूमि बनी हुई है। हमें इस विषय के महत्व को समझना चाहिए। मेरी दृष्टि में भारतीय संस्कृति को समझने में दो बड़ी बाधाएं हैं उच्छेदवाद और शुद्धतावाद। हम जब अपनी हजारों साल की परंपराओं को पूरी तरह नकारते हैं या संस्कृति की एकरेखीय शुद्धतावादी-श्रेष्ठतावादी धारणा रखते हैं तो ये दोनों चीजें ही सांस्कृतिक उन्मूलन की ओर ले जाती हैं,बल्कि ले जा रही हैं। ये प्रवृत्तियां हमें हमारी जीवंत साझी विरासत से विच्छिन्न कर देती हैं।

सामासिक संस्कृति का अर्थ है दो या दो से अधिक संस्कृतियों के मिलने से बनी एक नई संस्कृति। भारतीय संस्कृति को सामासिक संस्कृति इसलिए कहा जाता है कि हजारों साल से इस देश में आर्य-द्रविड़ जातियों के अलावा कई जातियां रही हैं और आपस में संवाद करती रही हैं। यह कई प्रादेशिक भाषाओं,कई धर्मों, कई विश्वासों और स्थानीय संस्कृतियों का देश है। इस देश की संस्कृति के चार स्वाभाविक गुण हैंः निरंतरता,परंपरा की पुनर्रचनात्मकता, मिश्रणशीलता और नवोन्मेष। हमारे देश में संस्कृति प्राचीन काल में बन चुकी या सैकड़ों साल पहले ही सुनिर्धारित की जा चुकी चीज नहीं है। संस्कृति में सुधार और नवोन्मेष होते रहे हैं, वह अतीत की कैदी नहीं है।

सामासिक संस्कृति में 'मुख्य धारा' नाम की कोई चीज नहीं होती,'मेन स्ट्रीम' एक प्रभुत्ववादी और विघटनकारी धारणा है। बहुत सी संस्कृतियां आपस में संवाद करती हैं,अपनी विशिष्टता की रक्षा करती हैं और 'साझा जीवन-साझी संस्कृति' का भी निर्माण करती हैं। हमारा समय दोहरी दुर्घटना का साक्षी हैः संस्कृति में राजनीति घुसती जा रही है और राजनीति से संस्कृति निकलती जा रही है। इधर वसुधैव कुटुंबकम की बात बहुत हो रही है,पर इसके लिए जैसी मनोभूमि की जरूरत इस श्लोक में बताई गई है,उससे हम कोसों दूर हैं। इसका पूरा श्लोक है ( सुधार कर पढ़ें): अयम निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम/ उदारचरितानाम तु वसुधैव कुटुंबकम्। अर्थात् निज और पर की गणना करने वाले छोटे चित्त के व्यक्ति हैं,जो उदार चरित्र का है,उसी के लिए यह वसुधा एक कुटुंब की तरह है। आज वसुधैव कुटुंबकम् की बात ज्यादा वे करते हैं,जो पड़ोसी से ही झगड़ा करते हैं या अपने ही भाई से लड़ते हैं या कलीग/बंधु को ही नीचा दिखाने में लगे रहते हैं।

तुलसी ने यही कहा था,'मैं अरु मोर तोर तैं माया'। माखनलाल चतुर्वेदी एक राष्ट्रवादी कवि थे। वे कहते हैंः जब चांद मुझे नहलाता है/सूरज रोशनी पिन्हाता है/ क्यों दीपक लेकर कहते हो/ यह तेरा है यह मेरा है। संस्कृति का कोई अर्थ बताने के लिए कहे तो एक वाक्य में कहा जा सकता है,जो कुछ मन को विशाल बनाए और छोटे चित्त से बाहर निकाले,वह संस्कृति है। कुछ हमारे सौंदर्यबोध,विचारशक्ति और सृजनात्मकता में उत्थान लाए,वह संस्कृति है। आज संस्कृति-संस्कृति के शोर में संस्कृति ही वस्तुतः नदारद है। आज यह समझना जरूरी है कि अंग्रेजी राज ने 'भिन्नता' की अपनी औपनिवेशिक राजनीति द्वारा भारत की सांस्कृतिक समझ को किस तरह विभाजित और प्रदूषित कर दिया। आज भी उस राजनीति के नए-नए बौद्धिक संस्करण बन रहे हैं और 'खंड खंड पाखंड' छाया है। यह सब भारत के स्वभाव के विरुद्ध है।

संस्कृति को देखने की तीन दृष्टियां हैंः सत्ता के दृष्टिकोण से पुराने और आधुनिक शास्त्रों के दृष्टिकोण से और लोक के दृष्टिकोण से। कुम्भनदास ने कहा था,'संतन को कहा सीकरी सो काम'। लोक के साहित्य के भीतर से ही 'ढाई आखर प्रेम का' की धारणा आई। जायसी पदमावत में कहते हैं,'बहुत पढ़े पर नेह न जाना। रैदास कहते हैं,'मन चंगा तो कठौती में गंगा'। तुलसी कहते हैं,'पर पीड़ा सम नहिं अधमाई'। जिस संस्कृति में ये भावनाएं नहीं हैं,उसे संस्कृति कैसे कहा जाए? भारत भिन्नताओं से भरा देश है,पर इन भिन्नताओं को शत्रुता तक पहुंचाया जाए,यह जरूरी नहीं है। इसलिए भारत जैसे देश में संस्कृति भिन्नताओं के बीच साथ जीने की कला है। आज संस्कृति धार्मिक रूप से भी पॉप नाच- गानों और बाह्य आडंबर की भौतिक वस्तुओं में सीमित हो गई है या राजनीतिक चिन्हों में। यह बाहर से अमेरिकी आधुनिकता और भीतर से अतीत की कूपमंडूकता की जुगलबंदी है।

## सोशल फोरम

# खुला आसमान चुनौती तो लाता है



हफीज किदवई
लेखक

आप जहां फिट हैं,इसका मतलब यह नहीं है कि आप सही जगह पर हैं। हममें से ज्यादातर लोग जहां फिट बैठ जाते हैं,उसी जगह को अपने लिए बनी हुई जगह मान लेते हैं,जबकि आपकी खूबियां आपकी बनावट की सरहद में बंधी हुई नहीं हैं। मेरा एक दोस्त था, उसकी म्यूजिक पर जबरदस्त पकड़ थी।

वह कितने ही तरह के इंस्ट्रूमेंट्स पर अपने हाथ और समझ का हुनर रखता। यही नहीं लौकी और कद्दू के सूखे हुए कवर से वह गजब का संगीत पैदा करता। हमने तो उसे सेठे-बांस-नरकुल से उपजे संगीत में झूमते हुए देखा था। उसने संगीत में पढ़ाई भी की मगर अचानक उसके पिता,जो सरकारी अध्यापक थे, गुजर गए।

घर में कई भाइयों के बीच उसे बड़े होने की वजह से अनुकंपा में वह नौकरी मिल गई। मैं भी उस वक्त था,जब यह फैसला चल रहा था कि नौकरी कौन करे। मेरा दोस्त नौकरी करने के लिए पूरे मन से तैयार था। जबकि हमें लगता था कि उसके अंदर जो संगीत है,उसे एक खुला आसमान चाहिए और खुला आसमान चुनौती तो लाता है,लेकिन मेरा दोस्त वह चुनौती लेने को तैयार नहीं था। बहुत साल बाद हम उसके स्कूल गए। वह हिंदी का अध्यापक था और साथ में स्कूल की सभी एक्टिविटी में शामिल रहता था। बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए तैयारियों में मदद करता। मुझसे बात करता हुआ,अपने कलम से मेज को बजाते हुए कह रहा था।

भाई,हम तो यहां फिट हो गए। सुबह से शाम तक बच्चे,फिर घर परिवार और क्या ही चाहिए! वह बोल रहा था और मेरी नजर में नौशाद दौड़ रहे थे। वह नौशाद जिन्हें उनके वालिद एक सुकून भरी जिंदगी में फिट ही तो कर रहे थे। बड़े घर से होने के बावजूद,तमाम पाबंदियों को तोड़कर नौशाद ने कहीं भी फिट होना ही तो नहीं चुना और घर के दरवाजे से मुंह मोड़कर संगीत का एक संसार रच दिया।

हो सकता है मेरा दोस्त नौशाद न बन पाता,मगर उस रास्ते पर चलता हुआ बिखर जाता। अब वह सिमटा हुआ है और उस जगह फिट है,जो जगह शायद उसके लिए नहीं थी। हम सब अक्सर वहीं फिट हो जाते हैं,जहां हमारा आकार तो आ जाता है,मगर विचार मर जाता है।

-फेसबुक वॉल से

# जनसंख्या और संसाधन के अंतर्संबंध



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

भारत की विकास गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए,विकसित राष्ट्र बनाने के लिए, श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था प्राप्त कर उसे स्थायित्व प्रदान करने के लिए सर्वमान्य जनसंख्या नीति की आवश्यकता है,वो भी ऐसी हो जिससे सामाजिक ताने-बाने का संतुलन न बिगड़ता हो।

भारत में जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है और हर छोटा-बड़ा गांव, कस्बा,शहर इसमें सहभागी बन रहा है। जनसंख्या का सही आकड़ा तो भारत की राष्ट्रीय जनगणना के बाद ही प्राप्त हो सकेगा। प्रथम स्थान पर आना अच्छी बात सम्मान जनक है,पर जनसंख्या के मामले में भारत का प्रथम स्थान पर आना किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं माना जा सकता। क्योंकि भारत जैसे राष्ट्र के लिए अपने शत-प्रतिशत नागरिकों को अच्छा स्वास्थ्य,अच्छी शिक्षा,अच्छा रोजगार,अच्छा वातावरण,अच्छा रोटी-कपड़ा-मकान उपलब्ध कराना, अच्छी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करना उस समय भी मुश्किल था जब भारत जनसंख्या में चीन से पीछे था और आज जब भारत चीन से जनसंख्या में आगे है तो कितना मुश्किल होने वाला है?

अनुमान लगाया सकते हैं। कारण स्पष्ट हैं, जिस अनुपात में जनसंख्या बढ़ रही है,उस अनुपात में संसाधन नहीं बढ़ रहे हैं। अपितु या तो कम हो रहे हैं या दूषित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारत का क्षेत्रफल सीमित है,साथ ही उपलब्ध जल,जंगल,जमीन तथा नॉन-रिन्यूएबल संसाधन भी सीमित हैं। रिन्यूएबल संसाधनों का शतप्रतिशत रिन्यूएबल भी नहीं हो पा रहा है। भविष्य में जलवायु तथा विकास के लिए आवश्यक अन्य परिस्थितियों तथा वस्तुओं के हमेशा अनुकूल रहने की कोई गारंटी भी नहीं है। ऐसे में केन्द्र की सरकार तथा राज्यों की सरकारों का विवेक पूर्ण धारीय विकास करना,संसाधनों के उपयोग में मितव्ययिता बरतना, गांव,कस्बों,शहरों,मेट्रोपोलिटन शहरों में बढ़ते जनसंख्या के दबाव को ध्यान में रखते हुए आम-आदमी की आवश्यकताओं और पर्यावरण को ध्यान में रखकर विकास करना पहले भी कठिन था,वर्तमान में भी कठिन हो रहा है और भविष्य में भी कठिन रहने वाला है। विकास की बात करते समय,योजना बनाते समय,उन्हें क्रियान्वित करते समय ऐसे देखने में आता है कि चुनी हुई सरकारें और जनप्रतिनिधि गण अपने पसंद के स्थानों,शहरों,राज्यों को ध्यान में रखकर विकास की बात करते हैं और काम करते हैं। इससे विकास तो होता है,पर कहीं कम और कहीं अधिक। जबकि होना यह चाहिए कि स्थान विशेष की वर्तमान और भविष्य की जनसंख्या के आकड़ों तथा आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध तरीके से विकास होना चाहिए।

भारत की विकास गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए,विकसित राष्ट्र बनाने के लिए,श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था प्राप्त कर उसे स्थायित्व प्रदान करने के लिए सर्वमान्य जनसंख्या नीति की आवश्यकता है,वो भी ऐसी हो जिससे सामाजिक ताने-बाने का संतुलन न बिगड़ता हो। यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि भारत में बदलते संस्कार और संस्कृति जिसमें एकल परिवार संयुक्त परिवार का स्थान ले रहे हैं,परिवार की संपत्ति बंटवारे का दंश झेल रही हैं। अवसर सीमित होते जा रहे हैं,महंगाई बढ़ रही है,रहन-सहन,खान-पान,शिक्षा- स्वास्थ्य का खर्च उठाना सामान्य परिवार के लिए मुश्किल होता जा रहा हैं। इतना ही नहीं अध्ययन के निष्कर्ष इस ओर इशारा कर रहे हैं कि उचित लालन-पालन,देख-रेख,शिक्षा-दीक्षा के अभाव में बच्चों के बिगड़ने की संभावनाएं अधिक हैं और कोई भी दंपति अपने बच्चों का भविष्य बिगड़ते हुए नहीं देखना चाहती है। ऐसे में बच्चें को जन्म देने पर गहन चिंतन और मनन के बाद ही निर्णय लेना चाहिए तभी परिवार और देश के हित संभव है।

# देह और आत्मा

आत्मा की अवधारणा जीवन की व्यापकता की अवधारणा है,जीवन की निरंतरता की अवधारणा है, सर्व की अवधारणा है। आत्मा का सिद्धांत,सभी में व्यापक साम्यभावना की अवधारणा है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आज सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। आज विश्व बाजार के चैनल चौबीसों घंटे उपभोग और उपभोग का संदेश दिखा-सुना रहे हैं कि जीवन का प्रयोजन है-उपभोग और उपभोग।

विश्व बाजार की नजर में आदमी आदमी नहीं,उपभोक्ता है-कंज्यूमर। उसकी नजर में विराट प्रकृति उपभोग्य सामग्री है। विश्व बाजा रकी नजर में-उपभोग आनंद है और यह आनंद एक सौदा है, जिसे बाजार में खरीदा और बेचा जा सकता है। ये चैनल चौबीसों घंटे बता रहे हैं कि आनंद स्थूल है और तोल से बिकता है। कमती पैसा कमती आनंद और अधिक पैसा अधिक आनंद। ये बता रहे हैं कि देह सुख और इंद्रिय आनंद ही जीवन का पुरुषार्थ है,जीवन का प्रयोजन है। जब मैंने अपनी शोध रिपोर्ट डाक्टर कपिला वात्स्यायन को भेजी थी, तब उन्होंने मुझे जो पत्र लिखा था,उसकी एक पंक्ति भारतीय संस्कृति ही नहीं, विश्वसंस्कृति के अध्येताओं के लिए भी विचारणीय है-आज आधुनिक सभ्यता ने जो दिशा ली है,उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देनाम नुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। आत्मा की अवधारणा जीवन की व्यापकता की अवधारणा है,जीवन की निरंतरता की अवधारणा है, सर्व की अवधारणा है। आत्मा का सिद्धांत,सभी में व्यापक साम्यभावना की अवधारणा है। अवधारणाएं समष्टिजीवन की प्रेरणा होती हैं।

# पच्चीस हजार का इनामी गोतस्कर गिरफ्तार

## पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोतस्कर के पैर में लगी गोली, तमंचा, कारतूस और एक बाइक हुई बरामद

कार्यालय संवाददाता, इटावा


पुलिस की गिरफ्त में गोतस्कर।

**अमृत विचार।** भरथना व ऊसराहार थाना पुलिस ने गुरुवार की रात को नगला पीपल के पास एक मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी गोतस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में गोतस्कर के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाद में उसे जेल भेज दिया गया।

एसपी सिटी सत्यपाल सिंह ने बताया कि 25 फरवरी की रात को पुलिस ने गोतस्करों से एक मुठभेड के बाद दो गोतस्करों को गिरफ्तार किया था । उनके पास से ट्रक में लदे गोवंश बरामद हुए थे। उनके तीन साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग जाने में सफल हो गए थे। तभी से पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी।

गुरुवार की रात को भरथना ऊसराहार के अलावा चौबिया थाना पुलिस के अलावा सर्विलांस की टीम अपराधियों की तलाश में थी। मुखबिर ने सूचना दी कि पुलिस की पकड़ से भागा गोतस्कर अछल्दा की ओर से बाइक से आ रहा है । इस सूचना पर टीम ने नगला पीपल चौराहे के पास वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। तभी एक बाइक सवार आता दिखा। पुलिस टीम ने मोटर साइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया तो उसने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया । पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की तो एक गोली उसके पैर में लगी। जिससे वह घायल हो गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राघवेन्द्र पुत्र हरी राम निवासी नगला पूठ थाना इकदिल बताया। उसके पास से तमंचा कारतूस के अलावा बाइक बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि 25 फरवरी की रात्रि को वह साथियों के साथ गोवंश को ट्रक में लादकर बिहार ले जा रहे थे इसी दौरान पुलिस टीम ने ट्रक को पकड़ लिया गया था । मैं अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग गया था । एसपी सिटी ने बताया कि उस पर अलग-अलग थानों में एक दर्जन मामले दर्ज है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

### वारंटी गिरफ्तार

**बकेवर, इटावा।** लवेदी पुलिस ने 18 अवैध देशी शराब के क्वार्टर के साथ एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सनत कुमार ने बताया कि आरोपी का नाम मेघ सिंह निवासी डिभौली थाना चकरनगर है। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## किशोरी को भगाने में तीन साल की सजा

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना द्वितीय ने छह साल पुराने किशोरी को भगा ले जाने के मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाए जाने पर तीन साल की सजा सुनाई। इसके अलावा उस पर बीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

विशेष लोक अभियोजक दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 14 जुलाई 2017 को उसकी नाबालिग पुत्री स्कूल लिए गई थी। स्कूल में उसकी बड़ी बेटी भी पढ़ती थी। बड़ी बेटी लौटकर घर आ गई लेकिन छोटी बेटी स्कूल से घर नही लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नही चल सका। बाद में जानकारी मिली कि मोहल्ले का रहने वाला राहुल शर्मा पुत्र मुकेश शर्मा उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया। जानकारी होने पर महिला ने थाने में उसके खिलाफ मामला दर्ज करा दिया। किशोरी अपने साथ मोबाइल के अलावा घर से नौ हजार रुपये नकद व जेवर भी ले गई। छानबीन के बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। आरोपी राहुल शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बाद में पुलिस ने उसके खिलाफ किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व पॉक्सो एक्ट में आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट में हुई। विशेष लोक अभियोजक के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने राहुल को किशोरी को भगाने का दोषी पाया और उसे तीन साल की सजा सुनाई। इसके अलावा उस पर बीस हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के आरोप से उसे बरी कर दिया।

## बीमारी के चलते बिजली कर्मी की मौत

**भरथना, इटावा।** आंबेडकर नगर निवासी राम मोहन काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार की शाम को वह टायलेट गए थे तभी अचानक उन्हें खून की उल्टी हो गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले गए जहां डाक्टरों ने उनके मरने की पुष्टि कर दी। बताया गया है कि राममोहन विगत पांच छह माह से बीमार चल रहे थे। जिनका परिजन इलाज करा रहे थे। राममोहन की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## करंट से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**बकेवर।** लखना वन रेंज क्षेत्र ग्राम व्यासपुर में चलती हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई । शुक्रवार की दोपहर मोर का शव देख ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने मोर के शव को ले जाकर महेवा पशु अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। लखना वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि टीम को भिजवाकर मोर के शव का पोस्टमार्टम कराया है ।

# टैबलेट के लिए सरकारी सिम उपलब्ध कराने की मांग

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● जिला मंत्री के रिक्त पद पर अजय तिवारी का नाम घोषित

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इटावा की बैठक जिलाध्यक्ष विनोद कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई महीनों से रिक्त चल रहे जिला मंत्री के पद पर अजय तिवारी के नाम का प्रस्ताव पारित किया गया। जिलाध्यक्ष विनोद ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभागीय अधिकारियों द्वारा डाला जा रहा है।

उन्होंने कहा कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशचन्द्र शर्मा के निर्देश पर पूरे प्रदेश के शिक्षक विरोध में है। विभाग द्वारा केवल टैबलेट उपलब्ध कराया गया है परन्तु टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिससे शिक्षक आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत आईडी के माध्यम से सिम कार्ड खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जो कि शिक्षकों का उत्पीड़न है। शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण न करके केवल शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समस्याओं का अतिशीघ्र निराकरण किया जाये। विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराया जाये। शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति एक कैलेण्डर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश, प्रत्येक माह का द्वितीय शनिवार अवकाश तथा अर्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाये। बैठक में मुख्य रूप से ब्रजेश यादव, अजय तिवारी, विनोद यादव, आफताब हुसैन, उपेन्द्र कुमार वर्मा, मंजू भदौरिया, रवि त्रिपाठी, कमलेशकांत, देवेन्द्र सोलंकी, मुकेश यादव, अमित त्रिपाठी, रामविलास आदि रहे।

# शार्ट सर्किट से लगी आग से गृहस्थी राख

संवाददाता भरथना, इटावा

● दमकल के देर से पहुंचने से ग्रामीणों में आक्रोश

**अमृत विचार।** भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खिरिया सिरकौरा में गुरुवार रात्रि घरेलू विद्युत केबिल से शॉर्ट सर्किट होने से घर में भीषण आग लग गई। आग में गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग बुझाते समय करंट लगने और झुलसने से गृहस्वामी घायल हो गया। आग लगने की सूचना पर देरी से पहुंची दमकल के विरुद्ध ग्रामीणों में आक्रोश भी देखा गया। हालांकि दमकल के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया।

अग्नि पीड़ित महेश चन्द्र निषाद ने बताया कि रात्रि साढ़े 9 बजे विद्युत पोल से घर में पहुंची विद्युत केबिल में अचानक शॉर्ट सर्किट होते ही उसके घर के आंगन में रखे छप्परों में धू-धूकर भीषण आग लग गई। जिसमें रखा टीवी, फ्रिज, कूलर, कुटी मशीन,मोटर साइकिल समेत गृहस्थी का तमाम समान जलकर राख हो गया तथा 14 हजार रुपये की नकदी भी जल गया। अग्निपीड़ित ने बताया कि अग्निकाण्ड के दौरान उसकी पत्नी माला देवी,सास सुखरानी देवी, पुत्रवधू प्रभा देवी, बेटी वन्दना, छोटा बेटा रत्नेश,साले की बेटी सोनी सहित अन्य परिजनों ने घर से बाहर भागकर अपनी जान बचायी। आग बुझाते समय करंट लगने व आग में दोनों हाथ झुलस जाने से वह खुद घायल हो गया। अग्निकांड की खबर मिलते ही राजस्व विभाग टीम ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया है।

# वैज्ञानिक खेती अपनाकर किसान आर्थिक स्थिति मजबूत करें : विधायक

कार्यालय संवाददाता, इटावा


कृषि ज्ञान मेला कार्यक्रम में भाग लेतीं विधायक सरिता भदौरिया। अमृत विचार

● कृषि प्रक्षेत्र जौनई में एक दिवसीय कृषि ज्ञान मेला

**अमृत विचार।** संभागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन प्रक्षेत्र जौनई पर उप कृषि निदेशक (शोध) टीएस गौतम के निर्देशन में एक दिवसीय कृषि ज्ञान मेला, कृषक गोष्ठी एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बीज परीक्षण, मृदा परीक्षण, पशु पालन, जैविक खेती के उत्पाद, श्री अन्न (मिलेट्स), उत्तर प्रदेश बीज प्रमाणीकरण संस्था व निजी बीज विक्रेताओं के स्टॉल लगाये गये।

प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने किया । कृषकों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ लेने के लिये प्रेरित किया। कृषकों से अपील की गयी कि वह वैज्ञानिक खेती अपनाते हुये अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करें। कृषकों से जैविक खेती तथा श्री अन्न के उत्पादन को बढ़ाने के लिये प्रेरित किया। उप कृषि निदेशक (शोध) टीएस गौतम ने शोध केन्द्र की स्थापना, उद्देश्य तथा इस केन्द द्वारा संचालित कार्यों के विषय में विस्तृत रूप से अवगत कराया।

जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने कृषि निवेशों की उपलब्धता, उप निदेशक बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा कृषकों को बीज उत्पादन कार्यकम, कृषि वैज्ञानिक डॉ भूपेन्द्र सिंह चौहान ने कृषि यन्त्रों तथा वैज्ञानिक सुनीता मिश्रा ने महिलाओं के उत्थान एवं विकास के संबंध में जानकारी दी। उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी (सदर) धीरज कुमार ने कृषकों को खेती के बारे नवीनतम जानकारियां दी। उद्यान निरीक्षक उदय चन्द्र कौशल, प्रकाश नारायण त्रिपाठी, ने जैव उर्वरको के प्रयोग, मृदा में जीवांश कार्बन को बढ़ाने की विधियों के विषय में जानकारियों उपलब्ध करायी करायी। कृषि मेला के आयोजन के समय श्याम सिंह, अवनीश कुमार, गजेन्द्र सिंह प्रदीप कुमार, उपेन्द्र कुमार, सुनहरीलाल प्रक्षेत्र, अन्जूवर्मा, आबिद अली, हरिओम, वरूण कुमार, सुधीर तिवारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आलू के बाद मक्का व मूंगफली की फसल से किसानों को मिलेगा लाभ

**महेवा, इटावा।** ग्रामीण अंचलों में आलू के खेतों में मक्का की फसल तैयार करने के लिए किसानों ने आलू की खुदाई युद्ध स्तर पर शुरू कर दी है । विकासखंड में इस वर्ष 6000 हेक्टेयर भूमि पर आलू की पकी फसल तैयार की गई है ।आलू के बाद उन्हीं खेतों में मक्का करने से किसानों को 12400 प्रति बीघा के करीब का लाभ होता है। आलू की खुदाई कर किसानों ने मक्का की फसल बोने की तैयारी शुरू कर दी है। किसान भाव की चिंता किए बिना आलू की खुदाई में जुट गया है।आलू की खुदाई के बाद सर्वाधिक मक्का पैदा करने वाले प्रगतिशील किसान पंडित वेद प्रकाश त्रिपाठी व बब्लू तिवारी ने बताया कि आलू वाले खेत में कम लागत में मक्का की फसल तैयार की जाती है । सबसे खास बात यह है कि इस मक्का को बेचने के लिए किसानों को मड़ियों में नहीं जाना पड़ता है।व्यापारी गांव गांव जाकर मक्का खरीद ले जाते हैं। गर्मी की मक्का की मांग बाहर की मडियों में होने की वजह से किसानों को उनके दाम अच्छे मिल जाते हैं। जिस वजह से आलू का घाटा किसान मक्का की फसल तैयार कर पूरा कर लेता है उनका कहना है कि एक बीघा खेत में मक्का की फसल तैयार करने में 3600 रू खर्च आता है।मक्का की फसल तैयार हो जाने पर किसानों को लागत निकालकर 12000 से ज्यादा का प्रति बीघा का शुद्ध लाभ होता है।इस वजह किसान आलू की खुदाई में जुटा हुआ है।ग्राम वीरपुर निवासी प्रगतिशील किसान जितेंद्र अवस्थी का कहना है कि वह हर साल आलू खोदकर मक्का और मूंगफली की फसल इस खेत में तैयार करते आ रहे हैं।इस साल 40 बीघा खेत में मक्का पैदा करने जा रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि उन्हें वाजिब दाम घर बैठे मिल जाते हैं।राजकीय बीज भंडार के प्रभारी बृजेंद्र सिंह का कहना है कि आलू किसान को अपना आलू खोदकर मक्का अथवा मूंगफली की फसल अवश्य करना चाहिए। मक्का की मांग बाहरी मंडियो में होने की वजह से किसानों को भाव अच्छे मिलते हैं।कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर अक्षय कुमार का कहना है किसानों को इसका लाभ जरूर लेना चाहिए।उन्होंने कहा कि आलू के खेत में मक्का और मूंगफली की फसल बहुत कम लागत में तैयार हो जाती है पैदावार भी अच्छी होती है।

# विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया कदम

कार्यालय संवाददाता, इटावा



छात्रा को सम्मानित करते प्राचार्य महेंद्र सिंह एवं डॉ. एनके शर्मा। अमृत विचार

● विज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** केके कालेज इटावा में विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक थीम के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यक्रम संपंन हुए। आयोजन सचिव प्रो. ओमकुमारी तथा संयोजक प्रो. आरएस यादव तथा आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. उदयवीर सिंह की देखरेख में विज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता तथा पोस्टर प्रतियोगिता व संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में रमन प्रभाव और उसके विभिन्न क्षेत्रों में अनुप्रयोग,आजादी के बाद भारत में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर व्याख्यानमाला आयोजित की गई।

मुख्य अतिथि भीमराव कृषि एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, इटावा के डीन प्रो. एनके शर्मा रहे। प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने कहा कि देश में आजादी के बाद विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास के लिए मजबूत नींव रखी गई। आईआईटी, इसरो, डीआरडीओ, सीएसआईआर जैसे संस्थानों की स्थापना साठ और सत्तर के दशक में की गई ।जिन्होंने भारत को आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया। आज हमारा देश अंतरिक्ष क्षेत्र, आईटी सेक्टर एवं मिसाइल तकनीक में विश्व में अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रदीप कुमार ने विज्ञान के प्रचार प्रसार और अंधविश्वास को दूर करने के लिए किये जा रहे सतत प्रयास के लिए महाविद्यालय द्वारा अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

दो दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में संपंन हुई भाषण प्रतियोगिता में सलोनी यादव ने प्रथम स्थान, सौम्या सिंह ने द्वितीय स्थान तथा अंजली सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान प्रश्नोत्तरी में कुलदीप कुमार ने प्रथम, अंजली सिंह एवं सुहा मंसूर ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, निशांत कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में आंकाक्षी एवं अनन्या पाण्डेय ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, प्रिंसी ने द्वितीय तथा अंजली सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर प्रो. शिवराज सिंह यादव, प्रो. उदयवीर सिंह, प्रो. मनोज गुप्ता, प्रो. सुनील सिंह सेंगर,प्रो. पदमा त्रिपाठी, डॉ.अनिल यादव, प्रो. अरुण, प्रो. राजवीर सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### ग्लोबल पीस फाउंडेशन को किया गया सम्मानित

**इटावा।** दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उम्दा कार्य करने के लिए ग्लोबल पीस फाउंडेशन को सम्मानित किया गया।फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह ने यह सम्मान ग्रहण किया।इस संबंध में इटावा क्लब में आयोजित कार्यक्रम में इस फाउंडेशन के कामकाज की सराहना की गई और सम्मानित किया गया।सदर विधायक सरिता भदौरिया ने फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह को सम्मान प्रमाणपत्र दिया।इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, भाजपा नेता कृष्ण मुरारी गुप्ता मौजूद रहे।सीमा सिंह ने कहा कि इस सम्मान से हौसला बढ़ा है और अब अधिक परिश्रम के साथ संस्था की ओर से कार्य किया जाएगा।

# विज्ञान मानव जीवन के लिए वरदान

कार्यालय संवाददाता, इटावा



जागरुकता कार्यक्रम में बोलते डॉ. सूर्यकांत। अमृत विचार

● डॉ. भीमराव आंबेडकर कृषि इंजी कालेज में विज्ञान जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में विज्ञान जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि किंग जार्ज मेडिकल कालेज के रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त ने कहा कि,विज्ञान एक बेहद महत्वपूर्ण विषय है। विज्ञान से प्राप्त किए गए उस गूढ़ ज्ञान को समाज हित में एक सही सोच के साथ आगे सही दिशा में ले जाना आप सभी विद्यार्थियों का परम कर्तव्य भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान में लगातार नित नए नवाचार करते रहने के लिए भी प्रेरित किया।

कार्यक्रम अध्यक्ष बाबा साहब भीमराव आंबेडकर कृषि एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रोफेसर एनके शर्मा ने रमन इफेक्ट को विस्तार पूर्वक समझाया। उन्होंने आज के परिवेश में चल रही नैनो टेक्नोलॉजी के महत्व को विस्तारपूर्वक बताया। प्रोफेसर राजेश त्रिपाठी, प्रोफेसर जे पी यादव, जिला सहसंयोजक ऐश्वर्य गुप्ता, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक पाल, डॉ आशीष त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखें। इस विभाग संगठन मंत्री तरुण बाजपेयी, प्रान्त सहमंत्री अभिषेक राठौर, संस्कार गुप्ता, तरुण महेश्वरी, मनीष सहाय, डॉ श्वेता दुवे, श्वेता सिंह, आरुष सक्सेना, प्रदीप शाक्य आदि रहे।

विकास को लगेंगे पंख

आचार संहिता लगने से पहले जिले में खुलेगा विकास का पिटारा, पूरी संभावना है की नये स्टेशन के निर्माण के लिए 10 मार्च से पहले होगा भूमि पूजन

# मार्च के पहले सप्ताह में होंगे कई लोकार्पण और शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, इटावा


रामनगर रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहा ओवरब्रिज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की आदर्श चुनाव आचार संहिता लगने से पहले ही जिले में विकास कार्यों की झड़ी लगने वाली है। प्रशासनिक स्तर पर कई विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कराने की तैयारी चल रही है। वहीं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मार्च के पहले सप्ताह में ही जिला स्तर पर सामूहिक विवाह का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

**नये स्टेशन का भूमि पूजन और फ्लाई ओवर के काम में तेजी :** शहर के लाइन पर क्षेत्र में एक नया रेलवे स्टेशन बनाए जाने की योजना बनाई गई है और इसकी स्वीकृति भी मिल गई है। यह काफी भव्य और अति आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसके लिए स्थान का चयन कर लिया गया है और इस बात की पूरी संभावना है की नये स्टेशन के निर्माण के लिए 10 मार्च से पहले भूमि पूजन कर दिया जाएगा।

सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया के प्रयासों से यह नया स्टेशन बनाया जा रहा है और सांसद इसका भूमि पूजन करेंगे। इसके साथ ही रामनगर रेलवे फाटक पर जो फ्लाईओवर बनाया जा रहा है उसके कामकाज में भी पिछले दिनों से काफी तेजी देखने को आई है। हालांकि अभी इसको पूरा होने में समय लगेगा लेकिन कामकाज में तेजी आ चुकी है।

### किसान फीडर से दिए जाएंगे कनेक्शन

**इटावा।** सरकार की योजना के तहत बिजली विभाग किसानों के लिए अलग से फीडर तैयार कर रहा है।इनमें 28 फीडर तैयार कर लिए गए हैं और 12 फीडर बनाए जा रहे हैं, जो फीडर तैयार हो गए है उनसे किसानों को बिजली का कनेक्शन दिया जाएगा।इसकी तैयारी पूरी है।ऐसी संभावना है कि मार्च के पहले सप्ताह में अहेरीपुर और बकेवर क्षेत्र में बनाए गए फीडरों से किसानों को कनेक्शन दे दिए जाएंगे। इसकी शुरुआत भी आचार संहिता लगाए जाने से पहले कर ली जाएगी।

### आजादी के 75 साल बाद बनेगी कांयछी की सड़क

**इटावा।** चकरनगर में कांयछी गांव ऐसा है जहां पक्की सड़क नहीं है, जिससे लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है।बरसात में तो समस्या बढ़ जाती है। यहां सड़क बनाने में वन विभाग की रुकावट आड़े आती रही है लेकिन अब इस रुकावट की समस्या का समाधान कर लिया गया है और सड़क बनाए जाने का निर्णय ले लिया गया है ।इसका टेंडर भी हो गया है। ऐसी संभावना है कि मार्च के पहले सप्ताह में ही सांसद डा. रामशंकर कठेरिया इस सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन करेंगे।

### छह मार्च को होगा सामूहिक विवाह, रजिस्ट्रेशन तेज

**इटावा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की बेटियों की शादी कराई जाती है। इस योजना के तहत जिले में आचार संहिता लागू होने से पहले सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन की तैयारी समाज कल्याण विभाग की ओर से की जा रही है।यह सामूहिक विवाह समारोह छह मार्च को आयोजित किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार शशि ने बताया इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा रहे हैं और अब तक 102 जोड़ों की रजिस्ट्रेशन किए जा चुके हैं।इस काम में अभी और तेजी आएगी। 6 मार्च तक जितने रजिस्ट्रेशन होंगे उन सभी जोड़ों की शादियां करा दी जाएंगी।इस योजना के तहत एक शादी पर सरकार की ओर से 51 हजार रुपए खर्च किए जाते हैं।इनमें से 35 हजार की रकम कन्या के खाते में जाती है तथा गृहस्थी का सामान भी दिया जाता है।

# एक सप्ताह में पूरी करें मतदेय स्थलों की कमियां

संवाददाता महेवा, इटावा

● सीडीओ ने किया ब्लॉक महेवा व मतदान केंद्र का निरीक्षण

**अमृत विचार।** जिले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियां तेज हो गयीं हैं। बूथों के निरीक्षण से लेकर मतदाता सूची में सुधार व अन्य कार्यों का अधिकारी हर दिन निरीक्षण व प्रर्वेक्षण भी कर रहे हैं।

शुक्रवार को सीडीओ अजय कुमार गौतम ने ब्लॉक मुख्यालय महेवा सहित ब्लॉक के ग्राम उझियानी स्थित जूनियर स्कूल व प्राथमिक स्कूल का औचक निरीक्षण किया। दोनों स्कूलों में मतदेय स्थल होने के चलते सभी प्रकार की कमियों को एक सप्ताह में पूर्ण करने का निर्देश खंड विकास अधिकारी सूरज सिंह को दिया। सीडीओ को निरीक्षण के दौरान ब्लॉक व दोनों स्कूलों में सभी स्टाफ मौजूद मिला तथा साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाएं भी दुरुस्त मिली जिस पर उन्होंने सन्तोष जाहिर किया। दोपहर में सीडीओ ने उझियानी उच्च प्राथमिक स्कूल व प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया जहां सभी स्टाफ मौजूद था व शिक्षण कार्य सुचारू रूप से चल रहा था। इसके बाद उन्होंने मतदेय बूथ बने कक्ष, बच्चों के लिए बनाए जा रहे एमडीएम शेड, पानी की टंकी, हर्बल पार्क आदि को भी देखा प्राथमिक स्कूल में पानी पीने की टोटियां टूटी देखकर तत्काल हेडमास्टर को सही कराने का निर्देश दिया। इस दौरान बीडीओ सूरज सिंह, एडीओ पंचायत श्याम वरन राजपूत, एडीओ कृषि अनुराग दुबे, राजकीय बीज भंडार प्रभारी बृजेन्द्र बाबू, एडीओ फसल सुरक्षा राकेश यादव, डॉ अक्षय कुमार, एमआई चन्द्र भान सिंह, वीटी शिव मंगल सिंह, आंकिक शैलेन्द्र कुमार, लिपिक कुलदीप चौहान आदि रहे।

# खंड शिक्षा अधिकारी 30 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

संवाददाता, बिधूना, औरैया


खंड शिक्षा अधिकारी को कोतवाली ले जाती विजिलेंस टीम। अमृत विचार


कोतवाली में एकत्रित शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी को शुक्रवार को विजिलेंस टीम द्वारा 30 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी की गिरफ्तारी के बाद बिधूना कोतवाली में भारी संख्या में शिक्षक नेता अधिकारी के समर्थन में पहुंच गए। लेकिन, उन्हें कोतवाली से बैरंग वापस लौटना पड़ा। बताया गया कि शिक्षक के विकल्प पत्र को अग्रसारित करने के नाम पर 30 हजार रुपये मांगे गए थे।

जुबेर व राजन रावत की विजिलेंस टीम द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी बिधूना पुष्पेंद्र जैन को शुक्रवार को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। विजिलेंस टीम द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी को गिरफ्तार किए जाने और बिधूना कोतवाली ले जाए जाने की भनक लगते ही भारी संख्या में शिक्षक नेताओं के साथ शिक्षक कोतवाली पहुंच गए और उन्हें साजिश के तहत फंसाए जाने की बात कह कर उन्हें छोड़ने की बात कही। शिक्षकों की कोतवाली में जमा भारी भीड़ को गंभीरता से लेते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी बिधूना अशोक कुमार सिंह व विजिलेंस टीम के अधिकारियों ने शिक्षकों को समझा बुझाकर कोतवाली से वापस भेजा। कोतवाली में खंड शिक्षा अधिकारी के बचाव में आए शिक्षकों का घंटों हुजूम जमा रहा।

- खंड शिक्षा अधिकारी के समर्थन में पहुंचे शिक्षक

बाद में शाम को विजिलेंस की टीम गिरफ्तार किए गए खंड शिक्षा अधिकारी को कानपुर लेकर चली गई। इस गिरफ्तारी की कार्रवाई प्रक्रिया के दौरान नायब तहसीलदार प्रकाश चौधरी भी शामिल रहे। बता दें कि खंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा में स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में शुक्रवार को ड्यूटी पर थे। कुछ देर कॉलेज में रुकने के बाद अपने बीआरसी स्थिति कार्यालय आ गए। बिधूना विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पेंद्र जैन अगस्त 2023 में निघासन लखीमपुर जनपद से स्थानांतरण पर बिधूना आए थे।

### विकल्प पत्र अग्रसारित करने को मांगी थी रिश्वत

- शिक्षक शरद कुमार द्वारा मृत्यु तथा सेवानिवृत अनुतोषित नियमावली के वरण हेतु अपना एक प्रार्थना पत्र 21 नवंबर को अग्रसारित करने के लिए बीईओ पुष्पेंद्र जैन को दिया। बराबर बीईओ कार्यालय के चक्कर लगा रहा था। इसके बाद भी बीईओ द्वारा प्रार्थना पत्र को अग्रसारित नहीं किया गया। विकल्प पत्र अग्रसारित करने के लिए शिक्षक शरद कुमार 2 फरवरी को फिर से बीईओ पुष्पेंद्र जैन से मिला। उस दिन बीईओ द्वारा विकल्प पत्र अग्रसारित करने के नाम पर 30 हजार की रिश्वत मांगी गई, और आज देते समय कार्रवाई हुई।

# प्रताप एक्सप्रेस से कटे युवक की शिनाख्त हुई

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर अछल्दा रेलवे स्टेशन के बैसोली गांव के पास इटावा से कानपुर की तरफ जा रही 12495 प्रताप एक्सप्रेस से कटे युवक की शुक्रवार को शिनाख्त हो गई। थाना प्रभारी भूपेन्द्र राठी व कस्बा इंचार्ज सुरेश कुमार द्वारा उसके कपड़ों की तलाशी लेने पर पर्स, घटनास्थल से दूर टूट हुआ मोबाइल तथा आधार कार्ड सहित पासपोर्ट साइज की फोटो मिलने के बाद कन्ट्रोल रूम को सूचना दी। युवक की शिनाख्त सोनू पाल पुत्र सहदेव सिंह निवासी कोतवाली भर्थना के ग्राम नगला बस्सी, पोस्ट निवाड़ी कला अहिरान के रूप में की गई। मौके पर ग्राम प्रधान सहित मृतक के पिता व मां सरला देवी, चाचा राकेश कुमार थाना अछल्दा पहुंचे। जहां चाचा राकेश ने बताया कि वह गुरुवार शाम को कानपुर जाने के लिये युवक को छोड़कर भर्थना रेलवे स्टेशन पर आये थे। अभी दो दिन पहले ही गाजियाबाद में प्राइवेट नोकरी कर 27 तारीख को मृतक घर आया था। मृतक युवक का रोका हो गया था।


मृतक की फाइल फोटो।

## एक नजर

### पशु क्रूरता में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के वांछित आरोपी को कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वांछित आरोपी पशु क्रूरता अधिनियम में वारंटी था। आरोपी रियाज अहमद पुत्र सुलेमान निवासी मोहल्ला इस्लाम नगर को कस्बा बाबरपुर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। रियाज अहमद न्यायालय के समक्ष नियत तिथि में उपस्थित नहीं हुआ था। कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि आरोपी रियाज अहमद को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।


आरोपी रियाज अहमद।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पंचायत सहायक की मौत

**औरैया।** बेला थाना क्षेत्र के बिधूना मार्ग स्थित कसाहरी सम्पर्क मार्ग के पास बिधूना जा रहे ग्राम पंचायत बर्रु कुलासर के पंचायत सहायक सुरजीत (25) पुत्र श्री किशन की अज्ञात वाहन की टक्कर से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ लग गई। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस और परिजनों को दी मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष बेला विनेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।तहरीर मिलने पर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### 5 मार्च को होगी बैठक

**औरैया।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र अधिकारी अरविन्द कुमार भास्कर ने बताया कि डीएम नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु एवं जनपदीय एमआईयू (एमओयू क्रियान्वयन तंत्र) की बैठक पांच मार्च की अपराह्न एक बजे से मानस सभागार कलेक्ट्रेट मुख्यालय ककोर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में उद्यमियों की समस्याओं पर भी विचार किया जाएगा। जो उद्यमी जिला उद्योग बंधु बैठक में अपनी कोई समस्या रखना चाहते हैं, वह अपना प्रत्यावेदन चार मार्च की शाम पांच बजे तक कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र में जमा करवाएं, ताकि बैठक में उन्हें शामिल किया जा सके।

### संपूर्ण समाधान दिवस आज

**औरैया।** शासन के निर्देशानुसार माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। दो मार्च को जनपद के तहसील बिधूना में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी तहसील बिधूना में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में समय से पहुंचें।

### बैंक शाखाओं की चेंकिंग की

**औरैया।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशन में थानाध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बैंक, एटीएम की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान कैमरा, अलार्म, बैंक गार्ड व बैंक के अन्दर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों को चेक किया।

### सुनी गई समस्याएं

**औरैया।** एसपी चारू निगम के निर्देशन में थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थानों पर मौजूद होकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। न्याय का भरोसा दिलाते हुये गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से न्यायोचित निस्तारण करने हेतु सर्व-सम्बन्धित को निर्देशित किया ।

### वांछित आरोपी को भेजा जेल

**औरैया।** बिधूना कोतवाली प्रभारी ने वांछित आरोपी गौरव दोहरे पुत्र जगजीवन निवासी बडे का पुर्वा को मुखबिर की सूचना पर यात्री प्रतीक्षालय असजना मोड दिबियापुर मार्ग से हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

# घोषणा पत्र के लिए जनता से सुझाव लेगी भाजपा

## प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में सुझाव पेटियों , नमो एप से लेंगे राय

कार्यालय संवाददाता, औरैया


कार्यशाला के दौरान जानकारी देते भाजपाई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अपने घोषणा पत्र के लिए जनता से सुझाव लेगी। इसके लिए प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में सुझाव पेटियों के साथ नमो एप और डिजिटल तरीके से इन्हें एकत्र किया जाएगा। भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में शुक्रवार को आयोजित कार्यशाला में पदाधिकारियों को कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में एलईडी वैन के अलावा भाजपा जिले व विधानसभा क्षेत्रों में संवाद कार्यक्रम करेगी। साथ ही व्यावसायिक, वाणिज्यिक व क्षेत्र में प्रमुख लोगों से घोषणा पत्र के लिए सुझाव लेगी। सभी प्रकोष्ठों की विधानसभा क्षेत्र पर गोष्ठियां होगी। साथ ही भाजपा का घर-घर संपर्क भी हो रहा है। इसमें भी नमो एप से सुझाव लिए जाएंगे। बाजार, बस्ती, भाजपा जिला कार्यालय, लोकसभा कार्यालय, कचहरी, कालेज आदि में सुझाव पेटियां लगाई जाएंगी। जिले में आज से शुभारंभ हो गया है और सभी मंडल में 6 मार्च तक अभियान का शुभारंभ करे यह अभियान 15 मार्च तक ही चलेगा। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में जो संकल्प लिया, उसे पूरा किया है। कोई भी व्यक्ति 9090902024 फोन नंबर पर कॉल करके अपने सुझाव रिकार्ड करा सकता है। सुझाव अभियान की जिम्मेदारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार गुप्ता को दी गई है । बैठक में भाजपा द्वारा विभिन्न अभियान के कार्यकम चल रहे है, उसकी समीक्षा कर और उसको अच्छा करे ताकि जिले में सभी अभियान सफल हो। भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने सभी कार्यकम के संयोजकों, जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारियों से अपील की की सभी अभियानों में सहभागिता कर केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों का बखान कर लोकसभा चुनाव में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेकर कार्य करे। बैठक के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता, इटावा लोकसभा क्षेत्र के संयोजक व अजीतमल ब्लाक प्रमुख रजनीश पांडेय, अभियान के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष प्रेम गुप्ता, जिला महामंत्री कौशल राजपूत,जिला मंत्री ऋषि पांडेय के अलावा पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश अवस्थी,जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर,जिला मंत्री सतेंद्र भदौरिया, मंडल प्रभारी औरैया देहात लल्ला शर्मा, सर्वेश भदौरिया,जिला उपाध्यक्ष अनंग पाल सिंह तोमर,जिला उपाध्यक्ष विकास गौर,मंडल प्रभारी कन्हैया लाल गुप्ता,जिला मंत्री विशाल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# शराब को रुपये नहीं दिए तो व्यापारी पर फायर

संवाददाता, बिधूना, औरैया


घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीती रात्रि कस्बे के किशनी रोड पर एक युवक ने शराब के लिए रुपये न देने पर लाइसेंसी रायफल से निमंत्रण खाने जा रहे एक व्यापारी की कार पर तीन-चार राउंड फायर कर दिए। एक फायर पीड़ित व्यापारी की कार में लगा। घटना में व्यापारी व उसका साथी बाल बाल बच गया। घटना के बाद युवक मौके से फरार हो गया। वहीं पुलिस की टीमें आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर तलाश में जुटी हुई है।

कस्बा बिधूना के किशनी रोड निवासी कुनाल गुप्ता ने पुलिस को बताया कि देर रात्रि अपनी कार से अपने साथी रोहित के साथ एक निमंत्रण में जा रहा था। उसकी कार किशनी रोड पर स्थित आरोपी विपिन के मकान के सामने पहुंची। तभी, उसने कार को रोककर गाली-गलौज करते हुए शराब के लिए रुपयों की मांग की। रुपये देने से मना करने पर विपिन आग बबूला हो गया और अपने पिता की लाइसेंसी रायफल से तीन-चार राउण्ड फायर किए। जिसमें एक गोली कार में जा लगी। उसी समय आरोपी का पिता रामप्रकाश पुत्र राम कृष्ण भी आ गया और गाली देते हुए बोला गोली मार दो। कुनाल ने बताया कि विपिन गोयल हिस्ट्रीशीटर अपराधी है व हफ्ता वसूली आदि भी करता है। उससे भी 10 हजार रुपए हर माह मांग रहा है। कोतवाली प्रभारी श्रीकेश भारती ने बताया की पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। अतिशीघ्र आरोपी को गिरफतार कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

- पीड़ित ने कोतवाली जाकर पुलिस से लगाई गुहार

### तालाब के पास बने पुलिस चौकी

**फफूंद, औरैया।** कस्बे में पक्का तालाब के पास पुलिस चौकी बनाने की मांग फिर तेज होती जा रही है। शुक्रवार को सामाजिक संस्था सोशल वेलफेयर कमेटी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर चौकी बनाने की मांग की।

कस्बे की सामाजिक संस्था सोशल वेलफेयर कमेटी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि थाना फफूंद में तिराह चमनगंज ख्यालीदास आश्रम के पास 20 साल पूर्व कस्बा चौकी बनी हुई थी। जो किसी कारणों से वहां से हटा दी गई थी। कस्बे का क्षेत्रफल काफी बड़ा होने से पक्का तालाब के पास एक पुलिस चौकी की स्थापना बेहद जरूरी है।

# नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल

संवाददाता, अछल्दा, औरैया


कथा सुनाते आचार्य।


कथा सुनते श्रोता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के नगला झाल में पांचवे दिन आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञानयज्ञ में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनाई गई। कथा के दौरान आचार्य गोविंद अवस्थी द्वारा प्रस्तुत नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन पर भक्त झूमने को मजबूर हो गए।

आचार्य ने बड़े मनोहारी ढंग से कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। आचार्य ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है। अर्धम का बोलबाला होता है तब-तब प्रभु को मानव शरीर में पृथ्वी पर अवतार लेना पड़ता है। उन्होंने बताया कि जब पृथ्वी पर कंस का अत्याचार बढ़ गया तो भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लिया। आचार्य ने भजन प्रस्तुत किए। महिलाओं व पुरुषों ने नृत्य करके भगवान के जन्म के साथ बधाई गीत गाए। नन्हे कान्हा के स्वरूप पर पुष्प वर्षा कर प्रसन्नता प्रकट की। कथावाचक ने कहा कि भगवान जैसी दिव्य गुणी संस्कारित संतान की इच्छा रखने वाले माता-पिता स्वयं को राजा दशरथ, कौशिल्या, सुमित्रा, अनुसुइया आदि जैसे गुणों को जीवन में धारण करें।

# डंपर ने ट्राला पर मारी टक्कर, नाले में धंसा

संवाददाता, फफूंद, औरैया


सड़क किनारे धंसा प्लास्टिक दाने से लदा ट्राला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पाता प्लांट से प्लास्टिक दाना लादकर जा रहे एक ट्राले में तेज गति से आए डंफर ने टक्कर मार दी, जिससे ट्राला सड़क किनारे नाले में धंस गया। पार्किंग में सो रहे अन्य चालकों ने केबिन का शीशा तोड़कर उसमें फंसे चालक को बाहर निकाला।

मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और घायल चालक को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। गुरुवार की देर रात कोलकाता रोड लाइंस का ट्रॉला पाता पेट्रो केमिकल प्लांट से प्लास्टिक दाना लादकर पूना के लिए रवाना हुआ। एलपीजी पार्किंग के पास पहुंचते ही पीछे से आए तेज गति के डंफर ने ट्रॉले में टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉले के चालक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे नाले में जा पलटा। लोगों ने चालक को बाहर निकाला।

# ब्रेक-शू जाम होने से ढाई घंटे खड़ी रही मालगाड़ी

संवाददाता, कंचौसी, औरैया


ब्रेक-शू जाम होने की वजह से खड़ी मालगाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इटावा से कानपुर आ रही मालगाड़ी के शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे चार वैगन के ब्रेक-शू जाम होने की जानकारी होते ही लोको पायलट ने मालगाड़ी को कंचौसी स्टेशन व रेलवे क्रॉसिंग के बीच रोक दिया। लाइन पर मालगाड़ी खड़ी होने के कारण पीछे से लगभग ढाई घंटे तक चले मरम्मत के काम के बाद मालगाड़ी को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर मालगाड़ियों के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर डीएफसी बना है। सफल संचालन के दृष्टिकोण से रेलवे ने यह कवायद की है। शुक्रवार को इटावा से कानपुर सेंट्रल जा रही मालगाड़ी के चार वैगन के पहियो के ब्रेक-शू जाम होने से दिक्कत महसूस होने पर लोको पायलट ने मालगाड़ी को रेलवे फाटक और मैन लाइन के बीचों बीच रोक दिया। साथ ही सतर्कता दिखाते हुए स्टेशन मास्टर को सूचना दी। जानकारी होते ही न्यू कंचौसी से पहुंचे कैरिज एंड वैगन के कर्मचारियों ने एक दूसरे से सटे ब्रेक-शू को अलग करते हुए तकनीकी परीक्षण किया। इसके बाद गंतव्य को मालगाड़ी रवाना हो सकी।

रेलवे क्रॉसिंग पर जाम लगने से वाहन सवार 3 घंटे से ऊपर जाम में फंसे रहे। दोपहर 3 बजकर 15 मिनट पर यातायात सुचारू हो सका था। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक नवाना वांचे ने बताया कि ब्रेक शू जाम होने से मालगाड़ी खड़ी रही।

### तकनीकी खराबी, प्लेटफॉर्म 3 पर खड़ी मालगाड़ी

**अछल्दा, औरैया।** दिल्ली हावड़ा रूट पर शुक्रवार सुबह लगभग 9 :45 मिनट पर कानपुर से इटावा की ओर जा रही मालगाड़ी के पहियों में ब्रेक बाइंडिंग होने से प्लेटफार्म 3 पर रुक गयी। लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर को मालगाड़ी में तकनीकी खराबी की जानकारी दी। स्टेशन मास्टर की जानकारी पर पहुंचे रेलकर्मी तकनीकी खराबी को दूर करने का प्रयास करने लगे। इसी बीच कानपुर से इटावा की तरफ जा रही मेमू ट्रेन 04159 को प्लेटफार्म 9-4 पर रोका गया। इससे सवारियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। रेलकर्मी की कड़ी मशक्कत के बाद 10-25 मिनट पर तकनीकी खराबी दूर कर गाड़ी को रवाना किया गया।


तकनीकी खराबी को ठीक करते कर्मचारी।

काम का मुआयना | ग्रामीणों ने सड़क का निर्माण सुखमपुर धर्माईपुरवा तक करने की मांग की

# सड़क निर्माण के मानक जांचे, पानी छिड़काव के निर्देश

संवाददाता, कंचौसी, औरैया


निर्माणाधीन सड़क पर गेज डलवा कर मोटाई देखते लोक निर्माण विभाग अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सहार ब्लाक के निर्माणाधीन कंचौसी घसा पूर्वा वाया ढिकियापुर सम्पर्क मार्ग का निरीक्षण लोक निर्माण विभाग के एई एस के तिवारी ने किया। एई ने इस दौरान ठेकेदार से सीसी और डामर रोड का निर्माण मानक के अनुसार करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुंचे लोक निर्माण विभाग के एई एस के तिवारी ने जल भराव वाली जगह पर बनाई जा रही सीसी रोड की गेज डाल कर मोटाई नपवा कर चेक किया। सीमेंट मौरग गिट्टी का अनुपात के तहत डालने और सड़क बनने के बाद स्केच और जोड़ काटने, पानी का छिड़काव नियमित करने और सीसी रोड पर एक एक मीटर पटरा और दोनों तरफ नालियां बनाने को कहा। 20 सालों से जर्जर पड़े दो किमी कंचौसी ढिकियापुर घसापुरवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण काफी जद्दोजहद के बाद शुरू हो सका है। अभी एक किमी ढिकियापुर तक सड़क बन रही हैं। अधिकारियों ने बताया की शेष एक किमी ढिकियापुर से घसा पुरवा तक सड़क का निर्माण बजट जारी होते ही शुरू करा दिया जाएगा। मालूम हो कि इस बदहाल सड़क का निर्माण दिवियापुर फफूद रेलवे स्टेशन से आने वाली माइनर रोड सुखमपुर, धर्माईपूर्वा तक पूरा कराने की मांग क्षेत्र की जनता ने शासन प्रशासन के साथ-साथ बिधूना विधायक रेखा वर्मा से भी की थी।

# नव निर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, औरैया


अध्यक्ष व महामंत्री का स्वागत करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महामंत्री का शहर के एक गेस्ट हाउस में गुरुवार को आयोजित समारोह में अधिवक्ताओं द्वारा फूल मालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत, सम्मान किया गया।

शहर के लखन वाटिका गेस्ट हाउस में आयोजित समारोह में जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव कुमार चतुर्वेदी व महामंत्री शैलेश चतुर्वेदी पप्पल का कार्यक्रम संयोजक प्रशांत मिश्रा के नेतृत्व में फूल मालाएं पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महामंत्री द्वारा अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन कर अधिवक्ताओं के हक अधिकार के साथ वादकारियों को न्याय दिलाने के लिए तत्पर रहने का भरोसा दिया गया। इस स्वागत समारोह के मौके पर कार्यक्रम संयोजक प्रशांत मिश्रा, शशांक मिश्रा, ओम प्रकाश तिवारी, शिवम शर्मा, शशिकांत पांडे, पवन पोरवाल, चंद्रहास पांडे, जयप्रकाश गुप्ता, हेमेंद्र पांडेय, सोनू चतुर्वेदी, अनुपम त्रिपाठी व ओमकार पांडेय आदि अधिवक्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## एक नजर

### मायावती के भतीजे आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा

**अमृत विचार,लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के पहले बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। राजनीतिक गलियारों में इसे केंद्र सरकार का 'तोहफा' बताया जा रहा है।केंद्र सरकार ने धमकियों और खतरे को लेकर आकाश आनंद को यह सुरक्षा दी है। बताया गया है कि मायावती के उत्तराधिकारी घोषित होने के बाद से ही उन पर खतरा बढ़ गया था। हाल ही में राज्यसभा चुनाव में बसपा के एक मात्र विधायक उमा शंकर सिंह भाजपा के साथ खड़े नजर आये थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। इस पर कांग्रेस ने बसपा को भाजपा की 'बी' टीम बताया था। सपा और इंडिया गठबंधन के नेता मायावती को पहले ही भाजपा व केंद्र सरकार की सहयोगी बताते रहे हैं। तमाम प्रयासों के बाद भी बसपा इंडिया गठबंधन मे शामिल न होकर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। ऐसे में आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा देने पर विपक्ष के आरोपों को बल मिला है।

### पूर्व राज्यपाल के निधन पर जताया शोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा को शांति व शोकाकुल परिजनों को आघात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। अजीज कुरैशी उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड व मिजोरम के भी राज्यपाल रहे।

### डॉ. कन्हैया के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साहित्यकार डॉ. कन्हैया सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष व अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक रहे डॉ. कन्हैया सिंह के बेटे चित्रसेन सिंह को मुख्यमंत्री ने पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिता का निधन किसी भी पुत्र के लिए अत्यन्त दुखदायी होता है।

# जिलों में तीन साल से तैनात अधिकारियों को हटाया गया

## शासन की ओर से मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपी गई रिपोर्ट




कॉफी टेबल बुक का विमोचन करते मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल व अन्य।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** शासन व पुलिस विभाग ने तीन साल से एक जिले में जमे अफसरों को हटा दिया है। शासन की ओर से मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को को इस सिलसिले में रिपोर्ट सौंपी गई है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की ओर से अफसरों के तबादले को लेकर रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दी गई है।

आयोग ने पिछले दिनों प्रदेश समेत देश के सभी राज्यों को निर्देश जारी कर एक ही जिले में तीन से अधिक समय से जमे अफसरों को हटाने व गृह जिले में अफसरों को संबंधित संसदीय क्षेत्र से हटाने के निर्देश दिये थे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शासन की ओर से अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और अयोध्या के नगर आयुक्त विशाल सिंह, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और बृज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ नागेंद्र सिंह, यमुना अथॉरिटी के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया और भूमि अध्याप्ति अधिकारी बलराम सिंह के लिए तबादला नीति में शिथिलता देने का आग्रह किया था। आयोग ने आग्रह को अस्वीकार करते हुए चारों का तबादला करने के आदेश दिये थे। इस पर शासन ने तबादले कर दिए हैं।

### निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां हों पूरी: मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश भ्रमण के दूसरे दिन शुक्रवार को मंडल व जिला स्तर के निर्वाचन अफसरों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। विधानभवन के तिलक हाल में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने अफसरों से कहा कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी की जायं। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदाता जागरूकता के लिए 'कॉफी टेबल बुक' का विमोचन किया। आयोग दो मार्च को मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक के साथ बैठक करेगा। सूत्रों ने बताया कि आयोग ने सभी अधिकारियों से प्रदेश में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिये। आयोग ने कहा कि चुनाव की घोषणा से पहले तैयारियां पूरी कर ली जायं। ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाय। बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के अलावा निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नितेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू, उप निर्वाचन आयुक्त हृिदेश कुमार, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा आदि अधिकारी शामिल हुए।

### कॉफी टेबल बुक में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की झलकियां

कॉफी टेबल बुक में आयोग के कार्यक्रमों, सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन व इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन प्रोग्राम (स्वीप) की झलकियों को प्रदर्शित किया गया है। स्वीप के जरिये युवाओं व नये मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से धरातल पर संचालित की गईं गतिविधियों को भी फोटोग्राफ के माध्यम से दिखाया गया है। पोस्टर प्रतियोगिताओं, मेहंदी सेशन व नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम भी दर्शाए गए हैं।

### ईडी ने सपा नेता विनय तिवारी से की पूछताछ

**अमृत विचार, लखनऊः** गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा 750 करोड़ों के बैंक लोन में धोखाधड़ी को लेकर ईडी ने सपा नेता विनय तिवारी से शुक्रवार को पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक ईडी के अधिकारियों ने विनय तिवारी से करीब आठ घंटे तक पूछताछ करने के बाद अगले सप्ताह कुछ दस्तावेजों के साथ दोबारा बुलाया है।

ईडी ने बीते दिनों लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा, गुजरात के अहमदाबाद और हरियाणा के गुरुग्राम स्थित विनय तिवारी और अन्य आरोपियों से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी कर जांच-पड़ताल की थी। उस दौरान ढेर सारे दस्तावेज जब्त किया था। उसी क्रम में उन्हें नोटिस देकर राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय में तलब किया गया था।

# पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने वाला पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, जो कि पूरे देश में सबसे ज्यादा ही नहीं, एक कीर्तिमान भी है। इनमें 2.80 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड पिछले एक साल में बनाए गए हैं। कार्ड की संख्या बढ़ने के साथ ही योजनातंर्गत रोजाना इलाज प्राप्त करने वाले मरीजों की संख्या आठ हजार पहुंच गई है। जबकि पूर्व में मात्र दो हजार मरीज ही रोजाना आते थे।

आयुष्मान भवः अभियान अंतर्गत प्रदेश में सितंबर 2023 से अब तक पांच सालों में 3.06 करोड़ में मात्र आठ माह के में 1.94 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज़) की संगीता सिंह ने बताया कि पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बनने के बाद योजनातंर्गत मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसके लिए प्रदेश में पांच हजार से भी अधिक निजी एवं सरकारी अस्पताल सूचीबद्ध हैं। इन अस्पतालों में सामान्य बीमारियों से लेकर कैंसर, हृदय रोग, अंग प्रत्यारोपण जैसी गंभीर बीमारियों का भी इलाज मरीजों को उपलब्ध है।

### एक नजर में आयुष्मान योजना

- आयुष्मान योजना में लाभार्थी परिवारों की संख्या : 1,80,47,024
- प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित परिवार :1,31,23,662
- मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान एवं अंत्योदय अन्न योजना : 49,23,362
- पीएम जन आरोग्य योजना में कुल अस्पतालों की संख्या : 5,351
- सरकारी अस्पतालों की संख्या : 2,795
- कुल उपचारित लाभार्थी की संख्या : 34,81,252
- बनाये गए कुल आयुष्मान कार्डों की संख्या 5,00,17,920

# सीबीआई-ईडी भाजपा के गोरखधंधों की जांच नहीं कर रही

▸▸ सपा प्रमुख ने युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सपा प्रदेश कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को माला पहनाते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा को समाज के लिए खतरा बताते हुए आरोप लगाया है कि इस सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। अखिलेश ने सवाल भी उठाया कि सीबीआई, ईडी, भाजपा के गोरखधंधो की जांच क्यों नहीं कर रही है? भाजपा सिर्फ समाजवादी नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे करती है। लेकिन समाजवादी भाजपा के जुल्म से डरने वाले नहीं है।

अखिलेश यादव शुक्रवार को सपा के प्रदेश कार्यालय के डॉ. लोहिया सभागार में समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, समाजवादी छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे।

इस मौके पर राजेन्द्र चौधरी, नरेश उत्तम पटेल, जयशंकर पाण्डेय, अरविन्द कुमार सिंह, डॉ. लक्ष्मण यादव, श्याम लाल पाल, राजीव निगम आदि मौजूद रहे।

### भाजपा को सभी सीटों पर हराने का लिया संकल्प

युवा संगठनों की बैठक में संकल्प लिया गया कि लोकसभा 2024 के चुनाव में सपा अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा को 80 सीटों पर हराकर पीडीए को सभी 80 सीटों पर विजयी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सपा प्रमुख के मुताबिक, संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है।

### जिसको आगे बढ़ाते हैं, वही आंख दिखाने लगता है

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहयोगी दलों और कुछ विधायकों पर भरोसा कर धोखा खाने पर नाराज दिख रहे हैं। अखिलेश यादव यह भी कहते दिखे कि जिसको आगे बढ़ाते हैं, वही आंख दिखाने लगता है। इस प्रतिक्रिया से अखिलेश यादव ने पुराने सहयोगियों रालोद के जयंत चौधरी, विधायक पल्लवी पटेल से लेकर सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर तक पर निशाना साधा है। उनके निशाने पर क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायक रहे। फिलहाल, वह अब लोकसभा चुनाव में अपने दम पर आगे बढ़ने की तैयारी करते दिख रहे हैं। हालांकि साथियों को जोड़ने की बात पर उनका आक्रोश भी सामने आ जाता है।

# यूपी बोर्ड: पेपर लीक मामले में केंद्र व्यवस्थापक समेत दो गिरफ्तार

संवाददाता, आगरा/ लखनऊ

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक करने में शामिल केंद्र व्यवस्थापक और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। केंद्र व्यवस्थापक कॉलेज संचालक है। उसके बेटे विनय चौधरी ने जीव विज्ञान और गणित का पेपर लीक किया था। गुरुवार रात दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

गुरुवार को उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की परीक्षाओं में सेंध लग गई। दोपहर की पाली में परीक्षा शुरू होते ही गणित और जीव विज्ञान के पेपर व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल हो गए। शिक्षा विभाग को इसकी जानकारी 3.10 बजे हो सकी। इसके बाद ग्रुप से पेपर डिलीट करवा दिए गए। जिला परीक्षा पर्यवेक्षक मुकेश अग्रवाल के आदेश पर डीआईओएस ने अतर सिंह इंटर कालेज के रौझोली अछनेरा थाना फतेहपुरसीकरी के केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गंभीर सिंह, स्टेटिक मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह और पेपर लीक करने वाला कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

**प्रबंधक बन बैठा था केंद्र व्यवस्थापकः** पेपर लीक मामले में शासन स्तर तक हडकंप मच गया है। यूपी बोर्ड परीक्षाओं की सुचिता को लेकर तमाम दावे किए गए, लेकिन कालेज प्रबंधक के बेटे ने सुरक्षा के किले को भेद दिया। जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति ने पेपर लीक किए थे। वह अतर सिंह इंटर कालेज के प्रबंधक राजेंद्र सिंह का बेटा है। परीक्षाओं के दौरान प्रबंधक राजेंद्र सिंह केंद्र व्यवस्थापक बन गए और उन्होंने अपने बेटे को कंप्यूटर ऑपरेटर बना लिया था।

**मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारीः** डीसीपी वेस्ट सोनम कुमार ने बताया कि डीआईओएस की तहरीर पर थाना फतेहपुर सीकरी में केस दर्ज किया था। गुरुवार रात तक दो आरोपी केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पेपर लीक करने वाला मुख्य आरोपी विनय चौधरी और अन्य के गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### आज से परीक्षा के दौरान केन्द्रों पर मोबाइल बैन

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को यह निर्देशित किया गया है कि परीक्षा केन्द्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं किया जाएगा। यदि परीक्षा केन्द्र पर किसी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन या अन्य संचार उपकरण का प्रयोग किया जाता है तो ऐसी स्थिति में स्टेटिक मजिस्ट्रेट का उत्तरदायित्व होगा कि वह सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

> पेपर वायरल करने और लापरवाही बरतने की जानकारी मिलने के बाद आगरा के अतर सिंह इंटर कॉलेज की मान्यता को रद्द करने का निर्णय बोर्ड ने ले लिया है। कार्रवाई भी शुरू हो चुकी है। आगे भी किसी किसी संस्थान की ओर से ऐसा होता है तो तत्काल एफआईआर कराई जायेगी और उसकी मान्यता रद्द की जायेगी।
> **-दिब्यकांत शुक्ला,** सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद

# सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली कराने का आरोपी गिरफ्तार

▸▸ केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की 2024 की परीक्षा से संबंधित दस्तावेज भी बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंधमारी कर पेपर आउट कराने वाले गिरोह का एक सदस्य एसटीएफ के हत्थे चढ़ा। वह कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली द्वारा संचालित केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की ऑनलाइन परीक्षा में धांधली मामले में भी शामिल रहा है। पकड़ा गया शख्स प्रवीण उर्फ मिन्टू बालियान ग्राम कुटबा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर निवासी है। उसके पास से हाथ से लिखा पुलिस भर्ती से सम्बन्धित प्रश्न-पत्र, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की 2024 की परीक्षा से संबंधित 9 एडमिट कार्ड आदि बरामद किया गया है।

एसटीएफ के मुताबिक प्रवीन उर्फ मिन्टू बालियान ने पूछताछ पर बताया कि 2008-09 में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान उसकी मुलाकात पैसा लेकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने वाले का गैंग से हुआ। उसके बाद वह इस धंधे में दाखिल हो गया। एसटीएफ के मुताबिक 17 फरवरी 2024 को थाना क्षेत्र ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद के परीक्षा केंद्र से अभियुक्त गुरुवचन एवं राजकुमार को गिरफ्तार किया गया था, जिनके फोन से उप्र पुलिस आरक्षी की परीक्षा का 18 फरवरी 2024 की द्वितीय पाली का प्रश्न-पत्र बरामद हुआ था।

जांच में पता चला कि यह प्रश्न-पत्र कपिल तोमर द्वारा गुरुवचन आदि को उपलब्ध कराया गया था। कपिल तोमर की गिरफ्तारी के बाद पता कि कपिल तोमर को उक्त कथित प्रश्न पत्र अभियुक्त प्रवीण उर्फ मिन्टू एंव विपिन द्वारा उपलब्ध कराया गया था। परीक्षार्थियों को परीक्षा पत्र उपलब्ध कराने की एवज में प्रत्येक अभ्यर्थी से 5 लाख लेना तय हुआ था, परन्तु परीक्षा निरस्त हो जाने के कारण उन्हें पैसा नही मिला।

एसटीएफ के मुताबिक वर्तमान में कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल में आरक्षी जीडी की ऑनलाइन परीक्षा देशभर में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर संचालित की जा रही है। इस परीक्षा में प्रवीन एवं विपिन आदि धांधली कराने में संलिप्त रहे हैं।


## वर्ग पहेली-359

**बाएं से दाएं**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।
5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।
6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है, टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रत्थी, रक्षी।
7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।
8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर,जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।
2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।
3. धनुष।
4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है
6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर, छेद।



### वर्ग पहेली - 358 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | ग | ड़ी | | | 2 गों |
| रा | | | 3 ज़ो | | द |
| लुं | | 4 फ़ॉ | र | मू | ला |
| ठि | | | दा | | |
| त | | 5 अ | र | का | न |
| | | ज़ा | | | |
| 6 लं | घ | न | ट | | |

## सुडोकू-76

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | | | | | 2 | |
| | 3 | 6 | | | 5 | 8 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | | 6 |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | 1 | | | | 7 | 9 | |
| | | | 1 | | | 2 | | 8 |
| 5 | | | 3 | | 7 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 6 | 5 | |
| | 6 | | | | | 3 | 4 | |

### सुडोकू - 75 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 मार्च,शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 07 .53 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 14 .42 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष:** आज बहुत महत्वपूर्ण कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। दूसरों पर आपको ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। अपने काम के प्रति उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं।

**वृष:** आज आपके ऊपर काम का दबाव कम रहेगा। आपके सभी काम सफल होंगे। व्यवसाय में कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहेगा। संतान के प्रति विश्वास बनाये रखें।

**मिथुन:** आज योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पाएंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। उधार धन के लेन-देन से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें।

**कर्क:** आज सेहत का ध्यान रखें क्योंकि सर्दी और कफ की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहेंगे। भोजन में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नए व्यवसाय में आपका मन लगेगा।

**सिंह:** आज मूंदकर भरोसा करते हैं हो सकता है वही आपको धोखा दे दें। बदहज़मी और गैस से बचने के लिए पौष्टिक भोजन का सेवन करें। व्यावसायिक तनाव को घर पर न आने दें। नया वाहन खरीद रहे हैं तो उसके विषय में पूरी जानकारी ले लें।

**कन्या:** आज राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे। युवाओं को नए करियर के अवसर मिलेंगे।

**तुला:** आज फाइनेन्स संबंधी कार्यों को लेकर परेशानी होगी। महत्वपूर्ण पेपर्स को संभाल कर रखें। रिश्तेदारों से आपको मिलना पड़ सकता है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर चिंतित रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। जीवन में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। वैवाहिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी। आपके सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे।

**धनु:** आज किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। लैपटॉप और कम्प्यूटर में खराबी आ सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप दूसरों की सेवा में मन लगाएंगे। गलत खान-पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

**मकर:** आज अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव रहेगा। पुराने संपर्कों का लाभ आप उठाएंगे। आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दोस्तों के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे।

**कुंभ:** आज आपके किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। आपको पहले किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। बहुप्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। आवश्यक कार्य समय से पूरे हो जायेंगे। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे।

**मीन:** आज पुराना लोन चुका सकते हैं। बिना मांगे किसी को राय न दें। परिजन आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
जुआरी — सुबह : 09 .26
अनाड़ी — शाम : 04 .29

**Sony Max**
झुंड — सुबह : 11 .34
डायल 100 — रात : 07 .55

**Sony Pix**
सीजे 7 — सुबह : 10 .33
इट — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
करन अर्जुन — दोपहर : 01 .30
ए टेबल फार टू — रात : 10 .00

**Colors Cineplex**
जुगजुग जियो — सुबह : 09 .37
हैलो ब्रदर — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07 .55 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

## एक नजर

### युवती ने फांसी लगाई

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र के गांव धरवार में घरेलू कारणों से परेशान एक युवती ने फांसी लगाकर अपनी जान देदी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। गांव निवासी लखन सिंह की पुत्री पूनम 19 वर्ष घरेलू कारणों से परेशान थी। इसी परेशानी के चलते उसने अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिजनों ने उसके शव को फंदे से उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### झाणीश्वर महोत्सव चार से

**महेवा, इटावा।** ग्राम आनेपुर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर झाणीश्वर महोत्सव आगामी 04 मार्च से 10 मार्च तक मनाया जाएगा। सात दिवसीय श्रीरामकथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम आयोजित होगा। 11 मार्च को विशाल भंडारा आयोजित होगा। झाड़ीश्वर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सरस कथा वाचक के रूप में रविकांत महाराज व महाभारत की कथा वाचक में रूप में पंडित गिरिजाशंकर होंगे।

### राष्ट्र कवि वल्लभ जयंती समारोह आज

**इटावा।** स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रप्रेम की अलख जगाने वाले प्रख्यात कवि राधावल्लभ दीक्षित वल्लभ जी की जयंती दो मार्च को साहित्यिक आयोजन के रूप में मनाई जा रही है। कवि वल्लभ जी के पौत्र ऋषि दीक्षित ने बताया कि दो मार्च को कामर्शियल कांपलेक्स पक्का तालाब स्थित कवि वल्लभ जी की प्रतिमा के पास अपराह्न दो बजे से पांच बजे तक वल्लभ जयंती समारोह गोविंद गीता के प्रणेता गोविंद माधव शुक्ला की अध्यक्षता में संपन होगा। जिसमें तमाम रचनाकारों तथा बुद्धिजीवियों द्वारा वल्लभ जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर व्याख्यान दिया जाएगा।

### कालीबाड़ी में भंडारा आज

**इटावा।** कालीबाड़ी के दिवंगत महंत स्वामी शिवानंद महाराज की प्रथम पुण्यतिथि पर दो मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कथा रसिक हरिदास विनोद कुमार ने गोशाला के महंत शंभू नाथ जी महाराज के हवाले से बताया कि स्वामी शिवानंद महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं भंडारे का आयोजन भक्तजनों के सौजन्य से हो रहा है। उन्होंने नगर के तमाम धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कालीबाड़ी में पधार कर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की।

### अनुशासनहीनता पर शिक्षक उपेंद्र निलंबित

**इटावा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय उदी में तैनात इंचार्ज प्रधानाध्यापक उपेंद्र कुमार त्रिपाठी को अनुशासनहीनता करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बीएसए ने बताया कि वे अपने कार्यालय में शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों से बात कर रहे थे। इसी बीच उपेंद्र कुमार उनके कार्यालय में घुस आए और जोर जोर से चिल्लाकर अभद्र भाषा में बात करने लगे। खंड शिक्षा अधिकारी के समझने पर भी नहीं माने। यह तथ्य भी सामने आया कि वे खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ भी अभद्रता करते हैं। उनकी अनुशासन हीनता के कारण निलंबन की कार्यवाही की गई है।

### युवती की मौत, हत्या का लगाया गया आरोप

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव रीतू (24) पत्नी विमल का एक सप्ताह पहले गर्भपात हो गया था। हालत बिगड़ने पर घरवालों ने उसका उपचार करवाया। शुक्रवार की सुबह अचानक उसकी हालत खराब हो गई। जब तक घरवाले जिला अस्पताल लाते तक उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति ने बताया कि लगभग साढ़े पांच साल पहले शादी हुई थी। खून की कमी से पत्नी की मौत हुई है।

# मौसम विभाग की ओर से उड़ाया गया था गुब्बारा

## उप निदेशक कृषि ने बलरई थाने पहुंच कर की जांच पड़ताल

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** बलरई थाना क्षेत्र के गांव बाउथ में गुरुवार की रात आसमान से गिरे गुब्बारे की उपनिदेशक कृषि ने थाना बलरई पहुंचकर जांच पड़ताल की। जांच में पाया गया कि यह गुब्बारा मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से उड़ाया गया था। निर्धारित समय समाप्त होने के बाद वह गिर गया था।

उपनिदेशक कृषि रामनारायण सिंह ने बताया कि यह गुब्बारा ग्वालियर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र से मौसम की जानकारी करने को छोड़ा गया था। गुब्बारे की अवधि 24 से 48 घंटे होती है। निर्धारित अवधि पूरा करने के बाद नष्ट होकर गिर जाता है। इसमें किसी प्रकार की दुर्घटना या अन्य किसी आशंका वाली बात नहीं है। उन्होंने बताया कि इस तरह के गुब्बारे मौसम



गुब्बारे की जांच करने पहुंचे उपनिदेशक कृषि आरएन सिंह। अमृत विचार

विज्ञान केंद्रों से क्षेत्रीय मौसम की जानकारी करने के लिए प्रायः छोड़े जाते हैं, क्योंकि इस क्षेत्र में यह गुब्बारा पहली बार गिरा है इसलिए कौतूहल का विषय बन गया। उधर लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के हेड ऑफ़ द डिपार्टमेंट अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि यह डिवाइस ग्वालियर मौसम विज्ञान केंद्र से छोड़ा गया था। यह डिवाइस किसी के प्रयोग की नहीं है। थाना बलराई के प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया आसमान से गिरा गुब्बारा तथा डिवाइस इटावा कलेक्ट्रेट से आई आपदा प्रबंधन प्रभारी राणा बेगम को सौंपा।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- दोषी पर 50 हजार रुपये अर्थदंड भी लगा

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम मनराज सिंह ने थाना अजीतमल क्षेत्र से करीब दो वर्ष पूर्व 14 वर्षीय छात्रा को बहला फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म के दोषी युवक हर्षित उर्फ अंशू को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। इस पर 50 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया।



अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा, विशेष लोक अभियोजक जितेन्द्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने बताया कि उक्त मामले में पीड़िता के पिता ने थाना अजीतमल में दर्ज कराया। वादी ने लिखा कि 21 दिसम्बर 2021 को अपरान्ह तीन बजे उसकी 14 वर्षीय पुत्री जो कक्षा आठ की छात्रा थी। वह दर्जी के पास जाने की बात कहकर घर से सहेलियों के साथ गई। घर वापस न आने पर खोज की गई तो पता चला ग्राम बिरूहूनी अजीतमल निवासी हर्षित उर्फ अंशू उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। वादी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने विवेचना करने के बाद अभियुक्त के विरूद्ध पॉक्सो, दुष्कर्म व अपहरण की धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। इस पर यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश मनराज सिंह की कोर्ट में चला तथा शुक्रवार को इसका निर्णय सुनाया गया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो जितेन्द्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने नाबालिग पीड़िता के साथ गंभीर अपराध करने का दोषी बताया। एडीजे मनराज सिंह ने नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के दोषी युवक हर्षित उर्फ अंशू निवासी बिरूहूनी को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया, उस पर 50 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया। अर्थदंड अदा न करने पर उसे एक वर्ष का अतिरिक्त कारावस भुगतना पड़ेगा।

# युवा उत्थान के लिए खेलकूद बहुत जरूरी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- पंहर में खेलकूद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** सदर विकासखंड की ग्राम पंचायत पंहर में खेल-कूद कार्यक्रम नेहरू युवा के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इसमें वॉलीबॉल कबड्डी लॉन्ग जंप एवं दौड़ का आयोजन किया गया। आये अतिथियों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। विजयी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

जिला युवा अधिकारी अनवर वारसी ने कहा नेहरू युवा केंद्र युवाओं के लिए तमाम तरीके के कार्यक्रम संचालित करता है, इसका फायदा युवा उठाएं। नेहरू युवा केंद्र गांव से लेकर जिले स्तर तक कमेटियों का गठन कर रखा। इसके माध्यम से गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इस मौके पर योगाचार्य अजय राजपूत ने कहा युवा देश का भविष्य युवाओं के द्वारा ही देश का विकास संभव है। युवा पश्चात सभ्यता को त्याग कर भारतीय सभ्यता में जिये देश का उज्जवल भविष्य होगा साथ-साथ में स्वयं का विकास होगा इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान सुनील राजपूत प्रधान प्रधान प्रतिनिधि ने कहा ऐसे कार्यक्रम गांव के उत्थान के लिए लगातार करता रहूंगा, और युवाओं की प्रतियोगिताओं को भविष्य में भी कराऊंगा आये प्रतिभागियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बृजेंद्र राजपूत, आदर्श कुमार, अरुण कुमार, शौकत अली प्रधानाचार्य अली एकेडमी, संदीप कुशवाह, आर्यन, दिनेश कुमार, गुड्डू, मोहम्मद बिलाल, खुशबू, मुस्कान, रवि, आदर्श खुशबू व खुशी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। 40 प्रतिभागियों को विजई सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दौड़ प्रतिभागियों को दिए गये। कबड्डी एवं वॉलीबॉल में रनर और विनर को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# हर गली-सड़क की सफाई पर कैमरे की नजर, एलईडी में दिखेगा नजारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण और सफाई व्यवस्था पर नजर रखने को बनेगा आधुनिक कंट्रोल रूम
- नगर निगम मुख्यालय में स्वच्छ भारत मिशन कार्यालय में कंट्रोल रूम से होगी नजर

**अमृत विचार।** शहर में कूड़ा उठान पर अब आधुनिक कंट्रोल रूम से नजर रखी जाएगी। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, सफाई व्यवस्था, ट्रान्सफर स्टेशन व सफाई कर्मचारियों ने झाड़ू लगाई या नहीं यह सब कुछ कंट्रोल रूम में लगी बड़ी एलईडी स्क्रीन पर दिखाई देगा। नगर निगम मुख्यालय की बिल्डिंग में बने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यालय में यह कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित द्वितीय तल में निर्माणाधीन स्वच्छ भारत मिशन कार्यालय का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने बताया कि इस कार्यालय में स्थापित होने वाले आधुनिक कन्ट्रोल रूम के माध्यम से विशेषज्ञ एवं जोनल कॉर्डिनेटर स्वच्छ भारत मिशन के कार्यो का क्रियान्वयन करेंगे। निरीक्षण में उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह गौर को निर्माणाधीन कन्ट्रोल रूम में 20 कम्प्यूटर और एक बड़ी एलईडी लगवाकर सभी कार्य अपनी देखरेख कराने के निर्देश दिए। अधिशाषी अभियन्ता प्रोजेक्ट आरके सिंह, डिपो इंचार्ज रहमान एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों व कूड़ा गाड़ियों की मिलेगी लाइव लोकेशन

नगर आयुक्त ने कहा कि इस कन्ट्रोल रूम के संचालन से सारे जोनल स्वच्छता अधिकारी, सफाई निरीक्षक एवं सफाई नायकों के साथ सफाई कर्मचारियों की लाइव लोकेशन तत्काल मिल जाएगी। सफाई कर्मचारी कहां झाड़ू लगा रहा है, उसे भी एलईडी पर देखा जा सकेगा। नगर आयुक्त ने ग्रांट थॉर्नशन भारत एलएलपी गुड़गांव और केपीएमजी एडवाइजरी सर्विसेज लिमिटेड गुरुग्राम के विशेषज्ञों से इसे लेकर राय मांगी है।

### अब 300 मीट्रिक टन कूड़ा रोज डिब्बे में हो रहा बंद

नगर निगम ने नौ जगह पीसी कॉम्पैक्टरों के जरिये कूड़ा संग्रहण शुरू कर दिया हे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय संखवार ने बताया 34 जगह पीसी कॉम्पैक्टर प्रस्तावित हैं। इसमें नौ जगह पीसी कॉम्पैक्टर रख दिए गये हैं। पांच अलग-अलग कंपनियों को ठेका दिया गया है। अब शहर में प्रतिदिन 300 मीट्रिक टन कूड़ा सीधा कंटेनरों में बंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया द्वारिकापुरी, भैरोघाट, ग्रीन पार्क के पीछे सिविल लाइंस, बजरिया, संगीत टाकीज के बगल में टेनरी, डीप्टी पड़ाव के पीछे कंजरिया, एलआईसी फूलबाग, बबुपुरवा एनएलसी चौकी, एमआईजी तिराहा पनकी में पीसी कॉम्पैक्टर के जरिये कूड़ा एकत्र किया जा रहा है। नगर निगम 800 रुपये प्रति मीट्रिक टन के हिसाब से कंपनियों को पैसा दे रहा है।

# ई-रिक्शा पलटा, चार लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** गिट्टी भरकर आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा आनियंत्रित होकर पलट गया। ई-रिक्शा सवार चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली समेत पलट गया। ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बच गया।

मटौंध थाना क्षेत्र के त्रिवेणी गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र भगवानदास ई-रिक्शा चलाता है। वह शुक्रवार की दोपहर सवारी लेकर बांदा आ रहा था। तभी जल स्थान कार्यालय भूरागढ़ के पास पीछे से गिट्टी भरकर आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा आनियंत्रित होकर पलट गया। ई-रिक्शा में सवार चालक सुरेंद्र (22), हरिलाल (46) निवासी त्रिवेणी, हिरिया (65) पत्नी सिट्टू निवासी त्रिवेणी, सुनीता (35) पत्नी वरदानी निवासी चिलेहटा घायल हो गए। हादसे के बाद मौके से भाग रहा ट्रैक्टर ट्रॉली समेत आनियंत्रित होकर पलट गया। चालक बाल-बाल बच गया है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अन्य घटना में चिल्ला थाना क्षेत्र के पपरेंदा गांव निवासी बिंदा प्रसाद (30) पुत्र सौखीलाल गुरुवार की शाम दुकान से सामान खरीदकर पैदल घर जा रहा था, तभी बाइक ने टक्कर लगी।

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार जख्मी

**नरैनी :** निमंत्रण में जा रहा एक बाइक सवार युवक डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के झाड़ी का पुरवा अंश बड़ोखर गांव निवासी राजा उर्फ ज्ञान सागर (33) पुत्र भारती अपने गांव से निमंत्रण में अपनी ससुराल साली की शादी में शामिल होने के लिए नरैनी कस्बा आया था। बाइक सवार किसी काम से कालिंजर की तरफ गया और लौटते समय कालिंजर रोड में नहर के पास बने डिवाइडर से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# फसल चौपट होने के सदमे में फांसी पर लटका किसान, मौत

संवाददाता, बबेरू-बांदा

- आठ बीघा जमीन पर दैवीय आपदा का कहर

**अमृत विचार :** फसल चौपट होने पर एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली क्षेत्र के साथी गांव निवासी सर्वेश उर्फ भोला (45) पुत्र राजकुमार ने शुक्रवार की शाम कमरे के अंदर छत के छल्ले में रस्सी से फंदा लगा लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंची पत्नी गायत्री ने देखा तो दरवाजे बंद थे। उसने कुंडी खटखटाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला।

सीढ़ी पर चढ़कर भोला का शव फंदे पर लटकता देखा तो चीख पड़ी। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। किसी तरह फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के चाचा बाला प्रसाद ने बताया कि वह परचून की दुकान किए था। उसके आठ बीघा जमीन है। बाला प्रसाद ने आशंका जताई है कि बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से उसकी मसूर की फसल चौपट हो गई थी।

## नगर का किया दौरा

नियमित साफ-सफाई निरोगी रखने में सहायक होती है, प्रत्येक गली-मोहल्ले में होनी चाहिए सफाई

# निरीक्षण के दौरान बोले चेयरमैन, बीमारी की जननी है गंदगी

संवाददाता भरथना,इटावा

**अमृत विचार।** भरथना नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अजय कुमार यादव ने कहा है कि घर हो या गली मोहल्ला हो नियमित साफ सफाई होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि गंदगी बीमारी की जननी होती है। गंदगी से कई गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं। आस पास साफ सफाई रखने से हम तमाम तरह की बीमारियों से बच सकते हैं।

शुक्रवार को पालिका चेयरमैन अजय कुमार यादव नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या 16 ब्रह्म नगर और वार्ड संख्या 20 राजागंज में साफ-सफाई का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मियों व सफाई नायक को निर्देशित करते हुए कहा है कि साफ


सफाई कार्य का निरीक्षण करते चेयरमैन अजय कुमार यादव। अमृत विचार

सफाई को लेकर गली मोहल्लों के किसी व्यक्ति की कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।

प्रत्येक गली मोहल्लों में नियमित साफ सफाई होनी चाहिए, शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण दौरान सपा नगर अध्यक्ष राजीव तिवारी,नेता महेश यादव,राजेश यादव पंडा,सभासद शिवराम सिंह यादव,सुखवीर यादव आदि सहित वार्ड सभासद आदि मोहल्ला के वाशिंदे प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# बदल रहा मौसम, फैल रही बीमारी, बरतें सावधानी

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** ग्रमीण क्षेत्रों में मौसम में हो रहे बदलाव का सेहत पर विपरीत असर पड़ रहा है। इसी वजह से वायरल संक्रमण के मामले तेजी से बढ़े है।

50 शैय्या अस्पताल के सीएमएस वीरेंद्र भारती ने बताया कि अस्पताल में सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित मरीज सबसे अधिक संख्या में आ रहे है। अस्पताल में भी मौसम बदल जाने से कई तरह की बीमारियों के मरीज बढ़ रहे हैं। इस तरह के मौसम में लोगों के बीमार होने का कारण वायरल इंफेक्शन बताया जा रहा है।


डॉ. वीरेंद्र भारती।

उन्होंने बताया कि तेजी से बदलते मौसम में बीमारी की संभावना अधिक रहती है। मौसम में सभी को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए साफ सुथरा और गर्म भोजन करना चाहिए। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ेगी तो समस्या और बढ़ सकती है।

# लाइन पार कर रही वृद्धा ट्रेन की चपेट में आई, मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** खेतों से जलाऊ लकड़ी लेकर घर वापस आ रही वृद्धा को रेलवे पटरी पार करते समय ट्रेन का धक्का लग जाने से गिरकर मौत हो गई।

कस्बे के धर्मेश्वर बाबा निवासी रामदुलारी (60) चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी लेने के लिए खेतों की ओर गई थी। शाम करीब 5:00 बजे जब वह लकड़ी लेकर घर लौट रही थी। तभी माल गोदाम के पास से पटरी पार करते समय वह आ रही मालगाड़ी को नहीं देख सकी। ट्रेन का धक्का लग जाने से पटरी किनारे ही गिरकर उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे पुत्र कमलेश उर्फ पप्पू, रामस्वरूप, रामगोपाल, नीलमको रोता बिलखता छोड़ गई है। मौत के बाद परिजनों में शोक है।

## सार-संक्षेप


प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया क्षमता संवर्धन आधारित प्रशिक्षण

**अछल्दा, औरैया।** निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत बाल वाटिका को सुदृढ़ बनाने हेतु बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कवायद तेज कर दी गई है। नवीन शैक्षिक सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व सभी कार्यकत्रियों को ब्लॉक संसाधन केन्द्र-अछल्दा पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री की क्षमता संवर्धन हेतु द्वितीय दिवस प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पर निर्धारित सत्रानुसार निपुण भारत एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं बुनियादी शिक्षा के उद्देश्य, स्कूल रेडीनेस, साप्ताहिक कैलेण्डर, चहक किट, बिगबुक, एनबीटी कार्यपुस्तिका, परिकलन, कलांकुर, वण्डर बॉक्स, होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड एवं लर्निंग कार्नर सृजन आदि विषयवस्तु से प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिसका खण्ड शिक्षा अधिकारी जगदीश श्री वास्तव द्वारा अनुश्रवण किया जा रहा है। प्रशिक्षण का संचालन जितेन्द्र चन्द्र पाण्डेय एवं प्रहलाद नारायण ओमर द्वारा सकुशल किया गया।


सड़क पर गड्ढे में भरा पानी। अमृत विचार

### आंबेडकर पार्क तिराहे पर गड्ढा बन रहा दुर्घटना का कारण

**कंचौसी, औरैया।** कस्बा के आंबेडकर पार्क तिराहे के निकट प्रतिदिन गुजरते भारी भरकम डम्फरों के कारण सड़क धस जाने से एक बड़ा गड्ढा बन गया है। प्रतिदिन दर्जनों बाइक और साइकिल बाइक सवार इस गड्ढे में चुटहिल हो जाते है। शासन प्रशासन की भी गाड़ियां इस रास्ते से होकर गुजरती है। लेकिन, इस गड्ढे की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता। दिन प्रतिदिन यह गड्ढा विशाल रूप लेता जा रहा है। जल भराव के कारण वाहन चालक भ्रमित हो जाते है और संतुलन बिगड़ते ही उनके वाहन इस गड्ढे चले जाते है और चोटिल हो जाते है। वाहन चालकों और कस्बा कंचौसी निवासी नंदू शर्मा, चतुर पाल, ग्राम पंचायत सदस्य आलोक दुबे, ओमजी पांडेय, अनिरुद्ध दुबे, सौरभ कुमार, लारा गुप्ता ने शीघ्र ही इस गड्ढे का भराव कराए जाने की मांग की है।


हाईवे पर बनाये गये अवैध कट। अमृत विचार

### ढाबा संचालकों ने बनाये अवैध कट, दुर्घटना की आशंका

**बकेवर, इटावा।** नेशनल हाईवे पर बने दर्जनों ढाबों पर हाईवे तथा सर्विस रोड के मध्य लोहे की रेलिंग को जगह-जगह काटकर रास्ता बना रखा है। ढाबा के संचालक अपना व्यापार चलाने के लालच में हादसों को नजर अंदाज कर रहे हैं। एक साल पहले एक टायर की दुकान के समीप कट के किनारे हादसा हुआ था। जिसको लेकर नेशनल हाईवे के मध्य अवैध कटों को बंद कर दिया था। बावजूद इसके ढाबा संचालकों के मनमाने रवैया के चलते दबंगई दिखाकर लोहे की रेलिंग को 20-20 मीटर जगह-जगह काटकर रास्ता बना रखा है। ये अवैध कट हादसों को बुलावा दे रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों से हाईवे से सभी अवैध कटों को बंद कराने की मांग की है। जिससे किसी भी व्यक्ति को दुर्घटना का शिकार न होना पड़े।


पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गये आरोपी। अमृत विचार

### चोरी के दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के एकलव्य पार्क के पास नहर किनारे चोरी के आरोपी सौरभ कुमार पुत्र प्रेम सिंह यादव निवासी ग्राम कंचन पुरवा व विकास कुमार पुत्र ब्रज बिहारी यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपी सौरभ के कब्जे से एक देशी तमंचा, 900 रुपये व एक मोबाइल व आरोपी विकास कुमार के पास से तमंचा व कारतूस, चोरी किए गए 2200 रुपये व एक मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### युवाओं के लिए किया जाएगा कार्य : सोनिका

**इटावा।** नेहरु युवा केन्द्र में जिला युवा अधिकारी सोनिका चन्द्रा ने कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि नेहरु युवा केन्द्र युवाओं को जोड़ने का कार्य करता है। युवाओं के हित में कार्य किया जाएगा। युवाओं को रचनात्मक कार्यो से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही शासन की ओर युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं से युवाओं को जोड़कर कार्य किया जाएगा। इस बात के प्रयास किए जाएंगे कि युवा स्वयं जागरूक होकर दूसरों को जागरूक करें। यहां जिला युवा अधिकारी अनवर वारसी ने सोनिका चन्द्रा को कार्य भार सौंपा।


सोनिका चंद्रा।

### हत्यारे पति को 10 वर्ष का कठोर कारावास

**हमीरपुर।** सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता महेश द्विवेदी ने बताया कि जिला जालौन के चुर्खी थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी पीड़ित पिता संतोष कुमार ने 25 मार्च 2011 को मौदहा कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि उसने पुत्री रजनी (26) की शादी 21 मई 2004 को अरतरा गांव निवासी अरुण कुमार से की थी। शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पति व देवर रुस्तम तथा फूफा मोतीलाल निवासी बरखेड़ा जिला जालौन उसकी बेटी को प्रताड़ित करते थे। जिसके चलते बेटी अपने बच्चों सहित घटना के छह माह पूर्व से ही उसके यहां रहती थी। 21 मार्च 2011 को दामाद अरुण उसके यहां आया। घर पर कोई नहीं था, सिर्फ मृतका का छोटा भाई था। तभी भाई को धमकी देकर रजनी को अपने घर अरतरा ले आए। अगले दिन 25 मार्च को सूचना मिली कि बेटी को अरुण ने अपनी लाइसेंसी दोनाली बन्दूक से गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस ने तीन आरोपियों पति, देवर व फूफा के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर आरोप पत्र अदालत में पेश किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने पति 10 वर्ष की सजा सुनाई है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2600 -4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000 -2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5600 -5800 |
| अरहर | 7500 -8000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 3900 -4000 |
| उड़दहरा | 10000 -10200 |
| उड़दकाला | 6000 -8000 |
| मूंग | 8500 -8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12200 |
| चनादाल | 7200-7300 |
| मटरदाल | 5000-5100 |
| मसूरमलका | 6900-6950 |
| मसूरदाल | 7000-7050 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 8800 -10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500 -4600 रुपये। |

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 5 महीनों के शीर्ष पर

## मासिक सर्वेक्षण के अनुसार फरवरी में कारखाना उत्पादन और बिक्री बढ़कर 56.9 हो गया

नई दिल्ली, एजेंसी

कारखाना उत्पादन और बिक्री में तेज बढ़ोतरी के बीच फरवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 5 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें घरेलू और बाहरी मांगों की अहम भूमिका रही। शुक्रवार को जारी मासिक सर्वेक्षण से देश का विनिर्माण परिदृश्य बेहतर होने की तस्वीर सामने आई। यह सितंबर, 2023 के बाद विनिर्माण क्षेत्र की सबसे अच्छी स्थिति की ओर इशारा करता है।

मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) फरवरी में बढ़कर 56.9 हो गया, जबकि जनवरी में यह 56.5 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। इस सर्वेक्षण के मुताबिक, फरवरी महीने में उत्पादन पांच महीनों में सबसे तेज गति से बढ़ा और पिछले सितंबर के बाद से बिक्री में सबसे तेज वृद्धि हुई और निर्यात ऑर्डर में भी 21 महीनों का सबसे मजबूत विस्तार हुआ।

### विदेशों में 2 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़े निर्यात ऑर्डर



एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-मजबूत घरेलू मांग के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोप, इंडोनेशिया, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात से मांग वृद्धि होने से नए निर्यात ऑर्डर लगभग 2 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़े। सर्वेक्षण के मुताबिक, विनिर्माण कंपनियों ने अधिक उत्पादन जरूरतों, बिक्री में निरंतर वृद्धि और स्टॉक बनाने के लिए खरीद बढ़ाई। मांग बढ़ने के बीच विनिर्माताओं ने आगे भी तेजी का अनुमान जताया है। लैम ने कहा-मजबूत मांग और लाभ मार्जिन में सुधार से उत्साहित विनिर्माताओं का भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में आशावादी दृष्टिकोण है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने लगभग 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-पीएमआई आंकड़ों से संकेत मिलता है कि घरेलू और बाहरी दोनों मांग से समर्थित उत्पादन वृद्धि मजबूत बनी हुई है। वृद्धि की रफ्तार तेज होने के बावजूद भारत में विनिर्माण क्षेत्र के रोजगार में थोड़ा बदलाव आया है। सर्वेक्षण के मुताबिक, वस्तुओं के उत्पादकों ने बताया कि काम पर रखे गए कर्मचारियों की संख्या वर्तमान जरूरतों के लिए पर्याप्त थी। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर क्रय लागत मुद्रास्फीति 43 महीने के निचले स्तर पर आ गई, जिसकी वजह से बिक्री शुल्क कुछ हद तक बढ़ गया। कच्चे माल की लागत में साढ़े तीन साल में सबसे धीमी वृद्धि देखी गई। इससे विनिर्माण कंपनियों के मार्जिन में सुधार हुआ।

## अडाणी समूह मध्य प्रदेश में 75,000 करोड़ रुपये का करेगा निवेश

**उज्जैन।** अडाणी समूह मध्य प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में करीब 75,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। ये निवेश बिजली संयंत्र, महाकाल एक्सप्रेसवे और सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई लगाने में किए जाएंगे।

यहां क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन में अडाणी समूह के प्रबंध निदेशक (कृषि, तेल और गैस) और अडाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक अडाणी ने शुक्रवार को यह भी कहा कि समूह पहले ही राज्य में लगभग 18,000 करोड़ रुपये का निवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि अडाणी समूह राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश जारी रखेगा। इस समय मध्य प्रदेश में समूह की उपस्थिति सड़क, सीमेंट और प्राकृतिक संसाधनों से लेकर तापीय बिजली, नवीकरणीय ऊर्जा और बिजली पारेषण तक कई क्षेत्रों में फैली हुई है।

## बैंकों में वापस आए 2,000 रुपये के 97.62 प्रतिशत नोट

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि 2,000 रुपये मूल्य के लगभग 97.62 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं और अब सिर्फ 8,470 करोड़ रुपये के नोट ही लोगों के पास मौजूद हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोटों को चलन से हटाने की घोषणा की थी। उसके बाद इन नोटों को बैंकों में जमा कराने या दूसरे मूल्य के नोटों से बदलने को कहा गया था।

आरबीआई ने एक बयान में कहा-19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 2,000 रुपये मूल्य के कुल 3.56 लाख करोड़ रुपये के नोट चलन में मौजूद थे। इस मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद नोटों का मूल्य 29 फरवरी, 2024 को कारोबार समाप्ति पर घटकर 8,470 करोड़ रुपये रह गया है। इस तरह 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद कुल 97.62 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं।

इसके साथ ही आरबीआई ने साफ किया कि 2,000 रुपये के नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने देश भर के अपने 19 कार्यालयों में 2,000 रुपये के नोट को जमा या बदलने की सुविधा जारी रखी है। इसके अलावा लोग किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी कार्यालय में इंडिया पोस्ट के जरिए इन नोटों को भेज सकते हैं।

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,300 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,200 |
| चांदी तैयार | 72,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,000। |

## जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 8% के दायरे में रहने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

- एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट में जताई उम्मीद

भारतीय स्टेट बैंक के एक अध्ययन में शुक्रवार को कहा गया कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। भारत ने दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और पिछली दो तिमाहियों के अनुमानों को संशोधित किया।

एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट 'इकोरैप' में कहा-तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों ने ज्यादातर बाजारों की सोच को झटका दिया, जबकि कुछ को सुखद आश्चर्य से भर दिया। इसमें कहा गया कि सभी अनुमानों को धता बताते हुए पिछली दो तिमाहियों में आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने के बाद 2023-24 की तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। अप्रत्यक्ष कर संग्रह में उछाल (सालाना आधार पर 32 प्रतिशत वृद्धि) से जीडीपी और सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि के बीच अंतर बढ़ गया। इकोरैप में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 7.6 प्रतिशत और जीवीए वृद्धि 6.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

## मारुति की थोक बिक्री में 15 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने फरवरी महीने में कुल 1,97,471 इकाइयों की थोक बिक्री की जो सालाना आधार पर 15 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने शुक्रवार को फरवरी के बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में उसने 1,72,321 इकाइयों की बिक्री की थी। आलोच्य अवधि में मारुति की घरेलू यात्री वाहन बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 1,60,271 इकाई हो गयी। इसमें आल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की संख्या सिर्फ 14,782 इकाई रही।

## परियोजनाएं तय समय के भीतर पूरी हों

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीतारमण ने किया 7 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शुभारंभ



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की 7 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि परियोजनाओं की योजना बनाई जाए और उन्हें बिना किसी देरी के पूरा किया जाए और संबंधित विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्माण समय पर शुरू हो और परियोजनाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी हों।

उन्होंने कहा कि इस तरह की परियोजनाएं अधिकारियों के आत्मविश्वास को नवीनीकृत करती हैं और उनका मनोबल बढ़ाती हैं, सरकार उनके कल्याण और खुशहाली के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से अमृत काल में राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का आह्वान किया। इस मौके पर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के लिए वित्त मंत्री ने आयकर अधिकारियों के लिए टाइप- दो और तीन के 198 क्वार्टर वाले विभागीय आवासीय परिसर के निर्माण की आधारशिला रखी जो फरीदाबाद के सेक्टर-28 में स्थित है। इसके साथ ही उन्होंने आयकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त आवासीय घर उपलब्ध कराने के वास्ते गुरूग्राम के सेक्टर-53 में आवासीय परिसर की आधारशिला भी रखी, जिसमें टाइप- दो से चार के 214 क्वार्टर शामिल हैं।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### एमवीए ने राज्य में सीटों की साझेदारी को अंतिम रूप दिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने राज्य में लोकसभा सीटों के वितरण संबंधी समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। रिपोर्टों के मुताबिक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) 20 तथा कांग्रेस 18 सीटों पर चुनाव लड़ेगी तथा शेष 10 सीटों पर श्री शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अपने उम्मीदवार उतारेगी। एमवीए के सूत्रों ने बताया कि राजू शेट्टी के नेतृत्व वाले स्वाभिमानी शेतकारी संगठन जैसे छोटे दलों को अपने संबंधित गठबंधन सहयोगियों से सीटें मिलेंगी।

### उग्रवादी संगठन के तीन सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल वेस्ट जिले से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी-एन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि उनके पास से पांच मोबाइल फोन और चार लाख रुपये भी जब्त किए गए हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इसका संदेह है कि उनके पास से जो हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं वे सुरक्षा बलों से लूटे गए थे। पुलिस ने इनकी पहचान एल एलिन, हेरिश माइबम और बेला ओइनम के रूप में की है।

# देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा: प्रधानमंत्री

## झारखंड की रैली में बोले मोदी, हम लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेंगे


बरवाअड्डा (झारखंड), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेगा क्योंकि देश को 'मोदी की गारंटी' पर भरोसा है। मोदी ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर योजनाओं के कार्यान्वयन में रुकावटें पैदा करने का आरोप लगाते हुए झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर होने के साथ ही सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ''जमकर खाओ'' का पर्याय बन गया है। प्रधानमंत्री ने धनबाद जिले के बरवाअड्डा में 'विजय संकल्प महारैली' को संबोधित करते हुए कहा-आगामी लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार क्योंकि देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है... जहां भी मैं जाता हूं, यही नारा सुनाई देता है। जहां दूसरों से सारी उम्मीदें खत्म होती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है।

उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों की मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी और लोगों की मेहनत का भुगतान पूरे ब्याज सहित मिलेगा। प्रधानमंत्री ने लोगों का अभिवादन "जोहार" (आदिवासी अभिवादन और स्वागत) कहकर किया। उन्होंने कहा-चाहे वे (इंडिया गुट) कितना भी कीचड़ उछालें, (भाजपा का प्रतीक) कमल हर जगह खिलेगा। मोदी ने कहा कि सत्तारूढ़ झामुमो आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है और उसकी तुष्टीकरण नीतियों के कारण घुसपैठ हुई है।

उन्होंने कहा-झामुमो का मतलब 'जमकर खाओ' से है। तुष्टीकरण बढ़ रहा है, रंगदारी चरम पर है। झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने झारखंड के लोगों को केवल लूटने का काम किया है और अघोषित संपत्ति का पहाड़ खड़ा कर दिया है।'' मोदी ने जाहिर तौर पर झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू के परिसर से 350 करोड़ रुपये से अधिक नकदी की बरामदगी का जिक्र करते हुए कहा-मैंने अपने जीवन में नोटों के ऐसे बंडल पहले कभी नहीं देखे।

### मोदी ने किया 35,700 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण



मोदी ने 35,700 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने धनबाद जिले के सिन्द्री में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) का 8,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित उर्वरक संयंत्र राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा-मोदी द्वारा जो भी योजनाएं बनाई जा रही हैं, उनका 'इंडी' गठबंधन द्वारा विरोध किया जा रहा है। हमने कोविड के दौरान गरीबों को मुफ्त राशन दिया...चाहे वे कितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी। मोदी ने कहा-इंडी गठबंधन जल जीवन मिशन, आवास योजना और अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधाएं पैदा कर रहा है। झारखंड में जल जीवन मिशन में 50 प्रतिशत से भी कम काम हुआ है।

## न्यायालय ने आसाराम की याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बलात्कार के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम की उस याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार किया जिसमें उसने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से सजा निलंबित करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी से राहत के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा। रोहतगी ने अदालत को सूचित किया था कि आसाराम सरकारी वकील के इस बयान को मानने के लिए तैयार हैं कि वह महाराष्ट्र के खोपोली में माधवबाग हार्ट हॉस्पिटल में पुलिस हिरासत में रहते हुए इलाज करा सकते हैं। इस पर पीठ ने आसाराम से कहा कि वह माधवबाग हार्ट हॉस्पिटल में इलाज कराने के संबंध में राजस्थान हाईकोर्ट के समक्ष अर्जी दाखिल करें।

## टुंडा को बरी करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

**ट्रेन बम विस्फोट मामला**

सीबीआई 1993 के सिलसिलेवार ट्रेन विस्फोट मामले में अजमेर की एक विशेष अदालत द्वारा अब्दुल करीम टुंडा को बरी किए जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एजेंसी ने कहा कि मामले में अब तक 12 लोगों को दोषी ठहराया गया है, जिनमें इरफान और हमीर-उल-उद्दीन भी शामिल हैं, जिन्हें बृहस्पतिवार को टाडा अदालत के न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने टुंडा को बरी कर दिया। एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि वे फैसले का अध्ययन कर रहे हैं और जल्द ही उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की जाएगी। टाडा अदालत के आदेशों को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाती है। साल 1993 में पांच-छह दिसंबर की मध्यरात्रि लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में राजधानी एक्सप्रेस सहित लंबी दूरी की छह रेलगाड़ियों में सिलसिलेवार विस्फोट हुए थे। विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और 22 अन्य घायल हुए थे। संबंधित मामले को सीबीआई को सौंप दिए गए थे, जिसने मामले में पांच अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की थीं। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा-जांच से पता चला कि विभिन्न आरोपियों ने अयोध्या में विवादित ढांचे को ढहाए जाने की घटना को एक साल होने पर बड़े पैमाने पर जनता में दहशत फैलाने और रेलगाड़ियों में बम विस्फोट जैसे आतंकी कृत्यों को अंजाम देकर आपराधिक साजिश रची थी।

## आचार संहिता का उल्लंघन करने पर समाचार चैनलों पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** न्यूज ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी (एनबीडीएसए) ने नफरत और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने वालेकार्यक्रमों के लिए कुछ टीवी चैनलों पर जुर्माना लगाकर इन्हें अपनी वेबसाइट से हटाने का निर्देश दिया है। एनबीडीएसए ने कहा कि ये कार्यक्रम ठीक नहीं हैं। एनबीडीएसए ने कार्यकर्ता इंद्रजीत घोरपड़े की शिकायतों के आधार पर "लव जिहाद" पर आधारित कार्यक्रमों के लिए 'टाइम्सनाउ नवभारत' पर एक लाख रुपये और 'न्यूज18 इंडिया' पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं हिंसा की कवरेज को लेकर एनबीडीएसए ने आजतक चैनल को चेतावनी दी है।

## जेएनयू में एबीवीपी और वाम समर्थित गुटों के बीच झड़प

नई दिल्ली, एजेंसी

- कुलपति ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी, शिकायत दर्ज

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में चुनाव समिति के सदस्यों के चयन को लेकर दो समूहों के बीच बृहस्पतिवार रात झड़प में कुछ छात्र घायल हो गए, जिसके बाद कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने शुक्रवार को कहा कि इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ उनकी राजनीतिक संबद्धता की परवाह किए बिना कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह झड़प विश्वविद्यालय के भाषा संस्थान की इमारत में बृहस्पतिवार देर रात हुई।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और वाम समर्थित समूहों के छात्रों ने एक-दूसरे के खिलाफ वसंत कुंज उत्तर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि कई छात्रों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा-हमें परिसर में झड़प होने की जानकारी देर रात एक बजकर 15 मिनट पर मिली जिसमें कम से कम चार छात्र घायल हो गए हैं।

## सांसदों की चौबीसों घंटे डिजिटल निगरानी की अनुरोध करने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बेहतर प्रशासन के लिए सांसदों एवं विधायकों की चौबीसों घंटे डिजिटल निगरानी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया और कहा कि ''निजता का अधिकार नाम की भी कोई चीज होती'' है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से पूछा गया कि क्या अदालत सांसदों की गतिविधियों पर चौबीसों घंटे नजर रखने के लिए उनके शरीर में कोई ''चिप'' लगा सकती है।

## जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट नहीं मांगे

नई दिल्ली, एजेंसी

**निर्वाचन आयोग की हिदायत**




निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से कहा कि वे जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट मांगने से परहेज करें तथा भक्त एवं भगवान के बीच के संबंधों का उपहास नहीं उड़ाएं अथवा दैवीय प्रकोप का हवाला नहीं दें। राजनीतिक दलों के लिए जारी परामर्श में आयोग ने कहा कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों के खिलाफ 'नैतिक भर्त्सना' के बजाय कठोर कार्रवाई की जाएगी।

निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा कि मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारे या कोई अन्य पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए। लोकसभा चुनाव एवं चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए आचार संहिता लागू होने से कुछ दिनों पहले यह परामर्श जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पहले नोटिस मिला है, उन्हें आदर्श आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन के लिए कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हाल में इस बात पर जोर दिया था कि राजनीतिक दलों को ऐसे नैतिक और सम्मानजनक राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देना चाहिए जो विभाजन के बजाय प्रेरित करता हो, व्यक्तिगत हमलों के बजाय विचारों को बढ़ावा देता हो। आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि इस परामर्श ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब औपचारिक रूप से नैतिक राजनीतिक विमर्श के लिए मंच तैयार कर दिया है और 2024 के आम चुनावों में अव्यवस्था की आशंका पर अंकुश लगाया है। उनका यह भी कहना है कि चुनाव आचार संहिता के लिए उल्लंघन को लेकर व्यवस्थित दृष्टिकोण ने सभ्य चुनावी अभियान के लिए जमीन तैयार की है।

## रिज क्षेत्र में वनों की कटाई के आरोपों पर सेना से जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुकवार को सेना से राष्ट्रीय राजधानी के दिल्ली छावनी क्षेत्र में 'सेंट्रल रिज' के एक हरित हिस्से में पेड़-पौधों की कटाई के आरोपों पर जवाब मांगा। न्यायमूर्ति तुषार राव गदेला ने रिज के परिरक्षण एवं संरक्षण की अनुरोध संबंधी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए वहां तैनात सैन्य इकाई के अधिकृत अधिकारी को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और सैन्य प्रशासन को वैसी गतिविधियां बंद करने की सलाह दी जिनसे वनों की कटाई हो। जब केंद्र सरकार के वकील ने सेना द्वारा पेड़ों की कटाई से इनकार किया तब न्यायमूर्ति गदेला ने कहा- पेड़ लगाने जैसे सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

## नीतियों में खामियों के कारण अवैध निर्माण में हुई वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी



उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि शहरी आवास नीतियों में खामियों के कारण अवैध निर्माण में वृद्धि हुई है। न्यायालय ने कहा कि शहरीकरण नीतियों में खामियां हैं और अवैध निर्माण में वृद्धि का एक मुख्य कारण लोगों को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने में सरकार की 'विफलता' है। न्यायालय ने यह स्वीकार किया कि आवास पाने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। इसके साथ ही उसने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की आवश्यकताओं और जमीनी स्तर पर सरकार के कदमों के बीच नीतियों में बहुत बड़ा अंतर है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने ये टिप्पणियां लखनऊ के अकबर नगर में वाणिज्यिक और आवासीय इकाइयों को ढहाए जाने से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान की और इस मामले में न्यायालय ने इकाइयों को ढहाए जाने पर अंतरिम रोक लगा दी। पीठ ने कहा-आवास को लेकर रुख स्पष्ट रखना चाहिए। एक समस्या है। हमारी शहरीकरण नीतियों में खामियां हैं। वास्तव में, हमने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। कहीं न कहीं, हमें यह सुनिश्चित करना होगा... सभी जानते हैं कि पलायन शहरों की ओर होता है। लेकिन आवश्यकताओं और हम जमीनी स्तर पर क्या करने में सक्षम हैं, इन नीतियों के बीच बहुत बड़ा अंतर है। पीठ ने कहा-दिल्ली में इतनी सारी अनधिकृत कॉलोनियां क्यों हैं? क्योंकि डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) को यह भी नहीं पता कि 60-70 प्रतिशत जमीन कहां है। सभी का अधिग्रहण कर लिया गया है। उच्चतम न्यायालय लखनऊ के अकबर नगर में वाणिज्यिक इकाइयों को ढहाये जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एस मुरलीधर और शोएब आलम ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 27 फरवरी को ढहाने का काम शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक इकाइयों के साथ-साथ आवासीय मकानों को भी गिराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि नदी के किनारे सरकारी भूमि पर बने आवासीय मकानों को ढहाने से संबंधित मामला इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है और फैसला सुरक्षित रखा गया है।

# भारत के विरुद्ध गलत बयानबाजी पड़ी भारी थाईलैंड की राजदूत को डब्ल्यूटीओ ने पद से हटाया

अबू धाबी, एजेंसी

- यूएई में आयोजित डब्ल्यूटीओ की बैठक में चावल निर्यात को लेकर हुई थी तीखी बयानबाजी

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक में भारत के चावल निर्यात को लेकर गलत बयानबाजी और भारत की छवि को धक्का पहुंचाने की कोशिश थाईलैंड की राजदूत पिमचोंक वोनकोर्पोन पिटफिल्ड को भारी पड़ गई। उनके रवैये पर भारत की कड़ी आपत्ति के बाद डब्ल्यूटीओ ने थाईलैंड की राजदूत को राजनयिक पद से हटा दिया है।

अबू धाबी में मंत्री स्तर का 13वें सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जहां दो दिन पहले अनाज के पब्लिक स्टाकहोल्डिंग (पीएसएच) मुद्दे पर चर्चा के दौरान थाईलैंड की राजदूत ने भारत के बारे में गलत बयानबाजी करते हुए कहा था कि भारत सस्ते में अनाज की सरकारी खरीद कर उसका 40 प्रतिशत निर्यात कर देता है। जबकि यह अनाज की खरीदारी गरीबों को देने के लिए की जाती है। पिटफिल्ड के इस बयान पर चर्चा में मौजूद कई देशों ने अपना समर्थन दिया, जो भारत को नागवार गुजरा है।

असलियत यह है कि भारत अपने अनाज उत्पाद का 40 प्रतिशत हिस्से की सरकारी खरीद करता है। अन्य हिस्सा खुले बाजार में बेचा जाता है। सरकारी खरीद वाले हिस्से का निर्यात नहीं किया जाता है। भारत अपनी खाद्य सुरक्षा के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज की खरीदारी करता है, जिसे गरीबों को राशन के तहत मुफ्त में या कम दाम में दिए जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक वैश्विक मंच पर गरीब व विकासशील देशों के नेता के रूप में उभर रहे भारत के विकास में विकसित देश टांग अड़ाना चाहते हैं। थाईलैंड की राजदूत भी इन विकसित देश की शह पर ही एमसी13 में भारत के अनाज निर्यात के बारे में गलत बयानबाजी की थी। इस बयानबाजी के बाद भारत ने डब्ल्यूटीओ अध्यक्ष से कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए साफ कह दिया था कि पिटफिल्ड को डब्ल्यूटीओ से हटाने के बाद ही भारत पीएसएच मुद्दे पर चर्चा में हिस्सा लेगा। दूसरी तरफ नई दिल्ली में मौजूद थाईलैंड के राजदूत को भी भारत ने तलब कर पिटफिल्ड के गलत बयानबाजी पर आपत्ति जाहिर की थी। अब उन्हें डब्ल्यूटीओ में था, इंईलैंड के राजदूत पद से मुक्त कर दिया गया है।

# राज्यसभा के 33 फीसदी सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले



नई दिल्ली, एजेंसी। राज्यसभा के मौजूदा 225 सदस्यों में से 33 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है, जबकि इन सांसदों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है। चुनाव अधिकार निकाय एडीआर ने सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण के आधार यह जानकारी दी है। इसके अलावा इन सांसदों में से 31 यानी 14 प्रतिशत अरबपति हैं।



**14** प्रतिशत अरबपति सांसद 19,602 करोड़ रुपये है कुल संपत्ति

**28** कांग्रेस सांसदों में से 50 प्रतिशत के खिलाफ हैं मामले दर्ज

### इतने सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने कहा है कि 18 प्रतिशत सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज है, जिनमें हत्या और हत्या के प्रयास के मामले शामिल हैं। एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) द्वारा किए गए विश्लेषण में दो राज्यसभा सदस्यों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत हत्या से संबंधित मामलों, जबकि चार सांसदों ने धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की जानकारी दी है।

### 225 राज्यसभा सदस्यों में से 75 के खिलाफ आपराधिक मामले

रिपोर्ट के अनुसार, राज्यसभा के 225 मौजूदा सदस्यों में से 75 (33 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक और 40 (18 प्रतिशत) ने गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। विश्लेषण में सांसदों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की राजनीतिक दलों के लिहाज से भी पड़ताल की गई। इस मामले में भाजपा सबसे आगे रही, जिसके 90 राज्यसभा सदस्यों में से 23 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। कांग्रेस के 28 सांसदों में से 50 प्रतिशत के खिलाफ ऐसे मामले दर्ज हैं।

### राज्यसभा में प्रति सांसद 87.12 करोड़ रुपये है औसत संपत्ति



राज्यसभा सदस्यों की संपत्ति की भी पड़ताल की गई, जिसमें पता चला कि प्रति सांसद औसत संपत्ति 87 .12 करोड़ रुपये है। आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न राजनीतिक दलों की संपत्ति में महत्वपूर्ण असमानताएं सामने आईं। प्रमुख दलों में भाजपा के 90 में से 9 (10 प्रतिशत), कांग्रेस के 28 में से 4 (14 प्रतिशत), वाईएसआरसीपी के 11 में से 5 (45 प्रतिशत), आप के 10 में से 2 (20 प्रतिशत), टीआरएस के चार में से 3 (75 प्रतिशत) और राजद के 6 सांसदों में से 2 (33 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। विश्लेषण के अनुसार राज्यसभा के मौजूदा सदस्यों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है।

## एक नजर

### सॉफ्टवेयर नहीं समझा लीप वर्ष, देश के कई पेट्रोल पंप बंद

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड में 29 फरवरी यानी लीप ईयर पर देश के कई पेट्रोल पंपों ने काम करना बंद कर दिया। दरअसल पेमेंट सॉफ्टवेयर, फ्यूल स्टेशनों और पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर में लीप ईयर की तारीख दर्ज नहीं होने से तकनीकी गड़बड़ी हुई। सॉफ्टवेयर ग्लिच की वजह से पेट्रोल पंपों पर पेमेंट नहीं हो पाने से फ्यूल नहीं भरे गए। इससे देशभर में लोग परेशान हुए।

### मॉस्को में एलेक्सी नवलनी का अंतिम संस्कार, एकत्रित हुए लोग

**मॉस्को।** रूस में विपक्ष के नेता रहे एलेक्सी नवलनी के सगे-संबंधी और समर्थक दक्षिण-पूर्वी मास्को में शुक्रवार को उनके अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में शामिल हुए। नवलनी की मृत्यु के बाद, उनके शव को प्राप्त करने के लिए परिवार के सदस्यों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। नवलनी को सरकार में भ्रष्टाचार और रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के लिए जाना जाते थे। उनके समर्थकों ने कहा है कि मास्को में कई गिरिजाघरों ने उनके लिए प्रार्थना सभा का आयोजन करने से इनकार दिया, लेकिन आखिरकार मारयिनो जिला स्थित एक गिरिजाघर ने इसकी अनुमति दे दी।



### दुनिया में पहली बार दुबई में जेट सूट रेस हुई, कोल्फन बने विजेता

**दुबई।** यूएई के दुबई ने बुधवार को एक और इतिहास रचा। यहां दुनिया की पहली जेट सूट रेस आयोजित की गई। इसमें 8 अलग-अलग देशों के आठ प्रतिभागी शामिल हुए। ब्रिटेन के इसा कोल्फन इसके विजेता बने।

### अमेरिका: फ्लॉक सेफ्टी गाड़ियों के सर्विलांस से अपराध घटाने का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की स्टार्टअप कंपनी 'फ्लॉक सेफ्टी' गाड़ियों का सर्विलांस कर अमेरिका में अपराध कम करने का दावा कर रही है। 2017 में शुरू हुई कंपनी को डेलायट ने 2023 में फास्ट 500 कंपनियों की लिस्ट में शामिल किया है। कंपनी सड़कों पर कैमरे लगाती है। कारों की नंबर प्लेट स्कैन कर दर्ज अपराधों से मैच करती है। दावा है कि इससे अमेरिका में 25 फीसदी अपराध कम कर देगी, लेकिन 5 राज्यों में बैन हो गई। कंपनी ने कहा कि जिन राज्यों ने लगे प्रतिबंध को हटाने के लिए सरकार से वार्ता की है। सरकार के आदेश तक राज्यों में लगा प्रतिबंध जारी रहेगा।

# बांग्लादेश में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग, 46 की मौत

## 22 लोग घायल, दमकलकर्मियों ने दो घंटे में आग पर पाया काबू

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में गुरुवार देर रात आग लगने से बहुत बड़ा हादसा हो गया। राजधानी ढाका में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग में कम से कम 46 लोगों की मौत हो गई जबकि 22 अन्य घायल हुए हैं।

बांग्लादेश के स्वास्थ्य मंत्री सामंत लाल सेन ने ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल और निकटवर्ती बर्न अस्पताल का दौरा करने के बाद बताया कि आग से अब तक 46 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। उन्होंने कहा- हालात को काबू में करने के लिए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अग्निशमन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौके पर मुस्तैद है। बचाव अभियान जारी है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी मोहम्मद शिहाब ने कहा कि आग ढाका के बेली रोड़ के एक लोकप्रिय बिरयानी रेस्तरां में रात 9:50 बजे लगी। उन्होंने बताया कि आग तेजी से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई, जिससे कई लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने दो घंटे में आग पर काबू पा लिया। वहीं, अग्निशमन सेवा के एक बयान में कहा गया है कि उन्होंने 75 लोगों को जिंदा बचाया।




ढाका में गुरुवार देर रात इमारत में धधकती आग, दूसरी तरफ आग पर काबू पाते अग्निशमन कर्मी।

### प्राथमिक इलाज के बाद 75 घायलों को घर भेजा

स्वास्थ्य मंत्री सेन ने बताया कि आग गुरुवार देर रात लगी है। घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। ढाका मेडिकल कॉलेज में 33 तो शेख हसीना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 10 लोगों की मौत हुई है। वहीं, केंद्रीय पुलिस अस्पताल में एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। वहीं, आईजीपी चौधरी अब्दुल्ला अल मामून ने बताया कि अब तक 75 लोगों को बचा लिया गया है। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है।

बचाव अभियान में जुटे अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि अधिकतर लोगों की मौत इमारत से कूदने और जलने के कारण हुई है। कई लोगों ने दम घुटने से जान गंवाई है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग पहली मंजिल पर स्थित कच्ची भाई रेस्तरां में रात करीब 9.45 लगी, जो काफी तेजी से अन्य रेस्तरां तक फैल गई। जिस समय आग लगी, वह होटलों के लिए व्यस्ततम समय होता है।

# 5 साल बाद रिहा होने के कुछ घंटों बाद फिर गिरफ्तार हुए सुल्तान

**श्रीनगर।** पांच साल से अधिक समय बाद रिहा हुए कश्मीरी पत्रकार आसिफ सुल्तान को कुछ घंटों बाद ही दुबारा गिरफ्तार किया गया।

गुरुवार को उत्तर प्रदेश की जेल से सुल्तान को रिहा किया गया था। सुल्तान के परिवार और कानूनी सूत्रों ने बताया कि सुल्तान को श्रीनगर के रैनावारी थाना में दर्ज 2019 के एक मामले में दोबारा गिरफ्तार किया गया है। एक वकील ने कहा, घर पहुंचने के कुछ घंटों बाद, उन्हें बटमालू थाना की पुलिस ने बुलाया कुछ घंओं बाद रैनावाड़ी थाने में हिरासत में ले लिया।

उन्होंने कहा- शाम को रैनावारी थाना पुलिस से जानकारी मिली कि पांच अप्रैल, 2019 को श्रीनगर की सेंट्रल जेल में हुए दंगे से संबंधित मामले में सुल्तान को हिरासत में लिया गया है। बता दें, संबंधित मामले में सुल्तान समेत 21 आरोपी हैं, जिनमें से कुछ को पहले ही जमानत मिल चुकी है। गिरफ्तारी के बाद श्रीनगर की एक अदालत ने सुल्तान को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सुल्तान को 2018 में आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया था और मंगलवार शाम को यूपी के अंबेडकर नगर जेल से रिहा कर दिया गया।

# नई सरकार को मान्यता न दें जब तक पारदर्शी जांच न हो

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी सांसदों ने पाकिस्तान को लेकर बाइडन को लिखा पत्र, चुनाव धांधली में जांच की मांग

अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। पत्र लिखने वालों में सत्तारूढ़ डेमोक्रेट के मुस्लिम सांसद भी शामिल हैं।


पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव हुए। जिसके बाद त्रिशंकु परिणाम सामने आए थे। कोई भी दल बहुमत के आंकड़े को पार नहीं कर पाया था। पत्र में सांसदों ने पाकिस्तान के हालिया संसदीय चुनाव में हुई धांधली पर चिंता जताई। इसमें उन्होंने अमेरिकी सरकार से अनुरोध किया कि वह पाकिस्तान में नई सरकार की मान्यता को तब तक रोके रखें, जब तक चुनाव में हेराफेरी की पूरी तरह से पारदर्शी और विश्वसनीय जांच नहीं हो जाती। पत्र में आगे कहा गया, इस्लामाबाद लंबे समय से अमेरिका का सहयोगी रहा है। यह अमेरिका के हित में है कि वह सुनिश्चित करे कि पाकिस्तान में लोकतंत्र का विकास हो।



### इमरान समर्थित अमीन बने खैबर पख्तूनख्वा के नए वजीर-ए-आला

**पेशावर।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार अली अमीन गंडापुर को शुक्रवार को अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का मुख्यमंत्री चुना गया। वहीं, इससे पहले नवनिर्वाचित स्पीकर बाबर सलीम स्वाति ने गुरुवार को खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी, जिन्होंने विधानसभा सत्र की अध्यक्षता की। 106 सदस्यीय विधानसभा में पीटीआई समर्थित उम्मीदवार गंडापुर ने अपने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रतिद्वंद्वी डॉ इबादुल्ला खान के खिलाफ 90 वोट हासिल किए।

### इवांका समेत जामनगर पहुंचीं कई हस्तियां...



**जामनगर :** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और होने वाली बहू राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी शुक्रवार से 3 मार्च तक चलेगी। इसमें शामिल होने के लिए हॉलीवुड और बॉलीवुड की कई हस्तियां जामनगर पहुंच रही हैं। गुरुवार को अमेरिकी पॉप सिंगर रिहाना अपनी टीम के साथ जामनगर पहुंचीं हैं। शुक्रवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप भी पहुंच गई हैं, उनके अलावा, सिंगर जे ब्राउन, निकी मिनाज, एडम ब्लैकस्टोन और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग यहां पहुंच चुके हैं। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, शाहरुख खान, अर्जुन कपूर सहित कई बॉलीवुड स्टार भी जामनगर पहुंच गए हैं। ● एजेंसी

# आतंकवाद -नशीले पदार्थों पर कसेगी नकेल

वाशिंगट, एजेंसी

- रणनीतिक साझेदारी मजबूत कर रहे भारत-अमेरिका, दोनों देशों ने व्यक्त की सहमति

भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग बढ़ाने के मकसद से गृह सचिव अजय भल्ला और अमेरिकी उपसचिव क्रिस्टी कैनेगलो के बीच वार्ता हुई। दोनों शीर्ष अधिकारियों ने ड्रग्स यानी मादक पदार्थों की समस्या से निपटने, आतंकवाद, साइबर अपराध और सीमा शुल्क जैसे मुद्दों पर भी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। अनियमित प्रवासन के मुद्दे पर भी बात की गई।

अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक दोनों देशों ने 27-29 फरवरी के बीच नई दिल्ली में वार्ता की। भारत और अमेरिका के बीच बैठक के दौरान केंद्रीय गृह सचिव



गृह सचिव अजय भल्ला के साथ मौजूद अमेरिकी उपसचिव क्रिस्टी कैनेगलो।

अजय भल्ला और क्रिस्टी कैनेगलो ने आव्रजन कानून लागू करते हुए वैध आव्रजन मार्गों तक पहुंच के विषय पर भी मंथन किया।

इस कानून के तहत जरूरतमंद नागरिकों की वापसी को लेकर अमेरिका और भारत ने प्रतिबद्धता जताई है। ऐसे लोगों के पास अमेरिका में रहने का कानूनी आधार नहीं होता। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक कमजोर प्रवासियों का शिकार और उनसे लाभ कमाने वाले तस्करों पर नकेल कसने के लिए दोनों देश आपस में कानूनी रूप से सहयोग करेंगे।

होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग के दौरान भारत और अमेरिका के बीच यूएस-इंडिया काउंटरनारकोटिक्स वर्किंग ग्रुप के योगदान पर भी चर्चा की गई। दोनों देशों के बीच दवा नियामक से जुड़े मुद्दों, कानून प्रवर्तन सहयोग और बहुपक्षीय मंचों में समन्वय जैसे बिंदुओं पर काम करती है। दवा की मांग में कमी से निपटने को लेकर होने वाले संयुक्त प्रयासों के मामले में भी यूएसआईसीडब्लूजी मार्गदर्शन करता है।

# कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का निधन

**टोरंटो।** कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया, उनकी बेटी ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। कैरोलीन मुलरोनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश के 18वें प्रधानमंत्री का परिवार के बीच निधन हो गया।



मुलरोनी परिवार ने कहा कि पिछली गर्मियों में 2023 की शुरुआत में प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के बाद हुई हृदय प्रक्रिया के बाद उनमें रोजाना सुधार हो रहा था। उन्होंने कई सालों तक राजनीति में पर्दे के पीछे से काम किया।

# अमेरिका के निजी मून लैंडर ओडीसियस से संपर्क टूटा

वाशिंगटन, एजेंसी

- लैंड करते समय चंद्रमा पर फंस गया था एक पैर, कंपनी ने कहा-मून लैंडर ने काम करना बंद कर दिया

करीब 50 साल बाद पिछले महीने अमेरिका का निजी अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर उतरा। ओडीसियस लैंडर जब चंद्रमा की सतह पर उतरा तो कुछ खराबी के चलते टीम का अंतरिक्ष यान से संपर्क टूट गया था। नासा ने बताया था कि उतरते समय मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया था। इससे यह एक ओर झुक गया है। हालांकि, अब बताया जा रहा है कि एक हफ्ते बाद गुरुवार को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया।

बता दें, यह तब पता चला जब वैज्ञानिकों को अपने कंप्यूटर और पावर सिस्टम को स्टैंडबाय मोड में प्रवेश करने का निर्देश देने से पहले ओडीसियस से एक आखिरी तस्वीर मिली। स्टैंडबाय मोड का



उद्देश्य लैंडर की क्षमता को दो से तीन हफ्ते तक और काम करने के लिए बनाया गया था।

इंटुएटिव मशीन्स के प्रवक्ता जोश मार्शल ने बताया कि अंत में हुईं क्रियाओं ने लैंडर की बैटरियों को खत्म कर दिया, जिससे ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया है। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'गुड नाईट ओडी। उम्मीद करते हैं यह फिर से काम करना शुरू करेगा।

**विज्ञान** एचडी 110067 सोलर सिस्टम बना खगोल वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र

# एलियंस के ठिकाने को लेकर वैज्ञानिकों की जगी उम्मीद


नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** परग्रहियों की तलाश में एक ऐसे सोलर सिस्टम का पता चला है, जहां एलियंस का ठिकाना हो सकता है। इस ग्रहमंडल का नाम एचडी 110067 है। जिसमें हमारे ग्रहों की तरह छः ग्रह अपने तारे की परिक्रमा करते हैं। एलियंस की संभावना को लेकर यह सोलर सिस्टम दुनिया के खगोल वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बन गया है।

इस सोलर सिस्टम को पिछले साल के अंत में खोजा गया था। यह हमसे काफी करीब है, सिर्फ 100 प्रकाश वर्ष दूर है। नजदीक होने के कारण इसे हमारा पड़ोसी सौर मंडल भी माना जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि गणितीय आधार इसके ग्रह अपनी कक्षाओं में सही दूरी के साथ अपने मेजबान तारे के बहुत करीब से चक्कर लगाते हैं। एलियंस की खोज में जुटे वैज्ञानिकों का कहना है कि इसमें पृथ्वी के समान उन्नत जीवन मौजूद हो सकता है। भले ही जीवन किसी अन्य रूप में हो, लेकिन एक बड़ी उम्मीद तो जगी ही है। इस ग्रह मंडल की जांच पड़ताल अभी जारी है और जितने अधिक खगोल वैज्ञानिक इसके अध्ययन में जुटेंगे, परिणाम उतने ही जल्दी सामने आएंगे।

बहरहाल 6 ग्रहों वाले इस सोलर सिस्टम में आगे की तलाश में वैज्ञानिको के एक वर्ग में होड़ लगी है। दूसरे ग्रहों पर जीवन की खोज में जुटे वैज्ञानिकों के लिए यह बड़ा अवसर है और उनकी दशकों पुराने एलियंस की तलाश में विराम लग सकता है।

बहरहाल खगोलविदों के लिए यह दिलचस्प लक्ष्य बना हुआ है और आने वाले दिनों में लोगों की जिज्ञासा भी इस तलाश के प्रति रहेगी।



इस सोलर सिस्टम में हो सकता है एलियन का ठिकाना।

### भूसे में सुई ढूंढ़ना जैसे है एलियंस की तलाश

भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बंगलुरू के सेनि वैज्ञानिक प्रो आरसी कपूर कहते हैं कि भूसे में सुई ढूंढ़ना जैसी है एलियंस की तलाश । क्या हम इस ब्रह्मांड में अकेले हैं, यह ऐसा प्रश्न है, जिसका हल ढूंढ़ने के लिए कई दशकों से अध्ययन कर रहे हैं, जबकि शायद सदियों से इस बारे में सोचा जाता रहा है। मगर अभी यह तलाश जारी है और तब तक रहेगी, जबतक एलियंस का पता नहीं चल जाता।

# ईरान के लोग आज चुनेंगे अपना राष्ट्रपति, 59 हजार केंद्र बने

दुबई, एजेंसी

- हिजाब की अनिवार्यता संबंधी कानूनों के विरोध-प्रदर्शन के बाद होगा संसदीय चुनाव

हिजाब की अनिवार्यता संबंधी कानूनों के विरोध में 2022 में हुए व्यापक प्रदर्शनों के बाद ईरान के पहले संसदीय चुनाव हो रहा है। आज लोग देश के सर्वोच्च नेता यानी राष्ट्रपति को चुनने के लिए मतदान करेंगे। इसके लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं। 2022 के संसदीय चुनावों के बाद देश काफी चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस चुनाव को लोकतांत्रिक सुधार, पश्चिमी देशों के साथ तकरार और खराब अर्थव्यवस्था की कसौटी पर परखा जा रहा है।

ईरान में हर चार साल में फ्रांसीसी चुनाव प्रणाली की तर्ज पर चुनाव होते हैं। पहले दौर के मतदान में अगर किसी उम्मीदवार को 50 फीसदी से ज्यादा वोट नहीं मिले, तो दूसरे दौर में सबसे ज्यादा वोट पाने वाले दो उम्मीदवारों के लिए वोट डाले जाते हैं। मतदाताओं की आयु कम से कम



18 वर्ष होनी चाहिए। करीब 8.5 करोड़ आबादी वाले देश में 6.12 करोड़ से अधिक लोग मतदान करने के पात्र हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में 59 हजार मतदान केंद्र होंगे। इसमें से तेहरान में पांच हजार और तेहरान के व्यापक प्रांत में 6,800 केंद्र बनाए गए हैं।1,700 मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने सेना के साथ बासिज बलों को निगरानी के लिए तैनात किया है।